GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-18-09-2024

# भ्रष्टाचार के जुर्म में एक को पांच साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** भ्रष्टाचार का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम प्रवीण कुमार सिंह ने सहायक अभिलेख अधिकारी कार्यालय के निलंबित वरिष्ठ सहायक सुशील कुमार को पांच साल के कठोर कारावास एवं 50 हजार रूपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम त्रिपाठी का कहना था कि शिकायतकर्ता 23 अप्रैल, 2022 को एक शिकायती प्रार्थना पत्र भ्रष्टाचार निवारण संगठन को दिया। उसका कहना था की वह सर्वे चेन मैन के पद पर सहायक अभिलेख अधिकारी कार्यालय में नियुक्त है। उसने अपनी पत्नी के इलाज से संबंधित प्रतिपूर्ति बिल वांछित प्रोफार्मा तैयार कर 233315 रुपए का अपने कार्यालय में 15 मार्च, 2022 को भुगतान हेतु जमा किया। उसी के संबंध में 16 मार्च, 2022 को वह अभियुक्त सुशील कुमार से मिला तो उन्होंने प्रतिपूर्ति पर मुख्य चिकित्साधिकारी से मंजूर कराए जाने के एवज में शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग किया। शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि अभियुक्त को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़वाना चाहता था। शिकायतकर्ता की शिकायत पर एक ट्रैप टीम का गठन हुआ और अभियुक्त को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया।

# पटना का सप्लायर भी भेजता था फर्जी स्टांप, तलाश

**फॉलोअप**

- नवाब आरजू के मोबाइल में वाट्सएप पर धंधे से जुड़ी बातचीत के मैसेज मिले
- जाली नोट मिलने के बाद से ही फिरोजाबाद के अर्पित जैन की तलाश में लगी एटीएस

फर्जी स्टांप प्रकरण में नवाब आरजू को रिमांड पर लिया गया था। उसने कई और नाम बताए हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रह है। कैंट थाने से वांछित अर्पित जैन की तलाश में पुलिस की एक टीम लगी है। उसके ठिकाने पर टीम ने छापा भी मारा था।
-अंशिका वर्मा, सीओ कैंट



**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** जाली स्टांप के मास्टर माइंड नवाब आरजू ने स्टांप सप्लाई में पटना के एक सप्लायर की भूमिका अहम बताई है। वह गोरखपुर में रहकर बिहार से आने वाले जाली नोट और फर्जी स्टांप को निश्चित ठिकाने तक पहुंचाता है। यही नहीं इसके अलावा भी उसने कई नाम पुलिस को बताए हैं, जिसके बाद पुलिस की एक टीम गोपनीय तरीके से उसकी तलाश में लग गई है। पुलिस शातिर सप्लायर को पकड़ने के लिए पटना पुलिस से भी मदद ले रही है।

नवाब आरजू ने रिमांड के दौरान ही लैपटाप, प्रिंटर के साथ ही 200 रुपये के चार जाली नोट बरामद कराया है। अब पुलिस के साथ ही एटीएस इस धंधे में फंडिंग करने वाले आरोपी कैंट थाने के वांछित फिरोजाबाद निवासी अर्पित जैन की तलाश लग गई है। कैंट पुलिस अर्पित का एनबीडब्ल्यू लेकर उसे भगोड़ा घोषित कर इनाम रखने की भी तैयारी में जुट गई है। पुलिस की माने तो इस केस में नामजद आरोपियों के अलावा भी और नए नाम शामिल हो सकते हैं।

पुलिस को नवाब आरजू के मोबाइल में वाट्सएप पर धंधे से जुड़ी बातचीत के मैसेज मिले हैं। फर्जी स्टांप और जाली नोट को कहां-कहां पहुंचाना है, उसे कौन लेकर जाएगा, किन रास्तों से ले जाना है, ऐसे मैसेज भी वाट्सएप पर मिले हैं। इन्होंने वाट्सएप पर एक ग्रुप भी बनाया है, एक मैसेज पर ही सदस्य अलर्ट हो जाते हैं। एक सितबर को एटीएस ने बिहार सिवान के नवाब आरजू और राजू यादव को पकड़ा। इसकी खबर सोशल मीडिया और अखबारों के माध्यम से जैसे ही गैंग के सदस्यों को मिली वह अपना ठिकाना बदलकर दूसरी जगहों पर चले गए। साथ ही अब वे वाट्सएप या मोबाइल भी नहीं चला रहे हैं। कोर्ट ने बुधवार को सुबह सात से रात 10 बजे तक के लिए नवाब आरजू की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर की थी। जिला कारागार से अभिरक्षा में लेकर विवेचक पहले सिवान गए, वहां पहुंचने पर उसने बताया कि मैरवा में रहने वाली बहन के घर पर जाली नोट, प्रिंटर व लैपटाप रखा था। पकड़े जाने के बाद उसकी पत्नी ने गोरखपुर में ले जाकर छिपा दिया है। रात को कैंट पुलिस ने नवाब आरजू की निशानदेही पर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर सात के पास झाड़ी में पड़े बैग से लैपटाप, प्रिंटर के साथ ही 200 रुपये के चार जाली नोट बरामद किए।

# प्रेमिका ज्योति और दीपक को पुलिस ने भेजा जेल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बीते शुक्रवार को खोराबार इलाके के सनहा गांव निवासी बीस वर्षीय आजाद निषाद की



खोराबार में गिरफ्तार आरोपी

**■ खोराबार के सनहा में आजाद हत्याकांड का मामला**

**बीते शुक्रवार को सनहा गांव के बाहर की गयी थी हत्या**

हत्याकांड का दो आरोपी प्रेमिका ज्योति निषाद और दीपक को पुलिस गिरफ्तार कर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार 13 दितम्बर की अल सुबह खोराबार इलाके के आश्नाई के चक्कर में आजाद की हत्या कर दी गयी थी। हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने आजाद की प्रेमिका गांव की रहने वाली ज्योति निषाद पुत्री स्व0 सूर्यनाथ निषाद नि0 ग्राम सनहां थाना खोराबार और हत्या की जानकारी रखने वाला दीपक निषाद पुत्र सूरज निषाद नि0 ग्राम सनहां थाना खोराबार गोरखपुर को गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां जेल भेज दिया गया।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि घटना के दिन के समय मौके पर ज्योति मौजूद थी। वारदात के बाद युवक का शव हत्यारोपित पानी में फेंक कर फरार हो गए थे। ज्योति ने घटना की जानकारी पुलिस को देने की वजाए खुद को घर से गायब हो गयी। आजाद की हत्या की योजान की जानकारी दीपक निषाद को पहले से थी। लिहाजा पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# चोरी के चार मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** आरपीएफ व जीआरपी गोरखपुर की संयुक्त टीम द्वारा रेल यात्रियों से चुराए गए 04 अदद एंड्राइड मोबाइल फोन के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। मंगलवार को जीआरपी गोरखपुर के उप निरीक्षक सुनील कुमार मौर्य मय स्टाफ व आरपीएफ गोरखपुर के एएसआई अयूब खान मय स्टाफ द्वारा मुखबिर खास की सूचना दोनों अभियुक्तों को रेलवे स्टेशन के गेट नंबर एक के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में चोरों ने अपना नाम रोज पुत्र हसमत अली व करण गोड पुत्र शिव शंकर गौड़ निवासी वार्ड नंबर एक, थाना पिपराइच, जिला गोरखपुर बताया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर दशरथ प्रसाद एवं जीआरपी इंस्पेक्टर विजय प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि बरामद चोरी के मोबाइलों की कीमत 80 हजार रुपए है। दोनों अभियुक्तों को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत न्यायालय में रिमांड के लिए पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# जैनपुर चौराहे से एक ही रात चार मोबाइल चोरी, केस

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र जैनपुर चौराहे पर एक ही रात चार अलग - अलग व्यक्तियों की मोबाईल चोरी हो गई। पीडितों के संयुक्त तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी है। विष्णु विश्वकर्मा पुत्र रघुनाथ विश्वकर्मा और संजय सहानी पुत्र रामसेवक चौराहे पर स्थित अपनी अपनी दुकान पर सो रहे थे। अज्ञात चोर उनकी मोबाईल चुरा ले गए। इसी प्रकार चन्द्र केश जयसवाल पुत्र प्रेमनारायण दरवाजा बंद कर घर में सो रहे थे। चोर उनकी दो मोबाईल चुरा ले गए। तीनों पीडितों की संयुक्त तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी।

# चोरी के मोबाइल संग दुकानदार समेत दो दबोचे

गुलरिहा। क्षेत्र में मोबाइल चोरी कर दूसरे जिले में बेचने वाले चोर को पुलिस ने मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी के मोबाइल बेचने वाले दुकानदार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से पुलिस ने चोरी के तीन मोबाइल बरामद कर जेल भेज दिया। जैनपुर निवासी विष्णु विश्वकर्मा के घर सहित अलग-अलग स्थानों से तीन मोबाइल चोरी की घटनाएं हुई थी। मंगलवार की सुबह रामनगर चौराहे एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर ली, जिसकी पहचान फुलवरिया बड़का टोला निवासी नबीउल्लाह के रूप में हुई।

# चार दरोगा, कुशीनगर व महराजगंज के लिए कार्यमुक्त

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एसएसपी ने जिले के चार थाने पर थानेदार पद तैनात रहे चारों थानेदारों को महराजगंज और कुशीनगर जिले में तबादला हो गया था। तबादले के बाद उन्हें कार्यमुक्त करने को आदेश जारी किया गया है। एसएसपी ने गीडा थानेदार पद से हटे उपनिरीक्षक महेन्द्र मिश्रा को कुशीनगर जनपद, कैंपियरगंज थानेदार रहे दीपक कुमार सिंह को कुशीनगर जनपद , खजनी थानेदार रहे शैलेन्द्र कुमार शुक्ला को महराजगंज और चौरीचौरा थानेदार पद से हटाये गए आशीष कुमार सिंह को गोरखपुर से कुशीनगर जिले के लिए तबादले के बाद कप्तान ने सोमवार की रात को कार्यमुक्त करने का आदेश दिया है। एसएसपी ने इन चारों दरोगाओं को 18 सितम्बर को पुलिस लाइन से कार्यमुक्त करने का आदेश देते हुए 18 सितम्बर को डेट फेक्स कर दिया है।

- **निर्वतमान एसओ गीडा महेन्द्र मिश्रा, कैंपियरगंज एसओ दीपक कुमार सिंह**
- **खजनी एसओ शैलेन्द्र शुक्ला और चौरी चौरा थानेदार रहे आषीष कुमार सिंह कार्यमुक्त**

# घूस लेने के मामले में वरिष्ठ सहायक को पांच साल कठोर कारावास एवं अर्थदंड

गोरखपुर : घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किए जाने का आरोप सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम प्रवीण कुमार सिंह ने सहायक अभिलेख अधिकारी कार्यालय में कार्यरत तत्कालीन वरिष्ठ सहायक सुशील कुमार को पांच साल के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम त्रिपाठी का कहना था कि शिकायतकर्ता 23 अप्रैल, 2022 को शिकायती प्रार्थना पत्र भ्रष्टाचार निवारण संगठन में दिया था। वह सर्वे चेन मैन के पद पर सहायक अभिलेख अधिकारी कार्यालय में नियुक्त है। उसने अपनी पत्नी के उपचार से संबंधित प्रतिपूर्ति बिल वांछित प्रोफार्मा तैयार कर दो लाख 33 हजार 315 रुपये का अपने कार्यालय में 15 मार्च, 2022 को भुगतान हेतु जमा किया। उसके संबंध में 16 मार्च, 2022 को वह अभियुक्त सुशील कुमार से मिला तो उन्होंने प्रतिपूर्ति बिल मुख्य चिकित्साधिकारी से मंजूर कराए जाने के एवज में शिकायतकर्ता से दस हजार रुपये रिश्वत की मांग किया। शिकायतकर्ता ने अपनी परिस्थितियों को बताते हुए रिश्वत देने में असमर्थता व्यक्त की। अभियुक्त ने रिश्वत लिए बिना भुगतान करने से इनकार कर दिया। शिकायतकर्ता के प्रार्थना पत्र पर गठित ट्रैप टीम ने 27 अप्रैल, 2022 को अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त निर्णय दिया।

# संदिग्ध हाल में महिला की मौत, पति हिरासत में

जासं, भीटी रावत : सहजनवां क्षेत्र के महुआपार में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। पुलिस के साथ पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। महिला का शव रोशनदान के सहारे लटक रहा था। कमरे में लगा पंखा व राड टेढ़ी मिली। पुलिस पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सिहापार निवासी आंचल और महुआपार के उमेश ने एक वर्ष पूर्व मंदिर में शादी की थी। आंचल के पिता धर्मेंद्र निषाद राजगीर का काम करते हैं। आंचल के चाचा अजय निषाद ने बताया कि उमेश उनकी भतीजी को लेकर घर पर ही रहता था। कुछ दिनों तक सब ठीक रहा लेकिन बाद में वह भतीजी को प्रताड़ित करने लगा था। उमेश ने बताया कि वह सुबह आठ बजे चौराहे पर गया था, नौ बजे वापस लौटा। इसी बीच पत्नी ने खुदकुशी कर ली। एसपी उत्तरी जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# महिला की चेन लूटने वाले अपचारी समेत दो गिरफ्तार

जासं. गोरखपुर : बाजार से सब्जी खरीदकर लौट रही महिला की चेन लूटने वाले अपचारी समेत दो आरोपितों को तिवारीपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर लूटी गई चेन बरामद हुई।



पुलिस की गिरफ्त में लुटेरा
• सौ. इंटरनेट मीडिया

सीओ कोतवाली ओंकारदत्त ने बताया कि 15 सितंबर की शाम सूर्यकुंड में रहने वाली सुनीता सिंह सब्जी खरीदकर पैदल घर लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनकी चेन लूट ली। सीसी कैमरे की मदद से मंगलवार की सुबह तिवारीपुर थाना पुलिस ने माधोपुर के रहने वाले शैलेश यादव उर्फ मुर्गा व एक अपचारी को हिरासत में लिया।

# प्रेमिका समेत दो को पुलिस ने भेजा जेल

- खोराबार के सनहा गांव में शुक्रवार की भोर में हुई थी वारदात
- प्रेमिका के चचेरे भाई ने कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर ली थी जान
- स्वजन ने चार लोगों पर दर्ज कराया है मुकदमा, दो की चल रही तलाश

जासं, गोरखपुर : खोराबार के सनहा गांव में कुल्हाड़ी से हमला कर युवक की हत्या कर शव नदी में फेंकने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को प्रेमिका समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।



आजाद
फाइल फोटो •

मुख्य आरोपित समेत दो अन्य की तलाश में क्राइम ब्रांच के साथ ही पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है।

सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने बताया कि शुक्रवार की भोर में सनहा गांव के रहने वाले आजाद और उसकी प्रेमिका ज्योति रहस्यमय हालत में लापता हो गए। युवक के घर के पीछे खेत में दोनों की खून से सनी चप्पलें मिली थीं। घटना के बाद ज्योति के स्वजन घर में ताला बंदकर फरार हो गए। तब युवक के स्वजन ने हत्या की आशंका जताई। अगले दिन राप्ती नदी में आजाद का शव मिला। पुलिस ने आजाद की मां सोनमती देवी की तहरीर पर प्रेमिका ज्योति उसके चचेरे भाई विजय निषाद, दीपक निषाद, विजय की भाभी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। तलाश में जुटी पुलिस ज्योति व दीपक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। मुख्य आरोपित विजय व महिला की तलाश में छापेमारी चल रही है।

**दो बाइक सवार चार युवकों ने चुराई बाइक :** गगहा : थाना क्षेत्र के गड़ही के राजी टोला निवासी योगेंद्र यादव सिहाइजपार के एक निजी स्कूल में शिक्षक हैं। सोमवार की शाम साढ़े छह बजे वह स्कूल से लौट रहे थे। गांव से पहले बाइक खड़ी कर खेत की तरफ गए। उसी दौरान दो बाइक सवार चार युवक आए और उनकी बाइक लेकर राउतपार की तरफ बाइक लेकर फरार हो गए।



पुलिस की गिरफ्त मे हत्यारोपित • सौ. पुलिस मीडिया सेल

## युवक के हत्यारोपित का नहीं लगा सुराग

जासं.गोरखपुर : रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के कठऊर गांव में अमरूद के बाग में चाकू से गला रेतकर युवक की हत्या के आरोपित का सुराग नहीं मिला है। आरोपित की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

गुलरिहा के रसूलपुर निवासी रमेश निषाद की बुआ का घर कठऊर में है। शुक्रवार की सुबह रमेश बुआ के घर गया था, वहीं पर उसकी मुलाकात राजघाट थाना क्षेत्र में रहने वाले दोस्त झीनक उर्फ खन्ना से हुई। दोपहर दो बजे वह कठऊर गांव में अमरूद के बाग में बैठकर शराब पीने के साथ ही मीट पका रहे थे। इसी दौरान विवाद होने पर झीनक ने चाकू से रमेश के गले पर हमला कर हत्या कर दी थी।

# नवाब आरजू ने बताया पटना के सप्लायर का नाम, तेज हुई तलाश

## जाली नोट मिलने के बाद एटीएस ने भी शुरू की मामले की जांच

**फर्जी स्टांप प्रकरण**

- फिरोजाबाद के अर्पित को भगोड़ा घोषित करा इनाम कराने की तैयारी
- एक सितंबर को नवाब समेत दो को एटीएस ने पकड़ा था गोरखपुर में

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : फर्जी स्टांप प्रकरण में जाली नोट की बरामदगी के बाद पुलिस ने गिरोह से जुड़े लोगों की तलाश तेज कर दी है। ट्रांजिट रिमांड पर लिए गए नवाब आरजू के कब्जे से चार जाली नोट, लैपटाप व प्रिंटर मिला था। पूछताछ में उसने पटना के रहने वाले सप्लायर का नाम बताया था, जो गोरखपुर में रहकर जाली नोट व फर्जी स्टांप खरीदारों तक पहुंचाता था। नाम प्रकाश में आने के बाद पुलिस आरोपित की तलाश में छापेमारी कर रही है।

यूपी एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) ने एक सितंबर को बिहार के सिवान के मोफस्सिल नई बस्ती में रहने वाले नवाब आरजू व साथी राजू को गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से जाली स्टांप, गाड़ी व अन्य दस्तावेज मिले थे। एटीएस के निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कैंट थाना पुलिस ने आरोपितों को जेल भेजा था। कोर्ट के आदेश पर 11 सितंबर को विवेचना कर रहे एसएसआइ कैंट ने नवाब आरजू को कस्टडी रिमांड में लेकर पूछताछ की, तो उसने पटना के रहने वाले सप्लायर का नाम बताया। उसकी निशानदेही पर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर सात के पास से 200 रुपये के चार जाली नोट, लैपटाप व प्रिंटर हुए। पटना का सप्लायर जाली नोट व फर्जी स्टांप को गोरखपुर में रहकर ठिकाने तक भी पहुंचाता था। फिरोजाबाद का रहने वाला अर्पित जैन भी यहीं से जाली नोट व स्टांप ले जाता था।

**पिता व सहयोगी पहले से जेल में है :** नवाब आरजू के पिता कमरुद्दीन समेत आठ सहयोगी पहले से जेल में हैं। पांच अप्रैल को कैंट थाना पुलिस ने इन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही गिरोह का पर्दाफाश किया था। आरोपितों के कब्जे से एक करोड़ रुपये से अधिक के फर्जी स्टांप, रुपये, लैपटाप व प्रिंटर मिले थे।

> फर्जी स्टांप व जाली नोट छापने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू को विवेचक ने कस्टडी रिमांड पर लिया था। पूछताछ में उसने कई सहयोगियों के नाम बताए, जिनकी तलाश चल रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> **अंशिका वर्मा,** सीओ कैंट



# एसआइटी का दावा जांच में मिले अहम साक्ष्य, परिवार से की बात

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गंगेश हत्याकांड की जांच कर रही एसआइटी (स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम) का दावा है कि जांच में अहम साक्ष्य मिले हैं। बताया जा रहा है कि विवेचक को एक सीसी कैमरे का फुटेज मिला है, जिसमें दुकान से गंगेश कोल्ड ड्रिंक खरीदते हुए दिख रहे हैं। सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने मुकदमा वादी व गंगेश की भाभी पुष्पा को बातचीत कर इस तथ्य की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि यह मामला बहुत हद तक सुलझ गया है।



गंगेश पांडेय • फाइल फोटो

सीसी कैमरे के फुटेज में कोल्ड ड्रिंक खरीद कर पीते गंगेश पांडेय दिख रहे हैं। एसआइटी को दुकानदार ने बताया कि पेट में गैस होने की आशंका में उन्होंने कोल्ड ड्रिंक मांगी थी। घटना के बाद कोल्ड ड्रिंक की उसी बोतल में जहर देने की बात सामने आयी थी जिसके बाद विसरा जांच के दौरान बोतल को भी पैक कर भेजा गया था पर जांच में उसमें जहर नहीं मिला था। इसके बाद से ही यह तय हो गया था कि जहर कहीं और ही दिया गया है। एसआइटी इसी गुत्थी को सुलझाने में जुटी है। उधर, एम्स के मेडिको लीगल विभाग और फोरेंसिक विभाग को विसरा व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ ही वीडियोग्राफी भेजी गई है, लेकिन अभी तक रिपोर्ट नहीं आयी है।

**यह है मामला :** महेवा में रहने वाले गंगेश पांडेय के भाई योगेश दत्त की वर्ष 2017 में हत्या कर दी गई। इस मामले में वह मुख्य गवाह थे। गवाही के सिलसिले में वह मई के पहले सप्ताह दिल्ली से गोरखपुर आए। 11 मई की सुबह 10.30 बजे मुकदमे के संबंध में बात करने के लिए घर से निकले। एक घंटे बाद गोलघर में उनकी मृत्यु हो गई। गंगेश की भाभी पुष्पा की तहरीर पर कैंट थाना पुलिस ने 13 जून को सेवानिवृत्त प्रोफेसर समेत अन्य आरोपितों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया। एसआइटी इस मामले की जांच कर रही है। परिवार के लोग आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं।

# प्रतिमा विसर्जन देखने निकले युवक को चाकू घोंपा, गंभीर

- कोतवाली इलाके में थवईपुल के पास मंगलवार की रात हुई घटना
- पुलिसकर्मियों ने तीनों आरोपितों को मौके से चाकू समेत दबोचा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** गणेश प्रतिमा विसर्जन देखने निकले युवक को मंगलवार की रात बक्शीपुर में थवईपुल के पास मनबढ़ों ने चाकू घोंप दिया। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मौके से मछली विक्रेता समेत तीन आरोपितों को चाकू से समेत दबोच लिया। कोतवाली थाना पुलिस घायल को जिला अस्पताल ले गई, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वहां से बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

दुर्गाबाड़ी के रुद्रपुर मोहल्ले में रहने वाला 30 वर्षीय विवेक गौड़ धर्मशाला स्थित लोहे की दुकान पर काम करता है। मंगलवार की रात दुकान से घर आने के बाद कपड़े बदलकर गणेश प्रतिमा विसर्जन देखने के लिए निकला। रात नौ बजे थवईपुल पर मछली मंडी के पास कुछ युवकों से विवेक की कहासुनी हो गई। मामला बढ़ने पर उन्होंने थप्पड़ मार दिया। विवेक ने विरोध किया तो पीठ में चाकू घोंप दिया। विवेक की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने घटना की सूचना चौराहे पर खड़े पुलिसकर्मियों को दी तो उन्होंने मछली विक्रेता मनीष व इरफान नाम के युवक को मौके से दबोच लिया। कुछ देर बाद सरफराज भी पकड़ लिया गया। कोतवाली थाना पुलिस का कहना है कि विवेक गौड़ व मनीष एक-दूसरे के परिचित हैं। इनके बीच पहले से विवाद चला आ रहा है। मंगलवार की रात में पुरानी रंजिश में मनीष ने साथियों संग चाकू से हमला कर दिया।



चाकूबाजी मेघायल विवेक

> थवईपुल के पास युवक पर चाकू से हमला करने वाले आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती युवक की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। आरोपितों का कहना है कि नशे में पहुंचा युवक उन्हें गाली दे रहा था। विरोध करने पर हाथापाई करने लगा जिसके बाद उन्होंने चाकू से हमला कर दिया।
>
> – **अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

# तीन चेन स्नेचर अरेस्ट

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (17 Sept): मार्केट से सब्जी खरीदकर लौट रही महिला की चेन लूटने वाले अपचारी समेत दो आरोपितों को तिवारीपुर थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह हिरासत में ले लिया. उनकी निशानदेही पर लूटी गई चेन बरामद हुई. सीओ कोतवाली ओंकारदत्त ने बताया कि 15 सितंबर की शाम सूर्यकुंड में रहने वाली सुनीता सिंह सब्जी खरीदकर पैदल घर लौट रही थीं. इसी दौरान पीछे से आए दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनकी चेन लूट ली. यह घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई. फुटेज की मदद से मंगलवार की सुबह तिवारीपुर थाना पुलिस ने माधोपुर के रहने वाले शैलेश यादव उर्फ मुर्गा व एक अपचारी को हिरासत में लिया. पूछताछ में उनकी निशानदेही पर लूट गई चेन बरामद हुई.

# गंगेश दत्त पांडेय के मौत की गुत्थी उलझी

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (17 Sept):अपने बड़े भाई योगेश दत्त पांडेय की हत्या में पैरवी करने दिल्ली से आए गंगेश पाण्डेय की मौत की गुत्थी अभी भी उलझी है. गंगेश की विसरा जांच में जहर से मौत होने की पुष्टि हुई है लेकिन यह तय नहीं हो पाया है कि उसे जहर दिया गया है या फिर उसने जहर खुद पी है. जांच कर रही एसआईटी को पता चला है कि पेट और सीने में जलन के बाद गंगेश ने कोल्ड ड्रिंक्स खरीद कर पी थी.

## दुकानदार से बयान

सीसी टीवी फुटेज में कोल्ड ड्रिंक्स खरीद कर पीते गंगेश दिख रहा है. एसआईटी ने दुकानदार से बयान लिया तो पता चला कि उसे काफी बेचैनी हो रही थी उसने पेट में गैस होने की आशंका में कोल्ड ड्रिंक्स पीने के लिए मांगी थी. शुरुआत में कोल्ड ड्रिंक्स के उसी बोतल में जहर देने की बात सामने आई आई थी.

## बोतल में जहर नहीं

लिहाजा विसरा जांच के दौरान बोतल को भी पैक कर भेजा गया था, पर जांच में उसमें जहर नहीं मिला था. इसके बाद से ही यह तय हो गया था कि जहर कहीं और ही दिया गया है. एसआईटी इसी गुत्थी को सुलझाने में जुटी है. एसआईटी ने यह जानने की कोशिश शुरू कर दी है कि आखिर उसके शरीर में किस माध्यम से जहर आया है. उधर, एम्स के मेडिको लीगल विभाग और फोरेंसिक विभाग को विसरा रिपोर्ट तथा पीएम रिपोर्ट के साथ पोस्टमार्टम की वीडियो ग्राफी भेजी गई है. वहां से अभी इस मामले में कोई रिपोर्ट नहीं आई है.

## यह है मामला

महेवा में रहने वाले गंगेश पांडेय के भाई योगेश दत्त की वर्ष 2017 में हत्या कर दी गई. इस मामले में वह मुख्य गवाह गंगेश था. गवाही के सिलसिले में वह मई के पहले सप्ताह दिल्ली से गोरखपुर आया. 11 मई की सुबह 10.30 बजे केस के संबंध में बात करने घर से निकला. एक घंटे बाद गोलघर में उसकी मृत्यु हो गई. परिजनों की तहरीर पर 13 जून को इस मामले में आरोपियों पर केस दर्ज हुआ. फोरेंसिक रिपोर्ट में जहर से गंगेश की मृत्यु होने की पुष्टि के बाद परिजन आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं.

# आजाद की हत्या में आरोपित युवती व चचेरे भाई को जेल भेजा

**फॉलोअप**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। खोराबार के सनहा गांव निवासी आजाद निषाद की हत्या में आरोपित युवती और उसके चचेरे भाई दीपक को पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। दोनों ने शव मिलने के बाद थाने में सरेंडर कर दिया था। उधर, हत्या में मुख्य आरोपित विजय निषाद और उसकी भाभी की तलाश जारी है।

सनहा निवासी 20 वर्षीय आजाद निषाद 13 सितम्बर की भोर में घर से निकला था। कुछ घंटे बाद घर से कुछ दूरी पर बाढ़ के पानी में उसका शव मिला। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आजाद की मां की तहरीर पर पुलिस ने आजाद की प्रेमिका, उसके चचेरे भाई विजय, पड़ोस के युवक दीपक और विजय की भाभी के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। शव मिलने के कुछ देर बाद प्रेमिका थाने पर पहुंच गई और उसने बताया कि आजाद से मिलने के लिए वह घर से निकली थी, उसका चचेरा भाई पीछा करते हुए पहुंचा और उसने कुल्हाड़ी से सिर में प्रहार कर उसकी हत्या कर दी।

# फर्जी स्टांप गिरोह का खुलासा कर सुर्खियों में आईं अंशिका

## तबादला

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। आईपीएस अंशिका वर्मा ने एएसपी कैंट रहते हुए बिहार में छप कर गोरखपुर व प्रदेश के कई जिलों में भेजे जा रहे न्यायिक स्टांप के फर्जीवाड़ा केस को खोला। इसके पर्दाफाश के बाद ही एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने इस पूरे केस के पर्दाफाश की जिम्मेदारी भी उन्हें सौंप दी थी, जिसके बाद कई अन्य लोग भी पकड़े गए, जो गिरोह में लंबे समय से काम रहे थे। इसके पहले रेड्डी ग्रुप एप की मदद से जालसाजी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने में भी उनकी अहम भूमिका रही।

गोरखपुर में अपने दस महीने के कार्यकाल में महत्वपूर्ण केस में एसआईटी गठित होने पर उन्हें इसकी



आईपीएस अंशिका वर्मा।

जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसे उन्हें निभाया भी और गिरोह को पर्दाफाश कर बदमाशों को जेल भिजवाया। अभी हाल में ही स्टांप गिरोह का पर्दाफाश करने पर उन्हें डीजीपी द्वारा पुरस्कृत भी किया गया था। अंशिका वर्मा को अब बरेली जिले का एसपी ग्रामीण बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यहां पर रहने के दौरान 45 केस की विवेचना की, जिसमें सीनियरों का मार्गदर्शन मिला, जिससे बहुत सीखी हूं, जो आगे काम आएगा।

# तिवारीपुर में चेन लूट करने के आरोपी पकड़े गए

गोरखपुर। तिवारीपुर पुलिस ने महिला से सोने की चेन लूटने के दो आरोपी को पकड़ लिया। इसमें से एक आरोपी बाल अपचारी है। पकड़े गए आरोपी की पहचान तिवारीपुर इलाके के माधोपुर निवासी शैलेश यादव के रूप में हुई। आरोपी के पास से चेन बरामद करने के बाद पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। एसएचओ अर्चना सिंह ने बताया कि सूरजकुंड सब्जी मंडी से घर जाते समय चेन लूट हुई थी।

# पुलिस ने गले से चेन उड़ाने वाली दो महिलाओं को दबोचा

गोरखपुर। गोरखनाथ इलाके में ऑटो से आ रही महिला के गले से सोने की चेन उड़ाने वाली दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से पुलिस ने लूटी गई सोने की चेन को बरामद कर लिया।

आरोपितों की पहचान आजमगढ़ के महुआ निवासी रंजू और बड़हलगंज के बनजहरा निवासी रवीना के रूप में हुई। मोहरीपुर निवासी जयप्रकाश गिरी ने पुलिस को बताया कि वह मां सावित्री के साथ धर्मशाला से ऑटो से घर जा रहे थे। गोरखनाथ कॉम्प्लेक्स के पास कुछ महिलाएं ऑटो में पीपीगंज जाने को बैठीं और मंदिर के आगे आनंद लोक हॉस्पिटल के पास उतर गईं। उस समय सोने की चेन नहीं थी।

# हत्या की कोशिश करने के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने हत्या की कोशिश के मामले में वांछित चल रहे आरोपित चिलबिलवा निवासी इरशाद खान को गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ शाहपुर नीरज राय ने बताया कि 27 जून को आरोपी ने युवती पर पुरानी रंजिश में हमला कर दिया था। आरोपित पर केस दर्ज किया गया था, लेकिन तभी से फरार था।

# घूस लेने के आरोपित को पांच साल की सजा सुनाई

**आदेश**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। भ्रष्टाचार का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम प्रवीण कुमार सिंह ने सहायक अभिलेख अधिकारी कार्यालय के निलंबित वरिष्ठ सहायक सुशील कुमार को पांच साल के कठोर कारावास एवं 50 हजार रूपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छः माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम त्रिपाठी का कहना था कि शिकायतकर्ता ने 23 अप्रैल 2022 को एक शिकायती पत्र भ्रष्टाचार निवारण संगठन को दिया। उसका कहना था की वह सर्वे चेन मैन के पद पर सहायक अभिलेख अधिकारी कार्यालय में नियुक्त है। उसने अपनी पत्नी के इलाज से संबंधित 233315 रुपये का प्रतिपूर्ति बिल अपने कार्यालय में 15 मार्च 2022 को भुगतान के लिए जमा किया। उसी के संबंध में 16 मार्च 2022 को वह अभियुक्त सुशील कुमार से मिला तो उन्होंने प्रतिपूर्ति, मुख्य चिकित्साधिकारी से मंजूर कराए जाने के एवज में दस हजार रुपए रिश्वत की मांग की। शिकायत पर एक ट्रैप टीम का गठन हुआ और अभियुक्त को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया।

# पेट और सीने में जलन के बाद गंगेश ने खुद खरीदकर पी थी कोल्ड ड्रिंक

**गंगेश हत्याकांड**

- सीसीटीवी से सामने आई सच्चाई, दुकानदार ने भी दिया बयान
- गंगेश के शरीर में इससे पहले ही कुछ पीने या पिलाने से पहुंचा था जहर

**गोरखपुर। वरिष्ठ संवाददाता।** अपने बड़े भाई की हत्या में गवाही देने दिल्ली से आए गंगेश पाण्डेय की मौत की गुत्थी अब भी उलझी है। गंगेश की विसरा जांच में जहर से मौत होने की पुष्टि तो हुई है, लेकिन अभी यह तय नहीं हो पाया है कि उसे जहर दिया गया या फिर उसने जहर खुद पिया। जांच कर रही एसआईटी को पता चला है कि पेट और सीने में जलन के बाद गंगेश ने कोल्ड ड्रिंक खरीदकर पी थी।

सीसीटीवी फुटेज में कोल्ड ड्रिंक खरीदकर पीते गंगेश दिख रहा है। एसआईटी ने दुकानदार से बयान लिया तो पता चला कि उसे काफी बेचैनी हो रही थी और पेट में गैस होने की आशंका में उसने कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए मांगी थी। शुरुआत में कोल्ड ड्रिंक की उसी बोतल में जहर देने की बात सामने आई आई थी, लिहाजा विसरा जांच के दौरान बोतल को भी पैक कर भेजा गया था। पर जांच में उसमें जहर नहीं मिला था। इसके बाद से ही यह तय हो गया था कि जहर कहीं और ही दिया गया है। एसआईटी इसी गुत्थी को सुलझाने में जुटी है। एसआईटी ने यह जानने की कोशिश शुरू कर दी है कि आखिर उसके शरीर में किस माध्यम से जहर आया है। उधर, एम्स के मेडिको लीगल विभाग और फोरेंसिक विभाग को विसरा रिपोर्ट तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी भेजी गई है। वहां से अभी इस मामले में कोई रिपोर्ट नहीं आई है।

**यह है मामला :** महेवा में रहने वाले गंगेश पांडेय के भाई योगेश दत्त की वर्ष 2017 में हत्या कर दी गई। इस मामले में वह गंगेश मुख्य गवाह था। गवाही के सिलसिले में वह मई के पहले सप्ताह में दिल्ली से गोरखपुर आया। 11 मई की सुबह 10.30 बजे केस के संबंध में बात करने घर से निकला। एक घंटे बाद गोलघर में उसकी मृत्यु हो गई।

# रुपये हड़पने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**अदालत से**

गोरखपुर। दो करोड़ रुपये हड़पने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश गोविंद मोहन ने बांसगांव थाना क्षेत्र के बेलदारीपुर निविहा निवासी आरोपी राणा प्रताप पांडेय उर्फ झूलर की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय एवं उमेश मिश्र का कहना था कि वादी चंद्रिका निषाद सहजनवां थाना क्षेत्र के गोविंदपुर का निवासी है। उसने 12 जुलाई 2024 को इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पेंट पालिश का कारोबार करता है। उसके पूर्व परिचित अमरजीत बेलदार, सुदामा यादव व विरेंद्र यादव उससे मिले और कहा कि सहजनवां बाईपास के पास एक जमीन है। कुछ पैसा कम पड़ रहा है आप पैसा लगाकर अपने नाम से रजिस्ट्री करा लीजिए। ब्यूरो

# आजाद हत्याकांड में प्रेमिका समेत दो आरोपी गिरफ्तार

## प्रेमिका के चचेरे भाई ने कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर ली थी युवक की जान

अमर उजाला ब्यूरो

### खोराबार के सनहा गांव में शुक्रवार को हुई थी हत्या

गोरखपुर। खोराबार के सनहा गांव में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने प्रेमिका समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भिजवा दिया। मुख्य आरोपी समेत दो अन्य की तलाश में क्राइम ब्रांच के साथ ही पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है।

सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने बताया कि शुक्रवार की भोर में सनहा के रहने वाले आजाद और उसकी प्रेमिका रहस्यमय हाल में लापता हो गए। युवक के घर के पीछे खेत में दोनों की खून से सनी चप्पलें मिली थीं। घटना के बाद युवती के घरवाले ताला बंद कर फरार हो गए। तब युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। अगले दिन राप्ती नदी में आजाद का शव मिला। इस मामले में पुलिस ने आजाद की मां सोनमती देवी की तहरीर पर प्रेमिका, उसके चचेरे भाई विजय निषाद, दीपक निषाद, विजय की भाभी के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया था। तलाश में जुटी पुलिस युवती व दीपक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। घटना में इनकी भूमिका होने पर सोमवार की रात गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्य आरोपी विजय व महिला की तलाश में छापेमारी चल रही है।

**मछली पालन करता था आजाद**

24 वर्षीय आजाद हाईस्कूल तक पढ़ाई करने के बाद मछली पालन करता था। इसके लिए उसने घर के पास ही किराए पर पोखरा लिया था। शुक्रवार की भोर में मछली की रखवाली करने पोखरे की तरफ गया था। फोन पर बात होने के बाद प्रेमिका भी उससे मिलने आई। इसके बाद चचेरा भाई विजय भी पहुंच गया, जिसने दोनों को एक साथ देखकर कुल्हाड़ी से हमला कर आजाद की हत्या कर दी। अपने साथियों की मदद से शव को नदी में फेंक दिया। घटना के बाद युवती फरार हो गई।

# नवाब आरजू ने उगले राज, अब पटना के सप्लायर की तलाश

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। फर्जी स्टांप प्रकरण में रिमांड पर लिए गए सिवान, बिहार के नवाब आरजू ने इस धंधे में पटना के एक सप्लायर की अहम भूमिका बताई है। यह सप्लायर गोरखपुर में रहकर बिहार से आने वाले जाली नोट और फर्जी स्टांप को निश्चित ठिकाने तक पहुंचाता है। यही नहीं, नवाब ने पूछताछ में पुलिस को कई और नाम भी बताए हैं, जिसके बाद एक टीम गोपनीय तरीके से उनकी तलाश में लग गई है। पुलिस सप्लायर को पकड़ने के लिए पटना पुलिस से भी मदद ले रही है।

बिहार, सिवान के मोफस्सिल नई बस्ती निवासी नवाब आरजू ने रिमांड के दौरान ही लैपटाप, प्रिंटर के साथ 200 रुपये के चार जाली नोट बरामद कराए हैं। अब पुलिस के साथ एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) को भी इस धंधे में फंडिंग करने वाले आरोपी कैंट थाने के वांछित फिरोजाबाद निवासी अर्पित जैन की तलाश है। कैंट पुलिस अर्पित का एनबीडब्ल्यू लेकर उसे भगोड़ा घोषित कर इनाम रखने की भी तैयारी में जुटी है। पुलिस की मानें तो इस केस में नामजद आरोपियों के अलावा और नए नाम शामिल हो सकते हैं।

पुलिस को नवाब आरजू के मोबाइल फोन में व्हाट्सएप पर धंधे से जुड़ी बातचीत के मैसेज मिले हैं। फर्जी स्टांप और जाली नोट को कहां-कहां पहुंचाना है, उसे कौन लेकर जाएगा, किन रास्तों से ले जाना है, ऐसे मैसेज भी व्हाट्सएप पर मिले हैं। इन्होंने व्हाट्सएप पर एक ग्रुप भी बनाया है, एक मैसेज पर ही सदस्य अलर्ट हो जाते हैं।

एक सितंबर को एटीएस ने सिवान के नवाब आरजू और राजू यादव को पकड़ा। इसकी खबर सोशल मीडिया और अखबारों के माध्यम से जैसे ही गैंग के गुर्गों को मिली, वे अपना ठिकाना बदलकर दूसरी जगहों पर चले गए। साथ ही अब वे व्हाट्सएप या मोबाइल भी नहीं चला रहे हैं।

**फर्जी स्टांप प्रकरण**

## जाली नोट मिलने के बाद से ही फिरोजाबाद के अर्पित जैन की तलाश में जुटी एटीएस

फर्जी स्टांप प्रकरण में नवाब आरजू को रिमांड पर लिया गया था। उसने कई और नाम बताए हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। कैंट थाने से वांछित अर्पित जैन की तलाश में पुलिस की एक टीम लगी है। उसके ठिकाने पर टीम ने छापा भी मारा था।

**-अंशिका वर्मा**, सीओ कैंट

# भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध होने पर पांच साल की जेल

अदालत से

गोरखपुर। भ्रष्टाचार का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम प्रवीण कुमार सिंह ने सहायक अभिलेख अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ सहायक सुशील कुमार को पांच साल के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम त्रिपाठी का कहना था कि शिकायतकर्ता ने 23 अप्रैल 2022 को एक शिकायती प्रार्थना पत्र भ्रष्टाचार निवारण संगठन को दिया। उसका कहना था की वह सर्वे चेन मैन के पद पर सहायक अभिलेख अधिकारी कार्यालय में नियुक्त है। उसने अपनी पत्नी के इलाज से संबंधित प्रतिपूर्ति बिल वांछित प्रोफार्मा पर तैयार कर 2,33,315 रुपये का अपने कार्यालय में 15 मार्च 2022 को भुगतान के लिए जमा किया। ब्यूरो

# गणेशोत्सव : जयघोष के साथ गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन

## ढोल-नगाड़े के साथ निकली शोभायात्रा, देर रात तक जारी रहा विसर्जन का सिलसिला

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। गणेश चतुर्थी से शुरू हुए दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन मंगलवार को अनंत चतुर्दशी के दिन हो गया। शहर के पंडालों में भगवान गणेश की विधि पूर्वक पूजा-अर्चना व आरती करने के बाद धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तुम जल्दी आना की धुन पर मन में आस्था भाव लिए थिरकते रहे। जयघोष के साथ गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन राजघाट पर बने कृत्रिम घाट में किया गया।

श्रद्धालुओं ने अनंत चतुर्दशी का व्रत रहकर भगवान विष्णु व गणेश की उपासना की। लोगों ने दस दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव के अंतिम दिन पंडालों व घरों में हवन-पूजन कर पूर्णाहुति की। शहर के कच्चीबाग, पांडेयहाता, मिर्जापुर, घासीकटरा, बक्शीपुर, धर्मशाला, जलकल भवन आदि जगहों से देर शाम समितियों द्वारा भगवान गणेश की आरती कर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। रास्ते में श्रद्धालुओं द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा विभिन्न मार्गों से होकर देर शाम राजघाट के कृत्रिम घाट पर पहुंची। गणेश प्रतिमा का विसर्जन आरती करने के बाद किया गया। कृत्रिम घाट पर श्रद्धालु घरों में रखी प्रतिमा का विसर्जन भी आस्था भाव के साथ किया। प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इसके साथ ही रेती चौक स्थित कालीबाड़ी मंदिर में भी विधि पूर्वक गणपति की पूजा हुई।



विसर्जन के लिए ले जाई जा रही गणेश प्रतिमा। संवाद

### दादी जी सेवा मंडल ने लगाया भंडारा

श्री दादी जी सेवा मंडल द्वारा साहबगंज के रास्ते से निकलने वाली गणेश प्रतिमाओं का स्वागत व भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में कई हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजित भंडारे में प्रमुख रूप से पवन सिंघानिया, भरत जालान, नारायण खेमका, आनंद जालान, अमित सिंघानिया, शैलेश तुलस्यान, मनोज गोयल, मनोज छापोलिया आदि भक्त उपस्थित रहे।

### पुलिस की सख्ती...डीजे वाले बाबू ने बजाया धीमी आवाज में गाना

गोरखपुर। शहर में मंगलवार को गणेश प्रतिमाएं विसर्जन के लिए निकाली गईं तो हर तरफ उत्साह और उमंग देखने को मिला। लोग डीजे, ढोल और नगाड़ों की आवाज पर रंग, गुलाल उड़ाकर झूमते नजर आए। पुलिस की सख्ती का असर भी दिखा। इस दौरान न तो डीजे का शोर सुनाई दिया और न ही सड़कों पर हुड़दंग। डीजे वाले बाबू ने भी आवाज को कम करके गाना बजाया और साउंड भी मानक के अनुसार ही लगाया। उत्साह से लबरेज हर तरफ बस एक ही धुन 'गणपति बप्पा मोरया' बज रही थी। रंग-अबीर उड़ाते झूमते-गाते लोग प्रतिमाओं के साथ चल रहे थे। एकला बंधे के पास बने तालाब में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस बार करीब 243 गणेश प्रतिमा स्थापित की गई थीं। विसर्जन के समय हर थाने की पुलिस की डयूटी लगाई गई थी। हर प्रतिमा के साथ एक दरोगा और पुलिसकर्मी साथ चल रहे थे। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-18-09-2024

# मृतका के परिजनों से मिले भासपा प्रतिनिधि मंडल

**मईल(एस एन बी)।** भारतीय समाज पार्टी के नेताओं ने मंगलवार को मईल थाना क्षेत्र के पनिका गांव में मिले किशोरी के शव के मामले में पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई न करने के विरोध मे मृतका के गांव नरसिंहडार पहुंचकर मृतका के परिजनों से मिलकर हालात की जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि मईल पुलिस कारवाई में रुची नहीं ले रही है उन्होंने भासपा के प्रतिनिधिमंडल को बताया कि पुलिस ने दबाव में तहरीर लिखवा कर आत्महत्या का रूप देना चाहती है। परिजनों ने बताया कि गुड़िया को टेलीफोन से घर से बुला कर हत्या की गई है। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रुप से भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव बलवंत कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष, दिनेश राजभर, रविंद्र राजभर जिलाध्यक्ष देवरिया, अभिनंदन राजभर ,सपा नेता मुरली मनोहर जायसवाल सहित दर्जनों भासपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बीएसएफ के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर की जम्मू-कश्मीर में इलाज के दौरान मौत

**खुखुन्दू।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भैसहां गांव निवासी बीएसएफ के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रामप्रीत यादव की जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान अचानक तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें वहां के नजदीक वादीपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सोमवार भोर में करीब तीन बजे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार मे चीख-पुकार मच गई। उधर, जवान का पार्थिव शरीर मंगलवार शाम तक पैतृक गांव पहुंचेगा।



थाना क्षेत्र के भैसहां गांव निवासी रामप्रीत यादव (55) की वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के बांडीपुरा में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के पद तैनाती थी। बीते माह 21 अगस्त को उनकी माता पानमती देवी का निधन हो गया। वह 23 अगस्त को गांव पहुंचे और फिर 5 सितंबर को ब्रह्मभोज कार्यक्रम सम्पन्न होने पर यहां से 10 को ड्यूटी के लिए निकले। परिजनों के मुताबिक वहां 11 को पहुंच ड्यूटी ज्वाइन कर लिए। ड्यूटी के दौरान ही अचानक उनकी तबियत बिगड़ी। फोर्स ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। मौत की सूचना मिलते ही पत्नी रम्भा देवी,बड़ा बेटा आनंद यादव छोटा बेटा अभय कुमार यादव का रो-रो कर बुरा हाल है। एसओ दिग्विजय सिंह ने बताया कि सूचना आई है कि ड्यूटी के दौरान तबियत बिगड़ने पर वादीपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। मंगलवार शाम तक पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचेगा।

## न्यायाधीश ने किया बाल गृह का औचक निरीक्षण

**देवरिया(एसएनबी)।** उच्च न्यायालय के बाल संरक्षण देखरेख समिति के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी ने राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि उच्च न्यायालय के द्वारा बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन हो। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि परिसर को निरंतर स्वच्छ रखा जाये तथा बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था की जायें जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके साथ ही बच्चों के दिनचर्या में व्यायाम को भी रखा जाये, जिससे बच्चे शारीरिक रूप से मजबूत रहें। उन्होंने पठन-पाठन के कार्य को और सुदृढ़ करने का सम्बन्धित को निर्देश दिया।

## आई टी एक्ट के तहत एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**भटनी(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवाबाबु के एक व्यक्ति के विरुद्ध थाने मे आई टी एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज हुआ है । इस सम्बन्ध मे ग्राम बेलवाबाबु निवासी देवेन्द्र प्रताप शाही पुत्र अक्षयवर शाही द्वारा दिये गये तहरीर मे लिखा है कि हरीश विश्वकर्मा पुत्र रजिन्दर विश्वकर्मा द्वारा फेसबुक पर अश्लील व आपत्तिजनक वीडिओ वायरल किया गया है ।तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोप के विरुद्ध आई टी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है ।

# जवान का शव पहुंचा, दी गई सलामी



दरवाजे पर रामप्रीत यादव को सलामी देते बीएसएफ के जवान। • हिन्दुस्तान

- जवान की तबीयत खराब होने से जम्मू-कश्मीर में हो गई थी मौत
- खुखुन्दू के भैसहा गांव के रहने वाले थे बीएसएफ जवान रामप्रीत

**खुखुन्दू(देवरिया), हिन्दुस्तान टीम।** बीएसएफ जवान का पार्थिव शरीर मंगलवार की शाम को उसके घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। तबीयत खराब होने से जवान की जम्मू कश्मीर में मौत हो गई थी। जवान के अंतिम दर्शन के लिए दरवाजे पर गांव के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। बीएसएफ के जवानों ने उन्हें दरवाजे पर अंतिम सलामी दी।

खुखुन्दू थाना क्षेत्र के भैंसहा गांव निवासी रामप्रीत यादव (55) की जम्मू कश्मीर में बीएसएफ सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनाती थी। 16 सितंबर को उनकी तबीयत खराब हो गई थी उन्हें इलाज के लिए वहां के स्थानीय जिला अस्पताल वादीपुर में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान जवान की मौत हो गई। जम्मू कश्मीर से जवान का शव साबूत में रखकर दिल्ली लाया गया। दिल्ली से गोरखपुर होते हुए देवरिया उसके पैतृक गांव में शाम को पहुंचा। शव पहुंचते ही पत्नी रंभा देवी, बेटे आनंद यादव एवं अभय कुमार समेत अन्य परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल हो गया । इस दौरान जवान के दरवाजे पर पहुंचे एसडीएम देवरिया विपिन द्विवेदी, सलेमपुर सीओ दीपक शुक्ल थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने तिरंगे में लिपटे जवान के शव को अन्य जवानों के साथ सलामी दी। इसके बाद जवान की शव की अंत्येष्टि करने के लिए बरहज स्थित गौरा घाट के लिए रवाना कर दिया गया। रामप्रीत एक सप्ताह पूर्व ही घर से ड्यूटी पर गए थे। पिछले माह 23 अगस्त को वह अपनी मां पानमती देवी के निधन पर गांव आए थे।

# 36 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में हुआ फेरबदल, 7 गए पुलिस लाइन

**देवरिया(एसएनबी)।** जिले के कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने 22 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। एसपी ने पांच उपनिरीक्षकों को लाइन हाजिर कर दिया है तो वहीं 17 को नई तैनाती मिली है। एसपी ने लार थाने पर तैनात उनि संदीप सिंह व ओमकार सिंह, महुआडीह थाने पर तैनात त्रिवेन्द्र मौर्य, भलुअनी थाने पर तैनात अविनाश मौर्य एवं खामधार थाने के भिंगारी चौकी प्रभारी सुनील कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं पुलिस लाइन से मउ नि मिथिलेश राय को थाना तरकुलवाउनि राजेश कुमार भारती को थाना लार, फूलचन्द यादव को थाना भटनी, संजय यादव को सदर कोतवाली, चन्द्रभान भारती को सदर कोतवाली के भुजौली चौकी प्रभारी, मउनि. कंचन राय को चौकी प्रभारी सेंटर, रेखा देवी को कोतवाली निर्भया बूथ प्रभारी, प्रदीप कुमार पाण्डेय को थाना भलुअनी, अनिल कुमार पाण्डेय को सीओ सीटी कार्यालय, सर्वेश कुमार सिंह को थाना बरहज व विनोद कुमार को वाचक, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी बनाया गया है।

थाना रामपुर कारखाना में तैनात उनि अखिलेश सिंह को थाना एकौना, रूद्रपुर कोतवाली में तैनात चन्द्रशेखर यादव को थाना महुआडीह, लार के मेहरौना चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार को कोतवाली रूद्रपुर, तरकुलवा थाना में तैनात इजहार खां को कोतवाली सलेमपुर, रूद्रपुर कस्बा चौकी प्रभारी मनोज कुमार उपाध्याय को थाना तरकुलवा, सदर कोतवाली में तैनात महेश यादव को थाना रामपुर कारखाना में तैनात किया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने छह हेड कांस्टेबल व एक महिला हे. कांस्टेबल एव 29 कांस्टेबलों के कार्यक्षेत्र में फेर बदल किया है।

# रोजगार देने का लालच देकर साइबर जालसाज ने लिया पैसा- दे रहा है धमकी

**गौरीबाजार।** गौरीबाजार क्षेत्र के वनशहिया गांव निवासी महिला सुनीता देवी पत्नी राकेश चौहान ने दिए गए तहरीर के माध्यम से बताया कि उनकी बेटी फेसबुक पर एक कम्पनी का पेंसिल पैक करने का विज्ञापन देखा ।उसमें दिए गए नम्बर पर जब उसने फोन किया तो उसे बताया गया कि आपको घर बैठे कम्पनी द्वारा पेंसिल मिलेगा और उसे पैक करना है ।इसके बदले आपको महीने का 30 हजार रुपये मिलेगा ।उससे इसके बदले रजिस्ट्रेशन के नाम पर 6317 रुपये मंगा लिया गया ।फिर जालसाज उसके नम्बर पर फोन करने लगे ।कि और पैसे भेजो तब पेंसिल मिलेगा ।इसपर उस लड़की ने सुनीता को फोन दे दिया ।जालसाज ने महिला से कहा कि अगर पैसे नही भेजोगी तो हम तुम पर कम्पनी से धोखा का पुलिस केस कर देंगे ।फिर भी महिला ने पैसा नही भेजा तो जालसाज ने धमकी दिया कि तुम्हारे भेजे गए ,कागजात हमारे पास है ।हम आधार पर 50 हजार लोन करा लेंगे और तुम्हे फसा देंगे ।महिला ने बताया कि जालसाज द्वारा अलग अलग नम्बरो से फोन करके गालियां भी दिया जा रहा है ।पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक देवरिया को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है।

# जीआरपी औरआरपीएफ ने किया ट्रैक का निरीक्षण

**फॉलोअप**

**भटनी, हिन्दुस्तान संवाद।** नोनापार रेलवे स्टेशन के पास सोमवार की सुबह रेल पटरी पर करीब दस मीटर तक ईंट और पत्थर बिछाए जाने की घटना ने रेलवे प्रशासन और सुरक्षा विभाग को सतर्क कर दिया। मंगलवार को आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने रेल पटरी का निरीक्षण किया।



पटरी पर गश्त करती जीआरपी टीम।

> रेल पटरी पर ईंट पत्थर रखे जाने का मामला सामने आया था । जिस पर टीम जांच करने तथा आस पास के ग्रामीणों को जागरूक किया गया । मामला रेल गाडियों के सुरक्षा तथा संरक्षा की है। जांच में किसी भी प्रकार से किसी की संलिप्तता पाई गई तो गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया जाएगा।
> दिनेश सिंह, थानेदार, जीआरपी।

पटरी पर ईंट और पत्थर रखे होने के बावजूद मालगाड़ी गुजर गई थी। इस दौरान बड़ा हादसा होते-होते बचा। प्रारंभिक जांच में यह खुलासा हुआ कि यह घटना बच्चों की शरारत थी, जिन्होंने ईंट और पत्थर पटरी पर रख दिए थे। मंगलवार को आरपीएफ और जीआरपी की टीमों ने नोनापार और भटनी के बीच रेलवे पटरियों पर गश्त बढ़ा दी। जीआरपी थानेदार दिनेश सिंह अपनी टीम के साथ सुबह से ही इलाके में गश्त करते नजर आए। उन्होंने पटरियों के पास रहने वाले ग्रामीणों और पशु चरवाहों से बातचीत की और उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी। इसी क्रम में, दोपहर बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रदीप पाण्डेय भी अपनी टीम के साथ इलाके में पहुंचे। उन्होंने पटरियों की निगरानी की और आसपास के गांवों में जाकर लोगों को इस तरह की घटनाओं से बचने और सतर्क रहने का निर्देश दिया।

# रंजिश में दो युवक भिड़े, स्थिति गंभीर

रुद्रपुर। देर शाम नगर पंचायत रुद्रपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दो युवक आपस में भिड़ गए। इस दौरान हुई मारपीट में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

आजमगढ़ जिले के लाटघाट का रहने वाला सूरज सोनकर (25) पुत्र मूलचंद सोनकर रुद्रपुर के टेढ़ा स्थान मोहल्ले में अपनी रिश्तेदारी में रहता है। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के डाला गांव के रहने वाले ब्रजेश कुमार (22) से कुछ दिन पूर्व उसका किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार की देर शाम दोनों नगर के स्टेट बैंक के समीप आपस में भिड़ गए। उस दौरान हुई मारपीट में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

# 17 दरोगा के कार्य क्षेत्र बदले, पांच लाइन हाजिर

देवरिया, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने सोमवार की देर रात 17 सब इंस्पेक्टरों का तबादला कर दिया, जबकि पांच सब इंसपेक्टरों को लाइन हाजिर कर दिया है। लाइन हाजिर होने वालों में लार थाने के दो एसआई हैं। उन्होंने शहर के दो चौकियों की जिम्मेदारी महिला उपनिरीक्षकों को सौंपी है।

एसपी ने लार थाने में तैनात सब इंपेक्टर संदीप सिंह, ओमकार सिंह, महुआडीह थाने के त्रिवेन्द्र मौर्य, भलुअनी के अविनाश मौर्य व भिंगारी बाजार चौकी पर तैनात सब इंसपेक्टर सुनील कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस लाइन में तैनात महिला उप निरीक्षक कंचन राय को कोतवाली के सेंटर चौकी तथा रेखा देवी को निर्भया बूथ की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जबकि महिला उप निरीक्षक मिथिलेश राय को पुलिस लाइन से तरकुलवा थाने पर तबादला किया गया है। एसपी ने सब इंपेक्टर राजेश कुमार भारती को पुलिस लाइन से लार, फुलचंद यादव को भटनी, संजय यादव को कोतवाली, चन्द्रभान भारती को चौकी प्रभारी भुजौली, रामपुर कारखाना में तैनात अखिलेश सिंह को थाना एकौना, प्रदीप कुमार पाण्डेय



- एसपी संकल्प शर्मा की तबादला एक्सप्रेस
- महिला दरोगाओं को शहर की दो चौकियों की जिम्मेदारी

को पुलिस लाइन से भलुअनी, अनिल कुमार तिवारी को कार्यालय सीओ सदर, चन्द्रशेखर यादव को रूद्रपुर से महुआडीह, धर्मेन्द्र कुमार मेहरौना चौकी से रूद्रपुर, इजहार खां को तरकुलवा से सलेमपुर, सर्वेश कुमार सिंह को पुलिस लाइन से बरहज, मनोज कुमार उपाध्याय को चौकी प्रभारी कस्बा रूद्रपुर से तरकुलवा, विनोद कुमार को पुलिस लाइन से वाचक अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं महेश यादव को सदर कोतवाली से रामपुर कारखाना थाने पर तबादला किया गया है। सभी को नई तैनाती स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रणह करने का निर्देश दिया है।

# सनसनी: पुरानी रंजिश में युवक की हत्या कर शव खेत में फेंका

- रुद्रपुर क्षेत्र के अकटहियां उर्फ मटियरी गांव की घटना
- सोमवार की रात दोस्तों के बुलाने पर भोज में गया था युवक

रुद्रपुर (देवरिया), हिन्दुस्तान टीम। जिले के रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में रंजिश में एक युवक की हत्या कर शव खेत में फेंक दिया गया। मंगलवार की सुबह युवक का शव मिलने पर घर में कोहराम मच गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। एएसपी और सीओ ने भी मौके पर पहुंच कर घटना की छानबीन की। मामले की खुलासे के लिए रुद्रपुर कोतवाली के अलावा एसओजी भी लगाई गई है।

रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के अमौनी खास गांव के रहने वाले घुरहू प्रसाद के बेटे चन्दन गौतम (25) को सोमवार की शाम क्षेत्र के महराजगंज गांव के एक दोस्त ने दावत पर बुलाया था। सायं करीब सात बजे चन्दन अपनी बाइक से महराजगंज गया। वहां से देर रात तक घर नहीं लौटा। जिस पर परिजन पूरी रात उसकी तलाश में परेशान रहे। मंगलवार की सुबह करीब 6:30 बजे रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के अकटहियां उर्फ मटियरी गांव के पास प्राइमरी स्कूल के निकट खेत में उसका शव लोगों ने देखा। कुछ ही देर में मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को और चन्दन के परिजनों को दिया। घटना की सूचना मिलते ही घर कोहराम मच गया। मौके पर पहुंच पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। चन्दन के सिर और गले पर गंभीर जख्म के निशान हैं। युवक के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में रंजिश में हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। घुरहू प्रसाद के तीन संतानों में चन्दन इकलौता बेटा था। उससे छोटी दो बहने मोनी और सोनी हैं। कुछ दिनों पूर्व चन्दन की शादी तय हुई थी। इकलौते बेटे के मौत की खबर सुनते ही मां विन्दू देवी दहाड़े मारते हुए अचेत होकर गिर गई। कोतवाली प्रभारी रतन कुमार पाण्डेय ने बताया कि खेत में युवक का शव मिला है, जिसमें मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



मंगलवार को युवक की मौत की सूचना पर रोते-बिलखते परिजन।

“आपसी रंजिश में युवक के हत्या की आशंका है। पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है। एसओजी टीम को भी मामले की जांच करने के लिए लगाया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

**संकल्प शर्मा**, एसपी देवरिया।



चंदन (फाइल फोटो)

## मृतक के मोबाइल से आडियो चैटिंग

चन्दन गौतम सोमवार की सायं अपनी बाइक से दावत के लिए निकला था। दूसरे दिन मंगलवार की सुबह जहां उसका शव मिला था, उससे पास ही सड़क के किनारे उसकी बाइक खड़ी थी। लेकिन उसका मोबाइल मौके से पुलिस को नहीं मिला। चन्दन के मोबाइल से रिश्तेदार विकास कुमार के मोबाइल पर मंगलवार की सुबह 8.50 बजे कई बार ऑडियो चैट किया गया है।

## समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन कल

देवरिया। भारतीय सर्वजन पार्टी नेता संजय श्रीवास्तव ने बताया कि जन समस्याओं को लेकर 19 सितंबर को कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके पश्चात मांगों का पत्रक जिला प्रशासन को सौंपेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में अधिक से अधिक पार्टी नेताओं को शामिल होने की अपील की है।

# दो लाख का लालच, दो नाबालिग बेटियों की शादी को तैयार हो गई मां

जागरण संवाददाता, तरकुलवा: दो लाख का लालच देकर एक महिला से उसकी दो नाबालिग बेटियों की शादी को दलाल महिला ने तैयार कर लिया। जब राजस्थान से दो युवक शादी करने के लिए गांव में पहुंचे तो नाबालिग बहनों को इसकी भनक लग गई। उन्होंने हंगामा खड़ा किया तो ग्रामीण जुट गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में ले लिया। हालांकि समझौता कराकर पुलिस ने छोड़ दिया।

- राजस्थान से शादी करने के लिए महिला के घर पहुंचे दो लोग
- शादी की चर्चा सुन नाबालिग बहनों ने किया विरोध, हंगामा

क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला को दो बेटियां हैं। पति बाहर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की एक महिला ने दो लाख रुपये देने व बेटियों की अच्छी घर में शादी कराने की बात कही। बिचौलिया करने वाली महिला के झांसे में महिला आ गई। एक दिन पहले ही राजस्थान से दो युवक गांव पहुंच गए और बिचौलिया के यहां रुक गए। मंगलवार को जब इसकी भनक दोनों नाबालिग बेटियों को लगी तो वह विरोध करते हुए हंगामा करने लगी। आसपास के लोग भी आ गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। थाने में घंटों पंचायत चली। इसके बाद मां नाबालिग बेटियों की शादी न करने की बात कहते हुए लिख कर दिया है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया।

# हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश

मईल: सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेताओं का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मईल थाना क्षेत्र के नरसिंहडाड़ गांव पहुंचकर मृतका किशोरी गुड़िया के परिजनों से मिला। मृतका के मामा सोनू राजभर ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि पुलिस ने दबाव देकर आत्महत्या की तहरीर लिखाई ।परिजनों ने बताया कि गुड़िया को टेलीफोन से घर से बुलाकर हत्या की गई है, लेकिन पुलिस लीपापोती कर रही है। दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग पर धरना पर बैठे परिजनों पर पुलिस ने दबाव बनाकर 12 बजे रात में शव का अंतिम संस्कार करा दिया। परिजनों की बात सुनकर भासपा नेताओं ने कहा कि पीड़ित परिजन को न्याय नहीं मिला तो भारतीय समाज पार्टी सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेगी। भासपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल के बुलावे पर गांव पहुंचे थाना के उपनिरीक्षक रंजीत सिंह से कहा कि हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो थाने का घेराव किया जाएगा।



मृतका गुड़िया के घर पहुंचे सुहेलदेव समाज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल • जागरण

प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव बलवंत कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश राजभर, जिलाध्यक्ष देवरिया रविन्द्र राजभर, मंत्री प्रतिनिधि बृजेश राजभर, अभिनन्दन राजभर आदि उपस्थित रहे।

# बीएसएफ जवान को गार्ड आफ आनर के बीच दी अंतिम विदाई



सलामी देते सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला • जागरण

जासं, खुखुंदू: जम्मू कश्मीर से मंगलवार को बीएसएफ जवान का पार्थिव घर भैंसही लाया गया। पार्थिव गांव पहुंचते ही परिवार में मातम छा गया। देर शाम गार्ड आफ आनर के बीच बीएसएफ जवान को अंतिम विदाई दे दी गई। सांसद, विधायक, एसडीएम समेत अन्य लोगों ने बीएसए जवान को श्रद्धांजलि दी।

- जम्मू कश्मीर से गांव लाया गया पार्थिव, परिवार में छा गया मातम
- सांसद, विधायक, एसडीएम समेत अन्य अधिकारी पहुंच दी श्रद्धांजलि

खुखुंदू थाना क्षेत्र के भैंसही गांव के रहने वाले रामप्रीत यादव बीएसएफ 62वीं बटालियन में एएसआइ के पद पर जम्मू कश्मीर में तैनात थे। मां की मृत्यु के बाद गांव आए थे। एक सप्ताह पहले ही ड्यूटी पर गए थे। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। मंगलवार को पार्थिव गांव पहुंचा। पत्नी रंभा देवी, बेटा आंनद यादव, अभय, भाई प्रवेश यादव दहाड़ मारकर रोने लगे।

परिवार के लोगों को रोता देख वहां मौजूद अन्य लोगों की भी आंखें भर आईं। गांव पर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, विधायक रामपुर कारखाना सुरेन्द्र चौरसिया, सदर एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी, सीओ दीपक शुक्ला समेत अन्य लोग भी पहुंच गए और श्रद्धांजलि दी।

# शिक्षकों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं

देवरिया: उप्र जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ने लोकसभा चुनाव के दौरान शिक्षकों पर दर्ज मुकदमों को वापस करने की मांग की है। साथ ही तीन दिन के वेतन कटौती का भुगतान करने की मांग की है।

मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह, जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह व जिला महामंत्री नंदलाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए शालिनी श्रीवास्तव व वित्त एवं लेखाधिकारी मनमोहन से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपा। कहा कि लोकसभा चुनाव में कई कारणों से कुछ शिक्षक ड्यूटी नहीं कर सके थे। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# पांच दारोगा किए गए लाइन हाजिर, 17 के कार्यक्षेत्र बदले

जासं, देवरिया: पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने सोमवार की रात पांच दारोगाओं को जहां लाइन हाजिर कर दिया, वहीं 17 के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर दिया। जबकि 36 सिपाहियों के भी कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है।

लार थाने से उप निरीक्षक संदीप सिंह, ओमकार सिंह, महुआडीह थाने से उप निरीक्षक त्रिवेंद्र मौर्या, भिंगारी बाजार चौकी प्रभारी सुनील कुमार तथा भलुअनी थाने से अविनाश मौर्या की आए दिन एसपी तक शिकायत पहुंच रही थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए एसपी ने पांचों को सोमवार की रात लाइन हाजिर कर दिया। जबकि पुलिस लाइन से महिला उप निरीक्षक मिथिलेश राय को थाना तरकुलवा, राजेश कुमार भारती को लार, फूलचंद यादव को भटनी, संजय यादव को कोतवाली, चंद्रभान भारती को चौकी प्रभारी भुजौली, महिला उप निरीक्षक कंचन राय को चौकी प्रभारी सेंटर, महिला उप निरीक्षक रेखा देवी को प्रभारी निर्भया बूथ थाना कोतवाली देवरिया में तैनाती दी गई है।

इसी तरह रामपुर कारखाना से अखिलेश सिंह को एकौना, पुलिस लाइन से प्रदीप कुमार पांडेय को वरिष्ठ उप निरीक्षक भलुअनी, पुलिस लाइन से अनिल कुमार तिवारी को सीओ नगर कार्यालय, रुद्रपुर से चंद्रशेखर यादव को महुआडीह, चौकी प्रभारी मेहरौना धर्मेंद्र कुमार को रुद्रपुर, तरकुलवा से इजहार खान को सलेमपुर, पुलिस लाइन से सर्वेश सिंह को बरहज, चौकी प्रभारी कस्बा रुद्रपुर से मनोज उपाध्याय को तरकुलवा, विनोद कुमार को वाचक अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, कोतवाली से महेश यादव को थाना रामपुर कारखाना में तैनाती दी गई है।

# नपा के पूर्व अध्यक्ष के पुत्र को हत्या के प्रयास में 10 वर्ष की कैद

- 2018 में बरहज नगर में शादी न करने पर युवती को मार दी थी गोली
- साक्ष्यों के अवलोकन के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला

विधि संवाददाता, देवरिया: बरहज नगर में 2018 में शादी न करने पर युवती को मारी गई गोली के मामले में मंगलवार को न्यायालय का फैसला आ गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छाया नैन की अदालत ने नगर पालिका बरहज के पूर्व अध्यक्ष विंदेश्वरी प्रसाद जायसवाल के बेटे मानवेन्द्र उर्फ दीपू जायसवाल को हत्या के प्रयास, छेड़खानी का दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष की कैद की सजा सुना दी। साथ ही 32 हजार रुपये के अर्थ दंड से भी दंडित किया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष सिंह ने बताया कि बरहज थाना क्षेत्र की एक युवती 26 मार्च 2018 को शाम 6 बजकर 45 मिनट पर अपनी मां, भाभी व भाई के साथ पूजा करके मंदिर से वापस घर जा रही थी। घर से 50 मीटर पहले ही बरहज थाना क्षेत्र के पुराना बरहज निवासी विंदेश्वरी जायसवाल का बेटा मानवेंद्र उर्फ दीपू जायसवाल ने जबरन रोक लिया और शादी करने के लिए दबाव बनाने लगा। युवती के शादी से इंकार करने पर उसने अपने पास लिए हुए अवैध पिस्टल से युवती के सीने में गोली मार दी। पीड़िता की मां व भाभी ने पकड़ना चाहा तो वह धमकी देते हुए भाग गया। युवती को उपचार के लिए बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया। पीड़िता के भाई की तहरीर पर बरहज पुलिस ने हत्या के प्रयास, छेड़खानी व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया। उभय पक्ष के तर्कों व साक्ष्यों के अवलोकन के पश्चात अदालत ने मानवेंद्र जायसवाल को छेड़खानी, हत्या के प्रयास, अवैध असलहा रखने व उसका प्रयोग करने के मामले में दोषी पाए जाने पर 10 सितंबर को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था। आरोपित को बेगुनाह साबित करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के एक अधिवक्ता ने न्यायालय में तर्क पेश किया था। न्यायालय ने 10 वर्ष की कैद की सजा सुनाई है।

# महायोजना 2031: मंजूरी मिलते ही विरोध शुरू

## सड़क चौड़ीकरण के दायरे में आने वाले लोगों ने उनकी चिंताओं के समाधान की मांग की

अमर उजाला लाइव

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** महायोजना 2031 को शासन से मंजूरी मिलने के बाद शहर को सूरत बदलने के साथ ही व्यापारियों और आम लोगों को चिंता भी सताने लगी है। महायोजना में कई सड़कों का चौड़ीकरण किया जाना है, ऐसे में उन इलाकों के लोगों की रातों की नींद उड़ गई है। उन्हें को विस्थापित होने का डर सता रहा है। अपनी चिंताओं से उन्होंने विधायक को अवगत कराया है, जिस पर विधायक ने शासन और सक्षम पदाधिकारियों से बातचीत कर उचित हल निकालने का आश्वासन दिया है।

12 सितंबर को देवरिया महायोजना-2031 को शासन ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत शहर के मोतीलाल रोड, कसया रोड, मालवीय रोड, न्यू कॉलोनी रोड, सीसी रोड आदि सड़कों की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। कई अवस्थानपा सुविधाओं की वृद्धि होगी। लेकिन व्यापारियों की इसे लेकर अलग ही चिंता है। उनका कहना है कि सड़कों की चौड़ाई को लेकर जो मानक बनाए गए हैं, उससे शहर का भौगोलिक नक्शा तो बदल जाएगा, लेकिन इसके नुकसान भी अधिक होंगे। व्यापार बेहद प्रभावित होगा। इसे लेकर व्यापारी और आम लोग अभी से नुकसान के आंकलन में लग गए हैं।

लोगों का कहना है कि सड़कों की चौड़ाई को लेकर आपत्तियों का निस्तारण उस ढंग से नहीं किया गया जैसी अपेक्षा थी। नई स्थितियों में जिनके मकान और दुकान जद में आ रहे हैं, वह अपनी बात व्यापारी संगठनों के जरिए जनप्रतिनिधियों से इससे होने वाले नुकसान की दुहाई देते हुए समस्या का समाधान निकालने की भी गुहार लगा रहे हैं। माना जा रहा है कि महायोजना लागू होने से करीब 25 हजार लोग प्रभावित होंगे।

भीखमपुर रोड के पप्पू साहू ने बताया कि पहले 15 फीट छोड़कर मकान बनाने का आदेश था, अब यह 45 फीट कर दिया गया है। नए आदेश के बाद तो मकान का काफी हिस्सा इसमें आ जाएगा।

**मोतीलाल रोड :** व्यस्ततम मार्ग माने वाले वाले शहर के इस मार्ग की चौड़ाई 12 मीटर है, इसे 24 मीटर किया जाना है। पुरानी सब्जी मंडी भी इसी से सटे हैं। मोतीलाल रोड से लेकर जलकल रोड तक दोनों तरफ 300 दुकानें हैं। रविवार को छोड़ दें तो पूरे दिन व शाम तक यह मार्ग पर लोगों का आना-जाना सर्वाधिक होता है। मंगलवार को सड़क के एक तिहाई हिस्से पर फल की दुकान वालों का कब्जा भी दिखा। सड़क की चौड़ाई बढ़ने से इन दुकानों को यहां से हटना होगा।

**मालवीय रोड :** यह शहर का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है। यहां पर सराफा, कपड़ा, बर्तन, रेडीमेड की दोनों तरफ 200 से अधिक दुकानें हैं। अभी यह सड़क 12 मीटर चौड़ी है, जिसे भविष्य में 24 मीटर किया जाना है। करोड़ों का टर्नओवर यहां हर दिन होता है। यहां भी सड़कों के चौड़ीकरण से सैकड़ों दुकानें और मकान प्रभावित होंगे लोगों का कहना है कि विकास के साथ लोगों की चिंताओं को भी समझना चाहिए। वहीं नगर पालिका रोड से कसया ओवर ब्रिज तक यह मार्ग और संकरा होकर 15 से 18 मीटर चौड़ी रह गई है। इसे भी 24 मीटर किया जाना है।

**नगरपालिका रोड :** नगरपालिका रोड पर कई सैलून, शामियाना, कैटरर्स, लोहे से संबंधित दुकानें हैं। अभी यह सड़क 12 मीटर की है, जिसे भविष्य में 18 मीटर किया जाना हैं। पूरे दिन यहां भी लोगों का आना-जाना लगा रहता है। यहां भी सड़कों के चौड़ीकरण से कई दुकानें खत्म हो जाएंगी। कई मकान भी जद में आएंगे, जिसे लेकर लोग चिंतित हैं।



मोतीलाल रोड के लोग विस्थापना के डर से सहमे। संवाद



महायोजना के तहत मालवीय रोड की 24 मीटर होनी है चौड़ाई। संवाद

### व्यापार संगठनों से समाधान निकालने की कर रहे मांग

महायोजना से प्रभावित होने वाले व्यापारी व्यापारी संगठनों से मदद की उम्मीद लगाए बैठे हैं। वे संगठनों से इस बारे में समाधान निकालने को कह रहे हैं। हालांकि व्यापारी नेता भी इन्हें सिवाय आश्वासन के कुछ नहीं दे पा रहे हैं। जनपद व्यापार मंडल के अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल ने बताया कि विकास हो, नया देवरिया बने यह अच्छी बात है, लेकिन पुराने बाजारों व सड़कों को न छेड़ा जाए, अन्यथा हजारों की संख्या में लोग बर्बाद हो जाएंगे। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र नाथ त्रिपाठी,सड़कों की चौड़ाई को लेकर व्यापारियों ने एक साल पहले ही अपनी आपत्तियां दर्ज कराई थी, हालांकि इनको दूर नहीं किया गया। जिम्मेदारों को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए।

### कोलकाता की कंपनी ने तैयार किया है मानचित्र

कंसलटेंट स्टेसलिस्ट सिस्टम कंपनी लि. कोलकाता ने संशोधित प्रारूप के साथ नया मानचित्र तैयार किया था। नवंबर 2022 में इसके पूर्व के प्रारुप को लेकर सुनवाई हुई थी। तब कुल 548 आपत्तियां आई थीं, लेकिन सुनवाई में 324 लोग ही उपस्थित हुए थे। सुनवाई समिति के स्वीकृति के बाद डीएम की अध्यक्षता में गठित नियंत्रक प्राधिकारी बोर्ड की बैठक में इसे प्रस्तुत कर शासन को भेजा गया था।

*महायोजना-2031 को मंजूरी मिलने से पहले बाकायदा इसकी पूरी प्रक्रिया चली है। यह मेरे आने के पहले किया जा चुका है। पहले मास्टर प्लान आया होगा, फिर आपत्तियां मांगी गई, आपत्तियों का निस्तारण गठित समिति ने किया है। हर एक आपत्ति को सुना व निस्तारित अवश्य किया गया होगा। यह सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही इसे शासन में मंजूरी के लिए भेजा गया। जद में आने वाले निर्माण कार्यों को नुकसान होना स्वाभाविक है। हालांकि मास्टर प्लान के तहत मार्ग पर जो भी नुकसान होगा, वहां से संबंधित व्यक्ति को जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जाएगा।* ***-दिव्या मित्तल,*** *नियंत्रक प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र*



*मालवीय रोड शहर की सबसे चौड़ी सड़क है। हम यहां 40 साल से किरायेदार हैं। महायोजना के संबंध में एक साल जब आपत्तियां मांगी गई थी तब मकान चौड़ाई को लेकर आपत्ति दर्ज कराई थी। संशोधन का आश्वासन दिया गया था, पर कुछ किया नहीं गया।*
***-कपिल सोनी,*** *मालवीय रोड*



*देवरिया-बरांव मार्ग 14 से 17 मीटर तक है। नए में 30 मीटर तक इसे प्रस्तावित किया गया है। इससे सीसी रोड पर पड़ने वाले नाले सटकर दुकान लगाने वाले प्रभावित होंगे। जो किराये पर लेकर दुकानदारी करते हैं उनका धंधा खराब हो जाएगा।*
***-शरद अग्रवाल,*** *सीसी रोड*



*मोतीलाल रोड के चौड़ीकरण के संबंध में आपत्ति दर्ज कराई थी। अभी यह मार्ग 12 मीटर है, इसे 24 मीटर कैसे होगा। फोरलेन देकर पहले ही शहर को दो हिस्सों में बांट दिया गया है। मेडिकल कॉलेज को शहर से बाहर स्थापित करने के बजाय बीचोबीच में बना दिया जाना शासन की मंशा पर ही सवाल खड़ा कर देता है।*
***-विनोद अग्रवाल,*** *मोतीलाल रोड*



*नगरपालिका रोड को 18 मीटर बनना है। इससे तो हम सभी सड़क पर आ जाएंगे। पिछले साल जब आपत्ति मांगी गई थी, तो प्रशासन की ओर से इस मार्ग पर यथास्थिति बनाए रखने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन महायोजना में ऐसा नहीं है।*
***-ऋषिकेश मद्धेशिया,*** *नगरपालिका रोड*

*महायोजना-2031 के जद में आ रहे व्यापारियों व अन्य लोगों ने अपनी चिंता से उन्हें अवगत कराया है। उनकी समस्या से शासन को अवगत कराया जाएगा। शहर सुंदर हो, यह निर्धारण किया जाएगा। जिला प्रशासन से स्पष्ट कहा गया है कि किसी का नुकसान नहीं होना चाहिए।* ***-डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी,*** *सदर विधायक*

# सिर कूंच कर युवक की नृशंस हत्या, तीन हिरासत में

## अमौनी खास गांव के रहने वाले युवक का अकटिया उर्फ मटियारी गांव में मिला शव, अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी



लाश वाली जगह पर जांच पर करती फोरेंसिक टीम। संवाद

रुद्रपुर। क्षेत्र के अमौनी खास गांव के रहने वाले एक युवक की सोमवार देर रात सिर कूंच कर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह उसकी लाश मटियारी गांव के प्राथमिक स्कूल के पास मिली। ऐसा माना जा रहा है कि उसकी हत्या कहीं और करके शव को वहां फेंका गया था।



चंदन फाइल फोटो

पुलिस ने मृतक के एक रिश्तेदार समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया है। मामले में पुलिस मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कर जांच कर रही है।

अमौनी खास गांव निवासी घूरहू प्रसाद का इकलौता बेटा चंदन (24) पेंट पॉलिश का काम करता था। परिजनों के अनुसार, चंदन सोमवार शाम करीब छह बजे अकटहिया उर्फ मटियारी गांव में अपने एक दोस्त के घर दावत में जाने की बात कह कर घर से निकला। रात करीब नौ बजे चंदन का एक रिश्तेदार महराजगंज गांव निवासी विकास उसके घर पहुंचा और परिजनों को बताया कि चंदन के फोन से उसके फोन पर किसी ने ह्वाट्सअप कॉल कर चंदन के उसके कब्जे में होने की बात कही है।

फोन करने वाले ने दो हजार रुपये चंदन के यूपीआई एकाउंट में भेजने को कहा, नहीं तो उसकी हत्या करने की धमकी दी। इसके बाद से चंदन का फोन बंद है। विकास की बात सुनकर घरवाले परेशान हो गए। उन्होंने उसकी तलाश शुरू की तो मटियरी गांव में चंदन की बाइक मिल गई, पर उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने भी तलाश शुरू की।



रोते बिलखते परिजन। संवाद

इस बीच मंगलवार सुबह करीब छह बजे खेत की ओर गए ग्रामीणों ने मटियरी गांव के प्राथमिक स्कूल के पास एक युवक का खून से लथपथ शव देख पुलिस को सूचना दी। चंदन के परिजनों को भी इसकी जानकारी हुई तो वे मौके पर पहुंच गए और उसकी शिनाख्त की। शव के पास पुलिस को लकड़ी का एक टुकड़ा और आधी ईंट मिली, जिसे पर खून के निशान थे। लेकिन हालात से ऐसा लग रहा था कि हत्या कहीं और करके लाश को यहां फेंका गया था, क्योंकि चंदन के सिर पर किसी भारी वस्तु से प्रहार किया गया था, ऐसे में जहां लाश मिली वहां खून बिखरा हुआ होना चाहिए था, पर ऐसा नहीं था। लकड़ी और ईंट को जिस टुकड़े पर खून के निशान मिले, ऐसा लगता है जैसे लाश फेंकते वक्त शायद खून उन पर लग गए हों। विद्यालय की बाहरी खिड़की पर एक अंडा रोल भी मिला।

फिलहाल फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। घरवालों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस चंदन के रिश्तेदार विकास समेत तीन दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कई तथ्य सामने आएंगे। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

मामला पुरानी रंजिश में हत्या का प्रतीत हो रहा है। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। तीन युवकों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

**संकल्प शर्मा**, एसपी

### दोस्तों की कहानी में उलझी पुलिस, सीडीआर पर निगाहें

रुद्रपुर। अमौनी खास गांव के रहने वाले चंदन गौतम की हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा। पुलिस हिरासत में लिए गए उसके तीनों दोस्त अलग-अलग कहानी बता रहे हैं, जिससे पुलिस की जांच उलझ गई है। पुलिस चंदन के फोन नंबर की कॉल डिटेल निकलवा रही है, जिससे उम्मीद है कि कई तथ्य सामने आएंगे और हत्या की गुत्थी सुलझने में मदद मिलेगी। परिजनों के अनुसार, चंदन अकटहिया उर्फ मटियरी गांव में एक दोस्त के घर दावत में जाने की बात कह कर घर से निकला था, लेकिन हिरासत में लिए गए उस दोस्त ने इससे इनकार किया है। उसका कहना है कि उसके घर सोमवार को चंदन को दावत पर नहीं बुलाया था। दूसरी तरफ अकटहिया उर्फ मटियरी गांव के पड़ोसी गांव महराजगंज के रहने वाले विकास ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह 8.40 बजे भी चंदन के फोन से उसके पास दोबारा ह्वाट्सअप कॉल आई थी, पर बात नहीं हो सकी। वहीं चंदन के गांव के ही रहने वाले एक दोस्त ने उसके अकटहिया गांव के समीप किसी से मिलने की कहानी बताई। पुलिस तीनों को संदिग्ध मान कर पूछताछ में जुटी है। लाश मिलने वाली जगह के चौराहे पर भी शाम को किसी ने युवक को नहीं देखा।

### अकटहिया गांव में पहुंच कर चंदन ने काटा था फोन

पुलिस हिरासत में मौजूद अकटहिया गांव निवासी युवक ने पूछताछ में चंदन के अपने घर पर नहीं आने की बात बताई है। वहीं परिजनों की माने तो चंदन अपनी मंगेतर से फोन पर बातें करते हुए दोस्त के घर तक पहुंचा। इसके बाद मंगेतर से फोन रखने की बात कही। मंगेतर ने चंदन के परिजनों को बताया कि वह जिसके घर दावत में जाने वाले थे वहां पहुंच कर उन्होंने फोन काटा था। पुलिस इस एंगल से भी मामले की जांच कर रही है।

### घटनास्थल पर दिखे चार पहिया वाहन के निशान

जिस जगह से परिजनों ने चंदन गौतम की बाइक बरामद की है, वहां मौके पर चार पहिया वाहन के पहिये के निशान मौजूद थे। रात में लोगों ने खोजबीन की थी। चंदन का शव नहीं दिखा। सुबह में विद्यालय के समीप तिल के खेत में शव मिला। ग्रामीण व परिजनों ने आशंका व्यक्त किया कि चंदन की हत्या अन्यत्र हुई है। उसे यहां लाकर फेंका गया है, क्योंकि सिर्फ एक जगह खून के धब्बे मौजूद थे। अगर हत्या मौके पर हुई होती, तो घटना स्थल पर कई जगह खून के धब्बे मौजूद रहते।

# किशोरी की मौत मामले में एक को उठाया

## खेत में किशोरी का शव मिलने का मामला, कॉल डिटेल खंगाल रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**मईल।** किशोरी की मौत मामले की गुत्थी सुलझने की बजाय उलझती जा रही है। किशोरी के परिजनों ने पुलिस पर जबरन आत्महत्या के लिए उकसाने की प्राथमिकी लिखवाकर हस्ताक्षर करवाने की बात कही।

यहीं नहीं देर रात में दुबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग को ले प्रदर्शन किया। पांच घंटे के मान-मनव्वल के बाद परिजनों ने देर रात में किशोरी का अंतिम संस्कार किया। मामा की तरफ से उपलब्ध कराए गए एक नंबर को ट्रेस कर एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस किशोरी के मोबाइल का सीडीआर भी खंगाल रही है।

### बगल गांव में ननिहाल में रहता है उठाया गया युवक

मईल के एक गांव में ननिहाल में रहने वाली किशोरी की हत्या मामले में पुलिस ने जिस युवक को उठाया है वह भी अपने ननिहाल में रहता है। उसकी किशोरी से नजदीकियां की चर्चाएं हैं। कई ग्रामीण दबी जुबां प्रेम प्रसंग की अटकलें भी लगा रहे हैं। मामा ने भी अक्सर बातें होने की बात कहकर पुलिस को नंबर दिया था। उसी नंबर के आधार पर पुलिस ने उक्त युवक को उठाया है।

मईल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी जो अपने ननिहाल में रहती थी उसकी लाश गांव के महज पांच सौ मीटर की दूरी पर पानी टंकी की चहारदीवारी के समीप धान के खेत में मिली। किशोरी की लाश औंधेमुंह धान के खेत में थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को सीधा किया तो किशोरी के नाक से खून निकला मिला। सीओ बरहज आदित्य कुमार ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है। किशोरी के मोबाइल का सीडीआर मंगाया गया है।

वहीं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेताओं ने मंगलवार को किशोरी के ननिहाल पहुंच परिजनों से मुलाकात की। मृत किशोरी के मामा सोनू से मिले। मामा ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि पुलिस ने दबाव में आत्महत्या का तहरीर लिखवाकर मुकदमा दर्ज किया।

**मनबढ़ई** नोनापार रेलवे स्टेशन के पास सोमवार को ट्रैक पर पत्थर रखने की सीसीटीवी फुटेज तलाश रही टीम

# रेलवे ट्रैक पर शरारत, आरोपियों की तलाश

संवाद न्यूज एजेंसी

**भटनी।** नोनापार रेलवे स्टेशन के पास सोमवार को ट्रैक पर पत्थर रखकर की गई शरारत के मामले में जीआरपी और आरपीएफ ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को दोनों टीमों ने मौके का मुआयना कर आरोपियों की तलाश में आसपास के गांवों में लोगों से पूछताछ की। रेल अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने रेलवे ट्रैक की सुरक्षा को कड़ी चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।

भटनी थाना क्षेत्र के नोनापार रेलवे स्टेशन के पास सोमवार सुबह करीब दस मीटर तक ट्रैक पर पत्थर रखे जाने की घटना के बाद रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी ने मंगलवार सुबह से रेलवे ट्रैक पर सख्त पहरा लगाना शुरू कर दिया है। ट्रैक की सुरक्षा को बढ़ाते हुए गश्त तेज कर दी गई है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।



नोनापार में ट्रैक का निरीक्षण करते जीआरपी जवान। स्रोत जागरूक पाठक

जांच में अब तक किसी आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। साथ ही स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि अगर उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी हो तो वे पुलिस को तुरंत सूचित करें। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की हरकतें न केवल रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचा सकती हैं बल्कि यात्रियों की जान को भी खतरे में डाल सकती हैं।

### रेल अधिकारियों ने घटना को गंभीरता से लिया, पेट्रोलिंग के निर्देश

आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप पाण्डेय ने बताया कि रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के लिए नोनापार स्टेशन और उसके आसपास के इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं और लगातार निगरानी की जा रही है। आरोपियों की पहचान के लिए प्रयास किया जा रहा है। शिनाख्त के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व चेयरमैन के बेटे को दस वर्ष की कैद, 32 हजार रुपये अर्थदंड लगाया

## छेड़खानी, अवैध हथियार तथा जानलेवा हमला करने के मामले में मिला दोषी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

अदालत से

**देवरिया।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छाया नैन की अदालत ने मंगलवार को बरहज नपा के पूर्व चेयरमैन के पुत्र मानवेंद्र उर्फ दीपू जायसवाल को छेड़खानी, अवैध हथियार तथा जानलेवा हमला करने व धमकी देने के मामले में दोषी पाया। अदालत ने आरोपी को दस वर्ष की कठोर सजा तथा 32 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित करने का फैसला सुनाया।

बरहज थाना क्षेत्र की एक युवती 26 मार्च 2018 को शाम 6:45 बजे अपनी मां, भाभी व भाई के साथ पूजा करके मंदिर से आ रही थी कि उसके घर से 50 मीटर पहले ही बरहज थाना क्षेत्र के पुराना बरहज निवासी पूर्व चेयरमैन विंदेश्वरी जायसवाल का लड़का मानवेंद्र उर्फ दीपू जायसवाल जबरदस्ती उसे रोक कर उसके साथ शादी करने का दवाव बनाने लगा। युवती के विरोध करने पर उसने अपने पास रखे अवैध पिस्तौल से युवती के सीने में गोली मार दी। पीड़िता की मां व भाभी ने आरोपी को पकड़ना चाहा तो वह धमकी देते हुए भाग गया। युवती को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहज ले जाया गया, जहां स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल देवरिया रेफर कर दिया, जहां हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने युवती को बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेज दिया।

मेडिकल कॉलेज में एक महीने इलाज के बाद युवती की जान बची। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई की सूचना पर थाना बरहज में पुलिस ने हत्या के प्रयास, छेड़खानी व धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया।

विवेचक उप निरीक्षक हीरामन ने आरोपी के निशानदेही पर 7 अप्रैल 2018 को निर्माणाधीन पुल के नीचे से अवैध पिस्तौल बरामद किया। उभय पक्ष के तर्कों व साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात अदालत ने पाया कि मानवेंद्र जायसवाल छेड़खानी, हत्या के प्रयास व अवैध असलहा रखने तथा उसका प्रयोग करने के मामले में दोषी है। अदालत ने दस वर्ष की कठोर सजा तथा 32 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित करने का फैसला सुनाया। आरोपी एक सप्ताह पूर्व से ही जेल में निरुद्ध है।

## घर में घुसे चोर शोर मचाने पर भागे

चनुकी। बभनौली बारी स्थित प्रेम गोंड के मकान में मंगलवार को शाम सात बजे चोर घुस गए। घर में अकेली लड़की के शोर करने पर चोर बाहर से फाटक बंद कर फरार हो गए। लार के दक्षिण मोहल्ला में करीब तीन बजे हुई चोरी का पता लगाने में पुलिस जुटी थी।

इसी बीच नगर पंचायत लार के ही गयागिर वार्ड के बभनौली बारी में शाम सात बजे ही एक मकान में दो संदिग्ध घुस गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग टार्च और लाठी बल्लम लेकर पलिया और जनुआ के सिवान तक संदिग्ध युवकों की तलाश किए, लेकिन नहीं मिले। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार की किसी घटना की कोई सूचना नहीं मिली थी। अभी दिखवाता हूं। संवाद

# दो नाबालिगों की शादी की सूचना पर पहुंची पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

तरकुलवा। नगर पंचायत एक वार्ड में दो नाबालिग लड़कियों की शादी पैसा लेकर जबरन कराने की सूचना पर पुलिस दौड़ पड़ी। पुलिस दोनों लड़कियों की मां और शादी के लिए बिचौलिए का काम रही महिला को हिरासत में ले लिया। दोनों को थाने लाकर पूछताछ करने के बाद कागजी कार्रवाई करने के बाद छोड़ दिया।

नगर पंचायत के एक वार्ड की रहने वाली महिला अपनी दो नाबालिग लड़कियों की पैसे के लालच में परिवार वालों के चुपके से शादी की बातचीत चला रही थी। उसी वार्ड की एक महिला इस शादी में बिचौलिया के काम में लगी थी। बताते हैं कि जब सूचना लड़कियों को हुई तो उन्होंने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। इससे वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने लड़कियों की मां, बिचौलिया का काम कर रही महिला समेत कई लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। वहां पूछताछ करने के बाद लिखा-पढ़ी कर हिदायत देकर सभी को छोड़ दी। इंस्पेक्टर मृत्युंजय राय ने बताया कि दो नाबालिग लड़कियों के जबरन शादी की सूचना मिली थी। पूछताछ में इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

# विवाहिता की मौत, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

मदनपुर। कुसम्हा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार की शाम एक विवाहिता की मौत हो गई। परिवार वालों के अनुसार वह बीमार थी। इलाज के दौरान मौत होने के बाद अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पर पहुंचे थे, कि मृतका का भाई वहां पुलिस लेकर पहुंच गया।

तलौरा गांव के मुन्ना पांडेय की बेटी चंदा 35 वर्ष की शादी करीब 15 वर्ष पहले कुसम्हा के सोनू तिवारी से हुई थी। सोमवार को तबीयत खराब होने पर परिवार वाले अस्पताल ले गए।

अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका का भाई ध्रुव पांडेय ने थाने पहुंचकर उसकी हत्या की आशंका जताई है। उसने उसके ससुराल वालों पर पिटाई का आरोप लगाया। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा। संवाद

## घाट पर बंधी नाव लेकर भागे चोर

**बरहज।** नगर के पटेल नगर पश्चिमी में सोमवार की रात चोरों ने चोरी का प्रयास किया। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में लोगों ने कहा है कि कुछ संदिग्ध लोग अमानुल्लाह और परदेशी के दरवाजे पर खड़ी की गई बाइक चुराने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच दवा कराकर आए एक शख्स ने सभी को देख लिया और शोर मचाने लगा। जिसे सुनकर मोहल्ले के अन्य लोग भी जग गए। तीनों संदिग्ध घाट पर बंधी दुक्खी साहनी की नाव लेकर भाग लिए। इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। संवाद

## ट्रक में लदे मिले 24 पशु, दो तस्कर गिरफ्तार

**एकौना।** पुलिस ने मंगलवार को रकहट पुल के पास से पशु लदा ट्रक पकड़ा है। ट्रक में पशु लदे है। पुलिस दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि रकहट पुल के पास पशु लदा ट्रक पकड़ा गया। इसमें बेरहमी से 24 पशुओं को लादा गया था। इनमें से कुछ पशु घायल हैं। उनका मेडिकल कराया जा रहा है। दो तस्कर पुलिस की हिरासत में लिए गए है। कार्रवाई पूरी कर गिरफ्तार पशु तस्करों को पशु क्रूरता अधिनियम में चालान किया जाएगा। संवाद

## शांतिभंग में तीन का चालान

**तरकुलवा।** थाना क्षेत्र के दो गांवों के तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया है। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि क्षेत्र के कैथवलिया गांव के निवासी राम वदन यादव व रमेश यादव पुत्रगण राजेंद्र यादव व कैथवलिया गांव के सूरज गोस्वामी पुत्र अजय भारती को शांतिभंग की आशंका में हिरासत में लेकर एसडीएम कोर्ट में भेजा गया है। संवाद

## घर से बीस हजार रुपये चोरी

**लार।** नगर के दलित बस्ती वार्ड निवासी मन्नू के घर के अंदर रखा बीस हजार रुपये किसी ने चुरा लिया। इसकी सूचना पुलिस को तहरीर देकर दी है। पुलिस जांच कर रही है। चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि मामला संदिग्ध है। जांच की जा रही है। संवाद

# पांच उप निरीक्षक लाइनहाजिर दस को मिली नई तैनाती

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले के कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने 22 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। थाने में तैनात पांच सब इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर किया गया।

पुलिस लाइन में रहे 10 सब इंस्पेक्टर को नई तैनात दी गई है। लार थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर संदीप सिंह और ओमकार सिंह, महुआडीह थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर त्रिवेंद्र मौर्य, भलुअनी थाने में तैनात अविनाश मौर्य व खामपार थाने के भिंगारी चौकी प्रभारी सुनील कुमार को लाइन हाजिर कर पुलिस लाइन भेजा गया है।

पुलिस लाइन से महिला उप निरीक्षक मिथिलेश राय को थाना तरकुलवा, राजेश कुमार भारती को थाना लार, फूलचंद यादव को थाना भटनी, संजय यादव को सदर कोतवाली, चन्द्रभान भारती को सदर कोतवाली के भुजौली चौकी प्रभारी, महिला उप निरीक्षक कंचन राय चौकी प्रभारी सेंटर, रेखा देवी को कोतवाली निर्भया बूथ प्रभारी, प्रदीप कुमार पांडेय को थाना भलुअनी, अनिल कुमार पांडेय को सीओ सीटी कार्यालय, सर्वेश कुमार सिंह को थाना बरहज व विनोद कुमार को वाचक, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी बनाया गया है।

## 36 पुलिसकर्मियों का कार्यक्षेत्र बदला

देवरिया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने छह हेड कांस्टेबल व एक महिला हेड कांस्टेबल एवं 29 कास्टेबलों के कार्यक्षेत्र में फेर बदल किया है। इसमें से सात को लाइन हाजिर किया गया है। भलुअनी थाने में तैनात जयदीप दबे व पुनित को, सदर कोतवाली से रामभुवन पटेल को, थाना भाटपाररानी से गोविंद आदि को लाइन हाजिर कर दिया गया है। संवाद


अमर उजाला
क्लासीफाइड
1800-121-1166
मेडिकल
अन्य
दाद, खाज़, खुजली
अकौता, एग्ज़िमा एवं एड़ी फटने के इलाज की दवा का नाम है
क्लिफ
लगाने का मलहम
क्लिफ मलहम का असर पहले दिन से शुरू
क्लिफ मलहम मेडिकल स्टोर से आज ही लायें और तुरन्त आराम पाये
ARPIKE 8859022222

# दो गांवों में विकास कार्य रोका पुलिस के समझाने पर माने

संवाद न्यूज एजेंसी

## ग्रामीण पहुंचे थाने, पुलिस ने पैमाइश करा निर्माण कार्य कराने की दी सलाह

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में मंगलवार को कुछ लोगों ने सड़क बनने से रोक दिया तो एक शख्स सड़क को ही अपनी जमीन बता उस पर शौचालय बनाने लगा। मामला थाने पहुंचा तो पुलिस ने पैमाइश करा निर्माण कार्य कराने की सलाह दी। इसके बाद दोनों पक्ष शांत हुए।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के नूनखार गांगी गांव में मंगलवार सुबह एक शख्स अपनी जमीन बताकर सड़क पर ही शौचालय की दीवार चलवाने लगा। ग्रामीण मना किए तो भी नहीं माना। गांव वालों ने प्रधान सत्यपाल यादव से शिकायत की। शख्स ने प्रधान की बात भी नहीं मानी।

इसके बाद प्रधान और गांव निवासी बसंत चौहान थाने पहुंचे। बसंत ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रोक पैमाइश कराने की सलाह दी। इसके बाद काम रुक गया।

वहीं पिपरा मिश्र गांव में कच्ची सड़क पर खड़ंजा लगाया जा रहा था। जिसे कुछ परिवारों ने रोक दिया। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने पुलिस से की। पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की। गांव के इंद्रासन प्रसाद, चंदन कुमार, सुरेश, बिपिन कुमार और व्यास समेत अन्य ग्रामीणों का कहना है कि खड़ंजा लगने से तीस से चालीस घरों के लोगों का आवागमन सुगमता पूर्वक होगा। फिर भी सड़क बनाने से रोका जा रहा है। समझाने पर मारपीट करने को तैयार हो जा रहे हैं।

एसओ दिग्विजय सिंह ने बताया कि गागी में सड़क पर शौचालय निर्माण कार्य रोक दिया गया है। पैमाइश के बाद आगे की कार्रवाई होगी। जबकि पिपरा मिश्र में पुलिस मौके पर भेजा हूं। बुधवार को दोनों पक्षों की मौजूदगी में बातचीत की जाएगी।

# बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर को गार्ड ऑफ ऑनर

## भैसहां गांव के रहने वाले थे जवान, ड्यूटी के दौरान ही अचानक तबीयत हो गई थी खराब

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। बीएसएफ के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर पार्थिव शरीर मंगलवार शाम को उनके पैतृक गांव भैसहां पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। फिर एसएसबी वाहिनी ने बीएसएफ जवान का पार्थिव शरीर गोरखपुर से सड़क मार्ग होते हुए उनके गांव लेकर पहुंचे।

यहां एसएसबी के 22 वीं वाहिनी महाराजगंज के सब इंस्पेक्टर जवाहर लाल समेत 16 जवानों की टोलियों ने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी। फिर जवान के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के भैसहां गांव निवासी रामप्रीत यादव (55) की वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के बांडीपुरा में बीएसएफ के 62 वीं बटालियन में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के पद तैनाती थी। बीते माह 21 अगस्त को उनकी माता पानमती देवी का निधन हो गया। वह 23 अगस्त को गांव पहुंचे और फिर 5 सितंबर को ब्रम्हभोज कार्यक्रम सम्पन्न होने पर वहां से 10 सितंबर को ड्यूटी के लिए निकले। परिजनों के मुताबिक वहां 11 को पहुंच ड्यूटी ज्वाइन कर लिए। ड्यूटी के दौरान ही अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी।

फोर्स ने उन्हें वहां के बादीपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। बीएसएफ बटालियन मंगलवार को हवाई मार्ग से पार्थिव शरीर लेकर गोरखपुर पहुंचे। गोरखपुर से एसएसबी वाहिनी पार्थिव शरीर लेकर गांव पहुंची। जैसे ही सब इंस्पेक्टर का शव गांव पहुंचा अंतिम दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। पत्नी रम्भा देवी, बड़ा बेटा आनंद यादव बेटा अभय कुमार यादव पिता के शव से लिपटकर दहाड़े मारकर रोने लगे। इस दौरान सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, तहसीलदार, केके मिश्र, सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला, एसओ दिग्विजय सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रामप्रीत यादव को पैतृक गांव भैसहां में गार्ड ऑफ ऑनर देते एसएसबी वाहिनी महराजगंज की फोर्स। स्रोत पुलिस

# आपत्तिजनक नारे पर एक हिरासत में

रामपुर बुजुर्ग। बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव में ईद मिलादुन्नबी की जुलूस के दौरान कुछ युवकों द्वारा आपत्तिजनक नारे लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भाजपा नेताओं ने कार्रवाई की मांग की। इस मामले में इंगुरी गांव के एक युवक को हिरासत में भी लिया है। बनकटा मंडल के युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राहुल प्रताप सिंह पुलिस को पत्र देकर बताया कि सोमवार को क्षेत्र में ईद मिलादुन्नबी की जुलूस इंगुरी गांव से निकाली गई थी। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-18-09-2024



जिला न्यायालय में हवालात का निरीक्षण करते एसपी संतोष कुमार मिश्र ● हिन्दुस्तान

# एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**पडरौना।** एसपी संतोष कुमार मिश्र ने मंगलवार को जिला न्यायालय के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मेटल डिटेक्टर, स्कैनर सहित अन्य उपकरण, हवालात एवं मुल्जिम पेशी में लगे फोर्स का निरीक्षण कर न्यायालय सुरक्षा में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसपी द्वारा न्यायालय परिसर का भ्रमण व निरीक्षण कर संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

# वांछित अभियुक्त चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**पडरौना।** जिले की कप्तानगंज थाने की पुलिस ने मंगलवार को चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। एसपी संतोष कुमार के निर्देश पर जिले में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में मंगलवार को कप्तानगंज थाने की पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त अनुभव मिश्र पुत्र विनोद मिश्र निवासी पटखौली थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद हुई।

# वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

**पटहेरवा।** अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में पटहेरवा पुलिस मंगलवार को एक वांक्षित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। एसओ राकेश रोशन सिंह ने बताया कि वांक्षित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को अभियुक्त सर्वजीत पुत्र नथुनी निवासी मखुआ थाना पटहेरवा को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह कहीं भागने की फिराक में था।

# सात पर दहेज उत्पीड़न का केस

**पटहेरवा।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पटहेरवा पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसने अपनी बेटी का शादी सात वर्ष पूर्व पिपरा कनक धूस टोला निवासी नसीम पुत्र सलीम से की है। आरोप है कि शादी के बाद से ही नसीम, उसकी मां नूर नेशा व मुस्लिम कम दहेज को लेकर बेटी को मारते पीटते रहे और प्रताड़ित करते रहे। नसीम मुस्लिम की पत्नी की बातों को लेकर अपनी पत्नी को मारने पीटने लगा। पीड़ित पिता ने बेटी के ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने की तहरीर दी। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

# 1388 अपराधियों का तैयार किया जा रहा संपूर्ण विवरण

**पडरौना, निज संवाददाता।** जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाने को लेकर एसपी संतोष कुमार मिश्र ने अपराधियों के खिलाफ सख्त तेवर अपनाया है। पिछले 10 वर्ष में डकैती, लूट, चोरी, वाहन चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं में शामिल रहे 1388 अपराधियों का नकेल कसा जाएगा। इसके लिए अपराधियों की थानावार सूची तैयार कर ली गयी है। अब इन पर नकेल कसने के लिए उनका संपूर्ण विवरण तैयार किया जा रहा है।

पिछले 10 वर्षों में संपत्ति संबंधी अपराध डकैती में 51 अपराधी, लूट में 105, चोरी में 331, वाहन चोरी में 388 एवं नकबजनी की घटनाओं में शामिल 513 अपराधियों को चिह्नित किया गया है। इस तरह पूरे जिले में कुल 1388 बदमाश चिह्नित किये गये हैं। इनकी चिह्नित सूची थानावार तैयार की गयी है, जिसमें यह शामिल है कि बदमाश किस थाना क्षेत्र में अपराध को अंजाम दिया है और किस थाना क्षेत्र का रहने वाला है। इन बदमाशों पर नकले कसने के लिए संबंधित थाने के चौकी इंचार्ज, बीट दरोगा एवं बीट सिपाही को जिम्मेदारी सौंपी गयी है कि बदमाशों का सत्यापन की कार्रवाई करते हुए उनका संपूर्ण विवरण तैयार करें। इन बदमाशों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई के लिए मंगलवार से 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के लिए एएसपी, सभी सर्किल के सीओ, थाना प्रभारी, सर्विलांस एवं स्वाट प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि संपत्ति संबंधित अपराधियों के अपराधों की मॉनीटरिंग करते हुए वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। डकैती, लूट, चोरी, वाहन चोरी एवं नकबजनी के अपराधों में जो सक्रिय अपराधी हैं उनके विरुद्ध कठोकर निरोधात्मक कार्रवाई जैसे गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एवं हिस्ट्रीशीट खुलवाने की कार्रवाई कराते हुए इन सभी अपराधियों का नियुमानुसार डोजियर भी तैयार किया जाएगा।

# अखाड़े पुरस्कृत, डोल मेले में उमड़ी भारी भीड़

**समउर बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** उप्र-बिहार बार्डर पर स्थित समउर बाजार कस्बे में लगने वाला दो दिवसीय ऐतिहासिक डोल मेला सोमवार की रात्रि सकुशल सम्पन्न हो गया। मेले में जहां आर्केस्ट्रा के धुन पर लोग थिरकते नजर आए वहीं पुलिस प्रशासन चप्पे चप्पे पर अपनी पैनी नजर बनाए रखा।

देर रात्रि में तीनों अखाड़ों में हुए अंतिम मुकाबले में अखाड़ा नम्बर एक को नृत्य, गायन संगीत व बेहतर झांकी के लिए प्रथम, अखाड़ा नम्बर दो को राष्ट्रीय गीत के लिए प्रथम व अखाड़ा नम्बर तीन को बेहतरीन सजावट के लिए प्रथम स्थान देकर पुरस्कृत किया गया। जबकि नृत्यांगना अदा खान व पल्लवी सिंह को आयोजकों ने बेहतरीन नृत्य के लिए ट्राफी व अवार्ड देकर सम्मानित किया।



समउर बाजार डोल मेला में उमड़ी भीड़। • हिन्दुस्तान

समउर बाजार में लगने वाले ऐतिहासिक मेले की शुरूआत रविवार की रात्रि हुई जबकि समापन सोमवार की देर रात्रि हुआ। आर्केष्ट्रा फिल्मी गीतों के धुन पर दर्शक थिरकते रहे। सोमवार को प्रशासन की मौजूदगी में हुए तीनों अखाड़ो के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक अच्छे प्रदर्शन किया, जिसमें निर्णायक मंडल ने अखाड़ा नम्बर एक को नृत्य, गायन, संगीत व बेहतर झांकी प्रस्तुत करने के लिए प्रथम स्थान दिया जबकि अखाड़ा नम्बर दो को बेहतरीन राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति करने पर राष्ट्रीय गीत के लिए प्रथम स्थान दिया। वहीं अखाड़ा नम्बर तीन को बेहतरीन सजावट के लिए प्रथम स्थान देते हुए पुरस्कृत कर कलाकारों व आयोजकों के हौशले को बढ़ाया। मेले को सकुशल सम्पन्न कराने में प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज अमित शर्मा, थानाध्यक्ष पटहेरवा राकेश रोशन सिंह, चौकी इंचार्ज समउर राहुल कुमार सिंह सहित आठ थानों की फोर्स मौजूद रही।

## जांच में अवैध रूप से संचालित मिला अल्ट्रॉसाउंड सेंटर, दर्ज होगा मुकदमा

# प्रतिबंधित चाइनीज मशीन मिलने के बाद अवैध अल्ट्रॉसाउंड सेंटर सील

**कार्रवाई**

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अपनी रिपोर्ट डीएम के पास भेजी
- जब्त चाइनीज मशीन को विभाग ने कोतवाली पुलिस को सौंपा

**पडरौना, निज संवाददाता।** पडरौना के खिरकिया बाजार के समीप लाइफ केयर पैथालॉजी में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर में प्रतिबंधित चाइनीज मशीन से जांच की जा रही थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेंटर को सील कर दिया है। चाइनीज मशीन तब्त कर टीम ने पडरौना कोतवाली में जमा करा दी है। टीम ने सेंटर पर मौजूद दो मरीजों को स्वास्थ्य को लेकर जागरूक किया। सीएमओ ने संचालक पर केस दर्ज कराने के लिए डीएम को रिपोर्ट भेज कर अनुमति मांगी है।



पडरौना में पैथोलॉजी को सील करते नोडल अधिकारी डॉ. अवधेश कुशवाहा।

पडरौना में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों व अल्ट्रासाउंड सेंटरों की टीम ने जांच की। टीम में शामिल प्राइवेट अस्पताल के नोडल डॉ. अवधेश कुशवाहा व जिला समन्वयक अजय दुबे ने पडरौना के खिरकिया बाजार के समीप अवैध रूप से चल रहे लाइफ केयर पैथोलॉजी तथा अल्ट्रासाउंड क्लीनिक पर छापेमारी कर जांच की। पैथोलॉजी पर अल्ट्रासाउंड सेंटर अब्बास अंसारी पुत्र जलालुद्दीन अंसारी द्वारा अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने पाया कि यहां जांच के लिए चाइनीज मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा था। यह मशीन भारत में पूर्णतया प्रतिबंधित है। टीम ने मशील को कब्जे में लेकर पडरौना कोतवाली में जमा करा दिया है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तत्काल प्रभाव से पैथालॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया। नोडल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दो मरीज मिले। इस संबंध में सीएमओ डॉ.सुरेश पटारिया ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पडरौना के खिरकिया में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड को सील किया है। पैथोलॉजी की आड़ में अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहा था। टीम ने सेंटर से प्रतिबंधित चाइनीज मशीन बरामद कर कोतवाली में जमा कराया है। संचालक के खिलाफ डीएम के अनुमोदन पर केस दर्ज कराया जायेगा।

# फोरलेन पर चलते ट्रक में लगी आग, लोगो ने किया काबू

**दाहूगंज,हिन्दुस्तान संवाद।** तमकुही राज थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम हाईवे पर सामान लदे ट्रक में देवला पोखरा के पास आग लग गई। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। ट्रक पर लदे कुछ सामानो को नुकसान पहुंचा है। ट्रक गाजियाबाद से समान लेकर बिहार के दरभंगा जा रहा था।

मंगलवार शाम को तमकुहीराज थाना क्षेत्र में फोरलेन स्थित देवला पोखरा के समीप एक चलते ट्रक में शार्ट सर्किट से आग लग गई।लोगो की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। ट्रक तमकुही के तरफ से बिहार जा रहा था।ट्रक में आग लगने की जानकारी के कुछ देर बाद तक चालक ट्रक रोक आपा खो कर केबिन में बैठा रहा। आग लगने की जानकारी के बाद पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से चालक को बाहर निकाला गया और लोग आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। कुछ लोगो नें हिम्मत दिखाई और ट्रक के ऊपर चढ़ आग से जल रहे सामान को नीचे फेकने लगे। तमकुहीराज पुलिस मौके पर पहुंची।लोगों की समझ व मेहनत के कारण आग पर काबू पाया गया।ट्रक चालक शाहजहांपुर निवासी रूपेंद्र पाल (28) नें बताया एक सहयोगी के साथ गाजियाबाद से सामान लेकर बिहार के दरभंगा जा रहा था कि शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई।

## नौकरी के नाम पर 70 हजार की ठगी, चार पर केस

**पटहेरवा।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पटहेरवा थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी एक व्यक्ति पर पति की नौकरी लगवाने के लिए 70 हजार रुपये और सोने के गहने लेने का आरोप लगाया है। आरोपी अब फोन नहीं उठा रहा तो पीड़िता उसके घर गई तो आरोपी की मां और भाई गाली गलौज करने लगे। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस आरोपी सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

# जीवित को मृत दर्ज कराने वाला ग्रापं सचिव निलंबित

- जीवित दो वृद्ध को सत्यापन में अंकित कर दिया था मृतक
- रिपोर्ट के आधार पर वृद्धावस्था पेंशन योजना से हो गए वंचित

पडरौना, निज संवाददाता। वृद्धावस्था पेंशन योजना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक सत्यापन में जीवित पात्र पेंशनर को मृतक अंकित कर पेंशन योजना से वंचित करने के आरोप में ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित किया गया है। खड्डा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सोहरौना में सचिव धर्मेन्द्र यादव द्वारा पेशन के लाभार्थियों का सत्यापन किया गया था, जिसमें उनके द्वारा गांव के दो वृद्धावस्था पेंशन योजना लाभार्थियों के जीवित होते हुये सत्यापन में मृतक दिखाकर विभाग को सूची भेज दिया। उस मामले में जांच के बाद पता चला कि दोनों लाभार्थी पात्र व जीवित हैं।

समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रति वर्ष वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों का सत्यापन कराया जाता है। इससे उनके मृत्यु होने तथा पात्रता का पता चलता है। सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर उनको पेंशन का लाभा या वंचित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक सत्यापन में खड्डा ब्लॉक के सोहरौना गांव में ग्राम विकास अधिकारी धर्मेन्द्र यादव ने सत्यापन कर रिपोर्ट भेजा। इसमें उन्होंने दो लाभार्थियों के जीवित होने पर मृतक बताते हुये पेंशन योजना से कर दिया। इसको लेकर लाभार्थी जीवित होने की प्रार्थना पत्र सीडीओ से लेकर विभाग तक पहुंचे। इस मामले में सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने जांच कराया, तो ध्रुवपति देवी निवासी ग्राम सोहरौना व जगदीश निवासी ग्राम सोहरौना जीवित मिले। जो पात्र थे और पेंशन योजना का लाभ मिल रहा था। लेकिन सचिव द्वारा सत्यापन में उन्हें मृतक अंकित करने से ये योजना से वंचित हो गये। सीडीओ ने इस मामले में सचिव धर्मेन्द्र यादव को दोषी पाये जाने पर कार्रवाई करते निलंबित करते हुये धर्मेन्द्र यादव, ग्राम विकास अधिकारी को विकास खण्ड-कप्तानगंज, जनपद-कुशीनगर से सम्बद्ध करते हुए प्रकरण में बीडीओ कप्तानगंज को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।

# न्यायालय की सुरक्षा का पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा, दिया निर्देश

जागरण संवाददाता, पडरौनाः पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने दीवानी न्यायालय परिसर का मंगलवार को निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि संदिग्ध व्यक्तियों का परिसर में प्रवेश न होने पाए।

पुलिस अधीक्षक दोपहर में न्यायालय पहुंचे। मेटल डिटेक्टर, स्कैनर आदि उपकरणों को चेक किया। लाकप पहुंच वहां की व्यवस्था देखी। पेशी पर आए बंदियों की ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को और भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कहा कि बंदियों को न्यायालय कक्ष ले जाने व फिर ले आने के दौरान किसी तरह की कोई कोताही न बरती जाए। दायित्वों के प्रति लापरवाही से बड़ी घटनाएं सामने आतीं हैं।

कहा कि न्यायालय आए सभी व्यक्तियों की अनिवार्य रूप से जांच पड़ताल करें। संदिग्ध व्यक्ति परिसर में प्रवेश न पा सके।

उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित कराएं कि कोई भी व्यक्ति शस्त्र लेकर न्यायालय परिसर में न जाए। बंदियों से मिलने आए लोगों पर भी कड़ी नजर रखें। इन्हें कोर्ट लाकअप के आसपास न रहने दें। परिसर की सुरक्षा को लेकर हर समय सतर्क रहें। कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसकी जांच करें।

# अधिक शिकायत वाले इलाकों में हुई पीआरवी की तैनाती

जागरण संवाददाता, पडरौना: 112 पर काल करने के बाद जल्द से जल्द पीआरवी मौके पर पहुंच सके, इसके लिए नई व्यवस्था की गई है। उन जगहों पर पीआरवी को अब हमेशा मुस्तैद रहने का निर्देश हुआ है, जहां से ज्यादा काल आई है। बीते दिनों निर्देश हुआ था कि 112 का तीन से चार माह का डाटा निकाला जाए। उसका अध्ययन करने के बाद उन जगहों को चिन्हित किया गया, जहां से मदद के लिए ज्यादा काल आई थी। इसके बाद चिन्हित कसया, पडरौना सहित 10 स्थानों पर पीआरवी को ज्यादा सक्रिय रखने को कहा गया है।

आपातकालीन पुलिस सहायता, अब जरूरतमंदों तक जल्द से जल्द पहुंचेगी। विभाग द्वारा उन इलाकों में पीआरवी को ज्यादा सक्रिय रहने को कहा गया है, जहां से पुलिस सहायता के लिए अधिक फोन काल आए थे। चिन्हित इलाकों में अब पीआरवी को ज्यादा सक्रिय रखा जाएगा, ताकि मदद के लिए फोन आते ही कम से कम समय में रिस्पांस दिया जा सके। उल्लेखनीय है कि बीते तीन से चार माह के डाटा का अध्ययन कर ऐसे इलाके चिन्हित किए गए। इसमें नगर के अलावा कसया, तुर्कपट्टी, हाटा, खड्डा, नेबुआ नौरंगिया, जटहाबाजार, कप्तानगंज, तमकुहीराज व सेवरही शामिल है। नागरिकों की त्वरित सहायता के लिए

- चार माह के डाटा का अध्ययन कर चिह्नित किया गया इलाका
- रिस्पांस टाइम और कम करने की चल रही कोशिश, दिखेगा असर

नागरिकों तक जल्द से जल्द पुलिस की मदद पहुंचाई जा सके, इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बीते तीन से चार माह के आंकड़ों का अध्ययन कर सर्वाधिक फोन काल वाले इलाकों में पीआरवी को और मुस्तैद रखे जाने का निर्णय हुआ है।

रितेश कुमार सिंह, एएसपी

आपातकालीन पुलिस सेवा 112 संचालित हो रही। इससे पुलिस के साथ ही स्वास्थ्य सेवा, अग्निशमन, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन को भी जोड़ा गया है। 112 नंबर पर फोन करने पर नजदीक मौजूद पीआरवी, पब्लिक रिस्पांस व्हीकल, मौके पर पहुंच जरूरतमंदों की मदद करती है। ग्रामीण इलाकों के साथ ही शहरी इलाकों में इसका रिस्पांस टाइम कम से कम हो महकमा इसकी कोशिश लगातार कर रहा है।

# चोरी की बाइक बरामद युवक गिरफ्तार

कप्तानगंज : कस्बा के आजाद चौक पर मंगलवार को पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान कप्तानगंज थाने के पटखौली गांव के अनुभव मिश्रा के रूप में हुई। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। (जासं)

# आकर्षक रहीं झांकियां, खिलाड़ियों ने दिखाए करतब

## पुरस्कार वितरण के साथ हुआ मेले का समापन, सुरक्षा व्यवस्था के लिए चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस



समउर बाजार स्थित डोल मेला में उमड़ी लोगों की भीड़ • जागरण



डोल मेला में करतब दिखाता कलाकार • जागरण

जागरण संवाददाता, समउर बाजार : समउर बाजार में आयोजित होने वाले दो दिवसीय डोल मेला का समापन सोमवार की देर शाम उल्लास के माहौल में हुआ। तीन अखाड़ों के द्वारा भगवान महावीर की शोभा यात्रा निकाली गई, जिसके पीछे उत्साहित युवकों व कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखा कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

मेले का समापन देर रात अखाड़ों के प्रतियोगिता के पश्चात पुरस्कार वितरण के बाद हुआ। मेले में प्रत्येक अखाड़े ने अपनी एक सुसज्जित झांकी निकाली। ढोल-नगाड़ों के बीच उत्साही युवा व कलाकारों ने अस्त्र व लाठियां भांजी व खतरनाक स्टंट किए। इसे देख दर्शकों ने दांतों तले अंगुलियां दबा ली। मेला की सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसडीएम विकास चंद व सीओ जितेंद्र सिंह कालरा के नेतृत्व में मेले में आठ थानाध्यक्ष, 30 दरोगा, एक प्लाटून पीएसी, चार महिला एसआइ, 20 महिला कांस्टेबल, 150 हेड कांस्टेबल व सिपाही, अग्निशमन दस्ता के अलावा सादे कपड़ों में भी पुलिस कर्मी तैनात रहे। एसएचओ अमित कुमार शर्मा व चौकी प्रभारी राहुल सिंह सुरक्षा व्यवस्था की मानीटरिंग करते रहे। आनंद मद्धेशिया, बबलू मद्धेशिया, राजकुमार, प्रियांशु जायसवाल, धनंजय जायसवाल, अरुण सिंह, मनोज सिंह, सत्यानन्द मिश्र, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# युवती ने नदी में लगाई छलांग युवक ने सकुशल बचाया

जासं, खानगी बाजार : बरवापट्टी व विशुनपुरा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव पांडेयपट्टी स्थित बांसी नदी पर बने पक्के पुल पर मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवती आत्महत्या करने के नियत से पुल की रेलिंग पर चढ़ कर नदी की धारा में छलांग लगा दी। राहगीरों व ग्रामीणों के शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाले युवक ने डूब रही युवती को बचाने के लिए अपनी जान की परवाह न करते हुए सकुशल बचा लिया।

ग्रामीणों के अनुसार यहां आए दिन खतरनाक मगरमच्छ निकलते रहते हैं। ग्रामीणों के अनुसार नदी पुल पर उत्तर दिशा से एक युवती मोबाइल पर बात करते हुए तेज कदमों से आई और दुपट्टा रेलिंग पर रखकर रेलिंग पर चढ़कर नदी की धारा में छलांग लगा दी। यह देख पुल पर मौजूद राहगीर व आस-पास के ग्रामीण शोर मचाने लगे। इसी बीच पांडेय पट्टी निवासी युवक दिलीप ने बीच धारा में छलांग लगा दी और तैर कर पुल के नीचे डूब रही युवती को बचा लिया। इसको लेकर करीब 40 मिनट अफरा-तफरी का माहौल रहा। पीछे से पहुंची युवती की मौसी व अन्य महिलाएं उसे लेकर घर चली गई। थानाध्यक्ष विशुनपुरा रामसहाय चौहान ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं आया है। पता कराता हूं। बरवापट्टी थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि रामपुर बरहन के बरवाटोला की रहने वाली युवती अमवाखास में मामा के घर रहती है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मामा के घर ही मौसी के डांटने से नाराज होकर घर से निकली थी।

# खिरकिया में अवैध पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर सील

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारा छापा, संचालक नहीं दिखा सका पंजीकरण संबंधी कागजात

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। अवैध रूप से संचालित निजी अस्पताल, पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटरों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। मंगलवार को पडरौना शहर से सटे खिरकिया बाजार में अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया।

इस मामले में एसीएमओ एवं नोडल अधिकारी डॉ. अवेधश कुशवाहा ने संचालक के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर सौंपी है।

एसीएमओ डॉ. अवधेश कुशवाहा के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम खिरकिया बाजार में संचालित हो रहे लाइफ केयर पैथालॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच करने पहुंची। जांच के दौरान जब टीम ने संचालक अब्बास अंसारी से पंजीकरण से संबंधित कागजात मांगा तो संचालक कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। टीम ने



खिरकिया बाजार में अवैध पैथालॉजी सील करते स्वास्थ्य विभाग की टीम। स्रोत-स्वास्थ्य विभाग

### इस्तेमाल हो रही थी चीन की मशीन संचालक पर दर्ज होगा केस

पैथोलॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर को अवैध पाकर उसे सील कर दिया।

एसीएमओ ने बताया कि अवैध रूप तरीके से पैथोलॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर को संचालित किया जा रहा था। पैथालॉजी में चीन निर्मित मशीन का प्रयोग किया जा रहा था। कोई भी वैध कागजात संचालक के पास नहीं मिला। इसके बाद सील की कार्रवाई करते हुए संचालक अब्बास अंसारी के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दे दी गई है। बुधवार को इसकी रिपोर्ट बनाकर डीएम को भेज दी जाएगी।

# युवक पर हमला मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा

जोकवा बाजार: चार दिन पूर्व के सरैया महंथपट्टी के मनीष प्रसाद पर जानलेवा हमला करने के मामले में सोमवार की शाम चौराखास थाना पुलिस तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज की। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक मनीष बीते 12 सितंबर की शाम रहसू बाजार से सब्जी खरीद कर साइकिल से घर जा रहे थे। मरचहिया डीह के समीप पहले से घात लगाए गांव के ही वीरेंद्र यादव, आरिफ अंसारी व अविनाश शर्मा ने उनका मोबाइल निकाल लिया, मांगने पर लोहे की राड से सिर पर प्रहार कर दिया। क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेंद्र कालरा ने बताया कि मुकदमा दर्ज मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

# बिना पंजीकरण के संचालित लाइफ केयर क्लीनिक सील



पडरौना नगर के खिरकिया रोड स्थित लाइफ केयर पैथालाजी को सील करने के बाद मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम • जागरण

जागरण संवाददाता,भैरोगंज: कोतवाली के खिरकिया बाजार में फर्जी तरीके से संचालित लाइफ केयर पैथालाजी व अल्ट्रासाउंड क्लीनिक को मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामरी कर सील कर दिया। यह केंद्र अवैध रूप से चलाया जा रहा था।

सीएमओ डा. सुरेश पटारिया के निर्देश पर नोडल अधिकारी डा.अवधेश कुशवाहा टीम के साथ अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासांउड केंद्रों की जांच करने के लिए जटहां बाजार की ओर निकले। टीम के साथ लाइफ केयर पैथालाजी व अल्ट्रासाउंड क्लीनिक पर पहुंचे, जहां जांच के दौरान पंजीकरण संबंधी प्रपत्र मांगे जाने पर संचालक अब्बास अंसारी कुछ नहीं दिखा सका। टीम ने क्लीनक को सील कराते हुए चाइनिज मशीन मशीन को कोतवाली में जमा करा आमद कराया। इस दौरान अजय दूबे आदि मौजूद रहे।

# कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था परखी

**पडरौना।** एसपी संतोष कुमार मिश्र ने मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मेटल डिटेक्टर, स्कैनर व अन्य उपकरण के अलावा लॉकअप को देखा।

मुल्जिम पेशी में लगे फोर्स की जानकारी ली। न्यायालय सुरक्षा में तैनात अधिकारी व कर्मचारियों को एसपी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में लगे उपकरणों को हमेशा क्रियाशील रखें। उन्होंने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा संबंधी जरुरी निर्देश दिया।

**एसपी ने जिला एवं सत्र न्यायालय की सुरक्षा का जाना हाल**

कहा कि प्रवेश के समय ही लोगों की सघन जांच करें ताकि न्यायालय में कोई भी अपराधी अथवा असामाजिक तत्व शस्त्र या कोई अन्य आपत्तिजनक सामग्री लेकर प्रवेश न कर सके। कोर्ट लॉकअप के आसपास से मुलाकातियों को दूर रखा जाय। संवाद

# पुलिस ने 1388 बदमाशों की तैयार की सूची

**पडरौना।** जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराधियों पर नकेल कसे जाने के लिए एसपी संतोष कुमार मिश्र के निर्देश पर पिछले 10 वर्षों में संपत्ति संबंधी अपराधों (डकैती-51, लूट-105, चोरी-331, वाहन चोरी-388, नकबजनी-513) में नामजद कुल 1388 अपराधियों की सूची थानावार तैयार कर ली गई है। इसमें अभियुक्त से संबंधित थाने के चौकी इंचार्ज से अपराधियों के सत्यापन की कार्रवाई करते हुए उनका संपूर्ण विवरण तैयार किया जाएगा।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि मंगलवार से संपत्ति संबंधी अपराध के अपराधियों के सत्यापन व उनके विरुद्ध कठोर निरोधात्मक कार्रवाई के लिए 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें एएसपी, सीओ, एसएचओ, सर्विलांस व स्वाट प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिया गया है। अपराधियों के अपराधों की मॉनीटरिंग करते हुए उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जो संपत्ति संबंधी अपराधों में सक्रिय अपराधी हैं, उनके खिलाफ पुलिस सख्ती से पेश आएगी। संवाद

# किशोरियों का धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश, आरोपियों को जेल

## शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का भी दोनों आरोपियों ने किया था प्रयास

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र की दो नाबालिग बहनों को शादी का झांसा देकर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश करने के दो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। आरोपी किशोरियों के गांव के ही रहने वाले हैं। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

इसके पहले भी दोनों आरोपियों ने किशोरियों से छेड़छाड़ की थी। बताया जा रहा है कि उस दौरान गांव में ही पंचायत कर मामले में सुलह-समझौता करा दिया गया था।

हनुमानगंज थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित ने पुलिस को तहरीर में बताया है कि उनकी दो नाबालिग बेटियों को गांव के ही रहने वाले पतरू अंसारी व अवसान अंसारी कई महीने से परेशान करते आ रहे हैं और गलत संबंध के लिए दबाव बनाते हैं। आरोप है कि एक माह पूर्व दोनों ने पड़ोस के एक लड़के से उनकी बेटियों के पास मोबाइल भेजा था। उनके बेटे ने उसे पकड़ लिया था। इस मामले में आरोपियों को समझाने के साथ ही उनके परिजनों से शिकायत भी की गई।

पीड़ित पिता का कहना है कि लोकलाज के कारण उस वक्त थाने में शिकायत नहीं की गई, गांव में ही पंचायत कर सुलह-समझौता कर लिया गया था।

आरोप है कि करीब एक सप्ताह पूर्व पतरू और अवसान ने फिर पड़ोसी लड़के के जरिये मोबाइल भेजा, जिसे किशोरियों की मां ने पकड़ लिया। शिकायत लेकर किशोरियों का भाई आरोपियों के घर पहुंचा तो उसके परिजन मारपीट पर उतारू हो गए और जान से मारने की धमकी देने लगे।

### जाल में फंसाकर कराना चाहते थे धर्म-परिवर्तन

**किशोरियों** के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि पतरू और अवसान उनकी बेटियों को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देते हुए संबंध बनाने के साथ ही धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश कर रहे थे, जो लव जिहाद की श्रेणी में आता है। एसपी संतोष कुमार मिश्र के आदेश पर हनुमानगंज पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 75, 351 (3), 131 व 299 समेत पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया। एसओ हनुमानगंज अजय कुमार पटेल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं।

# चोरी के मामले का वांछित गिरफ्तार

**पडरौना।** कप्तानगंज थाने की पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त अनुभव मिश्रा निवासी पटखौली थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी के बाइक को भी पुलिस ने बरामद किया है। इस मामले में पुलिस वांछित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ राजकुमार बरवार, एसआई दीपक सिंह, अंकित सिंह, अश्वनी कुमार, कांस्टेबल यशवंत कुमार व सुरेश यादव शामिल रहे। संवाद

# दो माह बाद बाइक चालक पर केस

गोड़रिया/गौरी श्रीराम। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के गगलवा पुल के पास दो माह पूर्व बाइक की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान गोरखपुर के निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। घटना के दो माह बाद पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाने का केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

तरयासुजान थाना क्षेत्र के घघवा जगदीश निवासी ज्ञांति देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनके 40 वर्षीय पति जितेंद्र 24 जुलाई को गांव निवासी भैरो जायसवाल के साथ बाइक से पडरौना से वापस घर लौट रहे थे। तभी विशुनपुरा थाना क्षेत्र के गगलवा पुल पर तेज रफ्तार एक बाइक से टक्कर हो गई। संवाद

# कुशीनगर में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर ने बेचा था वीडीओ का आईडी-पासवर्ड

## फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार, बिहार का युवक पहले ही आ चुका है गिरफ्त में

संवाद न्यूज एजेंसी

**हाथरस।** थाना सिकंदराराऊ पुलिस एवं साइबर थाना पुलिस ने हाथरस के चार ग्राम पंचायत अधिकारियों की सीआरएस पोर्टल की आईडी से फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने के मामले में कुशीनगर निवासी अरविंद प्रसाद को गिरफ्तार किया है।

वह कुशीनगर जिले के ब्लॉक तयसोई में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर का कार्य करता है। पुलिस का दावा है कि इसी ने ग्राम पंचायत अधिकारियों की आईडी और पासवर्ड चोरी कर बेचे थे। इसके कब्जे से 14 जन्म प्रमाणपत्रों की प्रतियां भी बरामद हुई हैं।

इस मामले में पुलिस ने एक सितंबर को सोनालाल कुमार निवासी गांव ढेकहा, थाना पीपरा कोठी, जनपद पूर्वी चंपारण बिहार को गिरफ्तार किया था। उससे की गई पूछताछ में अभियुक्त अरविंद प्रसाद निवासी लक्ष्मीपुर बुजुर्ग थाना तमकुहीरा जनपद कुशीनगर का नाम सामने आया।

पुलिस ने उसे मंगलवार को कासगंज रोड स्थित सरदला पुल के नीचे से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त अरविंद ने पूछताछ में बताया कि वह कुशीनगर में ब्लॉक तयसोई में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। पैसे लेकर मेल आईडी और पासवर्ड बेच देता था।

**अमर उजाला ने किया था फर्जी जन्म प्रमाणत्र जारी होने का खुलासा :** हसायन ब्लॉक की ग्राम पंचायत सिंचावली सानी, सादाबाद की रहपुरा, बीजलपुर और पट्टी बहराम के ग्राम पंचायत अधिकारियों की सीआरएस पोर्टल की आईडी से 47 जिलों के लोगों को 2199 फर्जी जन्म प्रमाणपत्र जारी हुए थे। अमर उजाला के इस मामले को उजागर करने के बाद शासन से रिपोर्ट तलब की गई थी। ग्राम पंचायत अधिकारी सिंचावली सानी ईश्वरचंद ने हसायन कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। इसकी जांच कोतवाली सिकंदराराऊ के प्रभारी और साइबर सेल कर रही है।

*जन्म प्रमाण पत्र मामले में कुशीनगर के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।*

**- श्यामवीर सिंह**, सीओ सिकंदराराऊ।

### मथुरा व बिहार में बेची गई थी आईडी

**पुलिस** की जांच में ग्राम पंचायत अधिकारियों की सीआरएस पोर्टल आईडी से जन्म प्रमाणपत्र मामले में लगातार नए तथ्य सामने आ रहे हैं। अब यह तथ्य सामने आया है कि सीआरएस आईडी को कुशीनगर के संविदा कर्मी अरविंद प्रसाद ने मथुरा के रहने वाले प्रिंस नामक युवक को 19 हजार रुपये में बेचा था। इसके बाद यह आईडी प्रिंस ने बिहार के सोनालाल को 25 हजार रुपये में बेची। इसी तरह से यह आईडी कई जिलों में फैलती चली गई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### जिले की चार ग्राम पंचायतों से जारी हुए थे 2199 फर्जी जन्म प्रमाणपत्र

# बनवीरा में चोरों के भय से रतजगा कर रहे ग्रामीण

## दो थानों के बाद अब पटहेरवा में दहशत, बाहरी व्यक्ति के आने पर निगरानी रख रहे लोग

जागरण संवाददाता, पटहेरवा : क्षेत्र के गांव बनवीरा में सोमवार की रात में चोरों के आतंक से ग्रामीण हाथ में लाठी व टार्च लेकर पहरा देते रहे। गांव में कई दिनों से चोर घुसने की बात ग्रामीण कह रहे है।

गांव के बाहर रात में आने-जाने वाले लोगों पर ग्रामीण निगरानी भी रख रहे हैं। चौराखास व तुर्कपट्टी के गांवों में चोरी की घटनाओं का शोर अभी थमा भी नहीं कि अब पटहेरवा के कई गांवों में ग्रामीण चोरों से भयभीत दिख रहे है। बनवीरा में रात में एकाएक शोर मचा कि चोरों का एक गिरोह गांव में घुस गया है। पूरी रात चोरों की भय से ग्रामीण पहरा देते रहे। ग्रामीणों का कहना है कि दिन में कुछ संदिग्ध लोग गांव की रेकी कर रहे है और रात में गांव में चोरी की घटनाएं हो रही है। गांव के प्रमोद शाही, सुनील पटेल, श्रीकांत, मनोज कुमार, राजेश, रामप्रीत व नितेश कुमार आदि का कहना है कि रात में उनके गांव में तीन दिन से रात में चोर आने की सूचना के बाद वह अब रात में टार्च व लाठी लेकर पहरा दे रहे है। सोमवार रात में पुलिस को सूचना दी गयी और पीआरवी पहुंची, लेकिन जानकारी लेकर वापस लौट गई। ग्रामीणों का कहना है कि सरेह में चोरों की चहल-पहल के बाद ग्रामीण चौकसी बरत रहे हैं। थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह का कहना है कि जोगिया में पुलिस टीम गई थी लेकिन बनवीरा के बारे में कोई ऐसी सूचना नहीं है। पता करवा रहा हूं। क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।



बनवीरा में चोरों के दहशत से घर के बाहर लाठी-डंडा लेकर पहरा देते लोग • जागरण

# दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप, केस

**पटहेरवा।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पटहेरवा पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसने अपनी बेटी का विवाह सात वर्ष पूर्व पिपरा कनक घुसटोला थाना पटहेरवा निवासी नसीम से किया था। शादी के दौरान दो लाख रुपये नकद, बाइक समेत अन्य उपहार देकर बेटी को विदा किया।

**सात लोगों पर केस दर्ज कर जांच कर रही पुलिस**

आरोप है कि शादी के बाद से ही नसीम, उसकी मां नूर नेशा कम दहेज को लेकर उनकी बेटी को मारते-पीटते हैं और दहेज के प्रताड़ित करते हैं।

इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़त का केस दर्ज किया है। संवाद

# मारपीट के मामले में तीन पर केस

**रहसू बाजार।** चौराखास थाना क्षेत्र के सरैया महंथ पट्टी गांव में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव के रवीश कुमार ने तहरीर में बताया है कि वे 12 सितंबर को रहसू बाजार से शाम सात बजे सब्जी लेकर घर जा रहे थे। मरिचहिया डीह के पास गांव के ही वीरेंद्र यादव, आरीफ अंसारी व अविनाश शर्मा ने उनका मोबाइल छीन लिया और अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने लगे। जब मोबाइल वापस मांगा तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। हॉकी व राड से सिर पर प्रहार कर दिया।

**सरैया महंथ पट्टी गांव का मामला**

इससे वह अचेत होकर गिर पड़े। मरा हुआ समझकर आरोपी वहां से भाग निकले। फाजिलनगर सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। चौराखास एसओ चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# अवैध अस्पतालों पर लगेंगे ताले, दर्ज होगा केस : डीएम

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। अवैध अस्पतालों पर ताले लगेंगे और केस दर्ज कराया जाएगा। रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों को बंद कराया जाएगा। माइक्रो फाइनेंस कंपनियों की ओर से गरीबों को ऋण देने के बाद नियम विरुद्ध वसूली पर रोक लगेगी।



विशाल भारद्वाज।

डीएम विशाल भारद्वाज ने मंगलवार को कलक्ट्रेट में अपनी प्राथमिकताएं बताईं। कहा कि कुशीनगर में विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कुशीनगर को विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। शासन की योजनाओं से समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति को आच्छादित किया जाएगा। शासन की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाकर क्रियान्वयन करना प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1994 में देवरिया से अलग होकर पडरौना जिला बना था।

## नवागत डीएम ने जोड़ा जिले से नाता, पिता भी यहां रह चुके हैं तैनात

19 जून 1997 को जिले का नाम बदलकर कुशीनगर किया गया। पडरौना जिले के पहले डीएम वर्तमान डीएम विशाल भारद्वाज के पिता डॉ. डीके सिंह रहे। गंडक कालोनी में पहले कार्यालय था और पडरौना डाक बंगले में अधिकारी रहते थे।

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-18-09-2024



एसपी सोमेन्द्र मीना ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# प्रद्युम्न हत्याकांड में कई ओर घूम रही है शक की सुई

फॉलोअप

**चौक बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** रिश्तेदारी में आए युवक की हत्या के बाद जंगल में शव फेंकने के मामले में मंगलवार को चौक पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच का दायरा बढ़ा दिया है। एसपी सोमेन्द्र मीना ने घटना स्थल का मुआयना किया। इस मामले में शक की सुई कई ओर घूम रही है। पुलिस मृतक युवक के मोबाइल का सीडीआर खंगाल रही है।

सदर कोतवाली के कृतपिपरा निवासी प्रद्युम्न (19) रविवार की शाम को चौक थाना क्षेत्र के खोस्टा टोला मुरहिया निवासी अपने मौसा सुदर्शन के घर आया था। वहां बरही का कार्यक्रम था। पुलिस के मुताबिक सोमवार की सुबह वह शौच के लिए घर से बाहर निकला। वापस नहीं लौटा। कुछ देर बाद उसका शव गांव के पश्चिम वन विभाग के कोठी से करीब तीन सौ मीटर जंगल में मिला। चौक थाना के प्रभारी निरीक्षक राहुल शुक्ला का कहना है कि मृतक युवक के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। फोरेंसिक टीम साक्ष्य एकत्र की है।

## मौत की वजह तलाशने में जुटीं पुलिस की तीन टीमें

मौसा के घर आए युवक प्रद्युम्न के ब्लाइंड मर्डर केस की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस की तीन टीम गठित की गई है। एसपी व एएसपी घटना से जुड़ी जानकारी चौक पुलिस से ले चुके हैं।

> चौक थाना क्षेत्र के जंगल में मिले युवक के शव के मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। जांच-पड़ताल जारी है। कई बिन्दुओं पर छानबीन चल रही है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। चौक पुलिस को कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया है। **-सोमेन्द्र मीना,** एसपी

### फरेंदा क्षेत्र के धानी ढाले पर कर रहा था वसूली, लोगों ने पकड़ा

# वसूली कर रहे फर्जी दरोगा को पीटकर पुलिस को सौंपा

## कार्रवाई

फरेंदा, हिन्दुस्तान संवाद। महराजगंज के फरेंदा स्थित धानी ढाला पर मंगलवार को एक नकली दरोगा सवारी वाहन चालकों पर धौंस जमाकर पैसे की वसूली शुरू कर दिया। यह देख कुछ चालक सकते में आ गए, लेकिन खुलेआम वसूली देख लोगों को शक होने लगा।

शक बढ़ने पर लोगों ने दरोगा को घेर लिया। सवालों की बौछार शुरू कर दी। कुछ ही देर में नकली दरोगा की कलई खुल गई। पता चला गया कि केवल वर्दी, स्टार, बेल्ट ही असली है, दरोगा फर्जी है। इसके बाद लोगों ने फर्जी दरोगा की धुनाई शुरू कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। फर्जी दरोगा को गिरफ्तार कर थाने पर ले गई, जहां उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई।

फरेंदा कस्बे के धानी ढाला की यह घटना मंगलवार दोपहर की है। पुलिस की वर्दी में एसआई का डबल स्टार लगाया फर्जी दरोगा टेंपो व अन्य सवारी वाहन चालकों के उपर धौंस जमा कर जबरन वसूली कर रहा था। खुलेआम वसूली देख शक होने के बाद लोगों ने फर्जी दरोगा को दबोच लिया। उसकी पिटाई शुरू कर दी। वीडियो भी बना लिया। कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया पर फर्जी दरोगा का वीडियो वायरल होने लगा।



फरेंदा के धानी ढाला पर नकली दरोगा को घेर लोगों ने असली पुलिस कर्मियों को बुलाकर उनके हवाले कर दिया।

### गोरखपुर में रहता है मऊ जिले का मूल निवासी विनोद

पूछताछ में फर्जी दरोगा ने अपना नाम विनोद कुमार यादव पुत्र रामदेव यादव बताया। वह ग्राम पाण्डेयपुर अहिरवाती टोला थाना दोहरीघाट जिला मऊ का मूल निवासी है। गोरखपुर शाहपुर थाना क्षेत्र राप्तीनगर फेज चार गंगा टोला में रहता है। वह खुद को फायरमैन बता रहा था। गिरफ्तारी के बाद फर्जी दरोगा ने अपना मोबाइल नंबर बताया। जिस पर फोन करने पर पता चला कि वह मोबाइल नंबर उसकी पत्नी का है। थानाध्यक्ष प्रशांत पाठक के नेतृत्व में फर्जी दरोगा को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी इंचार्ज फरेंदा कस्बा एसआई गंगाराम यादव, कांस्टेबल अमित कुमार सिंह, रामबाबू शाह, नवनीत कुमार शामिल रहे।

> फरेंदा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पुलिस (उप निरीक्षक) की पोशाक धारण करने वाला फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ धारा 205, 352, 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। **-सोमेन्द्र मीना,** एसपी

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को पीटकर पुलिस को सौंपा

**परतावल, हिसं।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के परतावल के एक मोहल्ले में प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को परिजनों ने पकड़ लिया। धुनाई करने के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

घुघली थाना क्षेत्र का एक युवक गोरखपुर में रहकर काम करता है। सोमवार की देर रात लगभग दस बजे वह परतावल पहुंचा। वहां पहले से मौजूद अपने एक साथी के साथ एक मोहल्ले में अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया। दोस्त को बाहर छोड़ वह प्रेमिका के घर में घुस गया। युवती के पिता दूसरे घर पर सोए हुए थे। अगल बगल के लोगों को भनक लगी तो उनको सूचना देकर चोर चोर हल्ला मचाना शुरू कर दिया। धीरे धीरे पुरे मोहल्ले के लोग इकट्ठे हो गए और युवक की तलाश करने लगे। पकड़े जाने के डर से वह छत पर चढ़ गया। युवती के पिता ने छत पर चढ़कर उसका पीछा किया तो वह छत से कूद गया और अचेत अवस्था में आ गया। लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने पानी का छिड़काव कर युवक को होश में लाया। पुलिस उसे अपने साथ ले गयी। चौकी प्रभारी परतावल मनीष पटेल ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का था। मामले में किसी ने तहरीर नहीं दी है। पकड़े गए युवक को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

# पुलिस ने पॉक्सो एक्ट का वांछित किया गिरफ्तार

**भिटौली।** भिटौली पुलिस ने दर्ज विभिन्न धाराओं सहित एससी/एसटी एक्ट, धारा 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम व धारा 3/4 पाक्सो एक्ट के वांछित आरोपी वसीम अहमद को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। इस मामले में पीड़िता ने केस दर्ज कराया था कि विद्यालय जाते समय आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की थी। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी थी। इसकी विवेचना सीओ सदर आभा सिंह ने की।

# नौतनवा पुलिस ने नेपाल में बनी क्रीम की खेप कार से बरामद की

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही नेपाल निर्मित क्रीम की खेप बरामद की है। यह क्रीम एक मारुति कार में लोड कर लाई जा रही थी। पुलिस ने तलाशी ली तो कार के अंदर से 30 गत्ते में 17 हजार से अधिक पीस क्रीम बरामद हुई। पुलिस ने कार चालक सहित बरामद सामान को कब्जे में लेकर कस्टम अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

नेपाल निर्मित क्रीम की तस्करी इन दिनों जोरों पर की जाती है। नेपाल से तस्करी कर भारतीय बाजारों में पहुंचा दिया जाता है, जहां दुकानों पर नेपाल निर्माता क्रीम को भारतीय बताकर धड़ले से बेंचते हैं। नौतनवा कस्बे में ही कई गोदाम तक स्थापित कर रखा गया है। नेपाल से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में इकट्ठा कर वाहनों के जरिए गोरखपुर, बस्ती, देवरिया, कुशीनगर, वाराणसी जैसे बड़े शहरों तक पहुंचाया जा रहा है।

प्रभारी निरीक्षक धमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि नेपाल से एक कार के जरिए नेपाल निर्मित क्रीम गोरखपुर ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार को पकड़ लिया। कार से 30 गत्ता क्रीम बरामद हुई है और सभी बरामद सामान नेपाल निर्मित है। उन्होंने बताया कि कार चालक साजन चौरसिया कोल्हुई बाजार का रहने वाला है। कार से बरामद सामान व आरोपी के विरुद्ध 111 कस्टम अधिनियम के तहत कार्रवाई कर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# मासूम की मौत पर संरक्षण अधिकारी को नोटिस जारी

- संतोषजनक जवाब न मिला तो सेवा समाप्ति की होगी कार्रवाई
- दो माह पहले रहस्यमय ढंग से गायब हो चुके हैं माता-पिता
- रेलवे अंडरपास के पास एक टीनशेड में तीनों बच्चे रहते थे

महराजगंज, निज संवाददाता। नौतनवा क्षेत्र के बगहा के पास बने रेलवे अंडरपास के समीप एक टीन शेड में तीन साल की मासूम बच्ची की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले में जिला प्रोवेशन विभाग ने संविदा पर तैनात संरक्षण अधिकारी जकी अहमद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई शुरू की जाएगी। बच्ची की मौत के बाद हरकत में आई चाइल्ड लाइन की टीम मंगलवार को मौके पर पहुंची। मृत बच्ची के दो सगे आठ वर्ष की बड़ी बहन व पांच साल के भाई को अपने साथ ले गई।

दो माह पहले तीनों मासूम बच्चे अपने माता-पिता के साथ मुड़िला गांव के श्मसान घाट के समीप मंदिर के पास रहते थे। करीब 17 साल का एक बड़ा भाई भी है। वह नौतनवा में रहता है। माता-पिता दिन काम पर चले जाते थे। बच्चे दिन में करीब दो किमी दूर बगहा गांव के पास जाकर खेलते थे। शाम होने के पहले माता-पिता के पास लौट जाते थे। दो माह पूर्व तीनों मासूम बच्चों के माता-पिता रहस्यमय ढंग से एक-एक करके गायब हो गए। उसके पास तीनों बच्चे बगहा गांव के पास रेलवे अंडरपास के समीप टीनशेड में रह रहे थे। आसपास के लोगों की मदद से बच्चों को भोजन मिल जा रहा था। तीनों बच्चों में से सबसे छोटी तीन साल की बच्ची की तबीयत कुछ खराब थी। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को फोन किया था। पर, छोटी बच्ची की मौत के बाद चाइल्ड लाइन की टीम पहुंची। नौतनवा पुलिस बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके बड़े भाई को सुपुर्द कर दी। इसके बाद उसका अंतिम संस्कार हुआ। जिला प्रोवेशन अधिकारी ने बताया कि संरक्षण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई होगी।

# चावल किया बरामद चालक गिरफ्तार

कोल्हुई। कोल्हुई कस्बे के मेन तिराहे से पुलिस ने सोनौली की तरफ जाते हुए एक पिकअप को पकड़ा है। पिकअप में चावल भरा था।

एसओ सतेंद्र राय कोल्हुई मेन तिराहे पर वाहनों चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक पिकअप को रोक कर पूछताछ करने लगे। पिकअप में चावल लदा था और चालक कोई वैध कागज नहीं दिखा सका।

चालक को पिकअप के साथ थाने ले आये। एसओ ने बताया कि इस मामले में कस्टम एक्ट के तहत करवाई की जा रही है।

# स्मैक की तस्करी मामले में चौदह माह की सश्रम सजा

महराजगंज, निज संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अभय प्रताप सिंह द्वितीय ने एनडीपीएस एक्ट में अभियुक्त कृष्णा कुमार पुत्र फागु निवासी वार्ड नंबर 5 गौतम बुद्ध नगर थाना सोनौली को दोषी करार दिया है। उसके खिलाफ चौदह माह का सश्रम कारावास की सजा सुनाया है। दस हजार रूपया का अर्थदंड भी लगाया गया है।

पत्रावली के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर नौतनवा पुलिस 3 अगस्त 2023 को मिश्रवलिया पुल के पास से आरोपित कृष्णा पुत्र फागू के पास से मादक पदार्थ स्मैक बरामद किया था। स्मैक को नेपाल से चोरी छिपे भारतीय सीमा में ला रहा था। नौतनवा पुलिस आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज की। अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अभय प्रताप सिंह द्वितीय ने अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र उपाध्याय व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद आरोपित कृष्णा को 14 माह का सश्रम कारावास तथा 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# नियमों के उल्लंघन में 159 वाहनों का चालान

महराजगंज : जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों के उल्लंघन में 159 वाहनों का चालान किया गया। मंगलवार को पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। इस दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने तथा तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में 159 वाहनों का चालान किया गया।

# 25 बोरा लावारिस चावल बरामद

ढूठीबारी। इंडो–नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने को लेकर चलाए गए अभियान के तहत कोतवाली अंतर्गत के लक्ष्मीपुर क्षेत्र में कांस्टेबिल मनोहर यादव, कबि कुमार व दीपक कुमार ने एसएसबी रोड भरवलिया नदी पुल के समीप पगडंडी पर 25 बोरा लावारिस चावल बरामद किया गया। प्रभारी कोतवाल योगेंद्र कुमार ने बताया कि बरामद 25 बोरा लावारिस चावल को बरामद कर आगे की कार्रवाई के लिए ढूठीबारी कस्टम के हवाले कर दिया गया।

# महिला पुलिस ने काउंसिलिंग में दूर किया पति-पत्नी का मतभेद

**परिवार परामर्श केंद्र**

महराजगंज। एसपी सोमेन्द्र मीना के निर्देश पर महिला थाना के परिवार परामर्श केन्द्र ने कोठीभार थाना क्षेत्र के पति-पत्नी के बीच मतभेद को काउंसलिंग के जरिए दूर किया। पति-पत्नी के बीच बंद बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ तो दोनों एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के अनुसार कोठीभार के एक गांव के रहने वाले पति-पत्नी के बीच विवाद था। परिवार परामर्श केन्द्र में मामला आने के बाद पति व पत्नी के बीच विवाद दूर करने के लिए बातचीत शुरू कराया गया।

इसके बाद दंपत्ति आपसी मनमुटाव व कलह को दूर कर एक साथ रहने को राजी हो गए। महिला थानाध्यक्ष मनीषा सिंह ने बताया कि पति-पत्नी का फिर से एक साथ जीवन व्यतीत करने पर अपनी सहमति जताई।

इसके बाद परिवार परामर्श के सदस्यों ने दम्पत्ति को हंसी खुशी एक साथ विदा किया।

# ट्रक से 8600 किलोग्राम चाइनीज लहसुन बरामद

जासं, नौतनवा : कस्टम विभाग ने सोमवार की शाम गोरखपुर–सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित फरेंदा के पास ट्रक से 8600 किग्रा चाइनीज लहसुन बरामद किया है। यह जानकारी देते हुए कस्टम अधीक्षक नौतनवा एसके पटेल ने बताया कि उक्त लहसुन की खेप को पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के अलग–अलग पगडंडी मार्गों के रास्ते भारत में लाकर विभिन्न स्थानों पर डंप किया गया था। पूरी खेप को एक साथ गोरखपुर भेजकर उसे अलग–अलग मंडियों में खपाए जाने की योजना थी। कस्टम अधीक्षक ने बताया कि सूचना के आधार पर समय रहते ट्रक को फरेंदा स्थित हाईवे के पास से पकड़ लिया गया। तलाशी की गई तो उसमें से कुल 8600 किग्रा चाइनीज लहसुन बरामद हुआ। बताया बरामद लहसुन की खेप को जब्त कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# छात्रा से छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

भिटौली :छात्रा से छेड़खानी के आरोपित बरगदही निवासी वसीम अहमद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। भिटौली थाना क्षेत्र की एक छात्रा ने तहरीर देकर बताया कि जब वह विद्यालय जा रही थी तो आरोपित ने उसे रास्ते में रोककर अभद्र व्यवहार तथा छेड़छाड़ किया। विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। (जासं)

# नेपाली क्रीम की तस्करी में पुलिस ने एक को पकड़ा

नौतनवा : स्थानीय थाने पर तैनात उपनिरीक्षक निशांत कुमार ने आरक्षी लक्ष्मीशंकर यादव के साथ क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान सोमवार की शाम क्षेत्र स्थित डिहवा पुल के पास से एक कार में लदी नेपाल निर्मित 17 हजार 230 पीस क्रीम की खेप बरामद कर कार व सामान को जब्त करते हुए मौके से एक को भी हिरासत में ले लिया। पूछताछ में नेपाल निर्मित क्रीम की खेप को पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से तस्करी कर भारतीय सीमा में लाए जाने की बात सामने आई। हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने अपना नाम साजन चौधरी निवासी कोल्हुई बताया। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कार व बरामद क्रीम के साथ हिरासत में लिए गए तस्कर को कस्टम कार्यालय नौतनवा को सिपुर्द कर दिया गया। (जासं)

# स्मैक की तस्करी में आरोपित को 14 माह का सश्रम कारावास

- तीन अगस्त 2023 को मिश्रौलिया पुल के पास पकड़ा गया था कृष्णा कुमार
- वार्ड नंबर पांच गौतम बुद्ध नगर, थाना सोनौली, का रहने वाला है अभियुक्त

जागरण संवाददाता, महराजगंज: नौतनवा थाना अंतर्गत मिश्रौलिया पुल के पास से स्मैक की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कृष्णा कुमार निवासी वार्ड नंबर पांच गौतम बुद्ध नगर थाना सोनौली, महराजगंज को अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अभय प्रताप सिंह द्वितीय ने दोष सिद्ध करार देते हुए 14 माह के सश्रम कारावास तथा 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

नौतनवां पुलिस को तीन अगस्त 2023 को सूचना मिली कि एक व्यक्ति नेपाल राष्ट्र से भारत तस्करी कर नशीला पदार्थ ला रहा है। जो भगवानपुर बार्डर होते हुए मिश्रौलिया पुल के रास्ते सोनौली जाएगा। सूचना पर नौतनवां पुलिस एसएसबी जवानों के साथ एक टीम बनाकर मिश्रौलिया पुल के पास से आरोपित को पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से प्लास्टिक की पुड़िया में रखा भूरा मटमैला रंग का पदार्थ मिला। जिसकी जांच में पाया गया कि वह स्मैक है। पूछताछ में उस व्यक्ति ने अपना नाम कृष्णा कुमार निवासी वार्ड नंबर पांच गौतम बुद्ध नगर थाना सोनौली, महाराजगंज बताया। नौतनवां पुलिस ने कृष्णा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना के पश्चात एनडीपीएस एक्ट आरोप पत्र न्यायालय समक्ष प्रस्तुत किया। मुकदमे के परीक्षण के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट द्वितीय ने अभिलेखिय साक्ष्यों व गवाहों का परीक्षण कर तथा अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र उपाध्याय व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद अभियुक्त को सजा सुनाई है।

# फरेंदा में वसूली कर रहा फर्जी दारोगा गिरफ्तार, भीड़ ने पीटा



फरेंदा कस्बे के धानी ढाला पर भीड़ के बीच खड़ा फर्जी दरोगा● जागरण

जागरण संवाददाता, आनंदनगर: महराजगंज जिले के फरेंदा थाना क्षेत्र के धानीढाला के पास वाहनों से वसूली करने के मामले को लेकर फर्जी दारोगा को पकड़कर ग्रामीणों ने जमकर पीटा। इस दौरान अफरा-तफरी मची रही। मौके पर पहुंची पुलिस ने खाकी वर्दी पर दो स्टार लगाए फर्जी दारोगा को गिरफ्तार कर लिया है।

धानीढाला के पास मंगलवार की सुबह 9:30 बजे वर्दी में फर्जी दारोगा अपने एक साथी के साथ पहुंचा। इस दौरान वह आने-जाने वाले आटो व वाहनों से वसूली करने लगा। उसकी हरकत को देखकर स्थानीय लोगों को शक हुआ, तो कुछ युवक उसके पास जाकर पूछताछ करने लगे। युवकों को देख फर्जी दारोगा भड़क गया। इसी बीच एक युवक मोबाइल निकालकर किसी से बात करने का प्रयास करने लगा। तभी फर्जी दारोगा युवक पर टूट पड़ा और मोबाइल छिनने लगा। मोबाइल को लेकर दोनों में हाथापाई शुरू हो गई। तब तक काफी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई और लोगों ने फर्जी दारोगा को घेर लिया। लोगों ने फर्जी दारोगा से पूछताछ की तो वह अपना नाम विनोद यादव बताकर रौब दिखाने लगा। तो लोगों ने जमकर उसकी पिटाई कर दी और इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना के दौरान अफरा-तफरी मचा रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने फर्जी दारोगा को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि वहीं उसका अन्य साथी मौका देख फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने बताया कि फर्जी दारोगा विनोद कुमार यादव निवासी ग्राम पांडेयपुर अहिरवाती टोला थाना दोहरीघाट जिला मऊ का निवासी है। वर्तमान में वह राप्तीनगर फेज 4 (गंगा टोला) थाना शाहपुर जिला गोरखपुर में रहता है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। जांच पड़ताल की जा रही है।

# लोगों ने वसूली करते फर्जी दरोगा को पकड़ा

## वर्दी के साथ हवाई चप्पल पहने होने पर लोगों को हुआ शाक

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरेंदा।** कस्बे के धानी ढाला पर मंगलवार सुबह टेंपो चालकों से वसूली करते समय लोगों ने एक फर्जी दरोगा को पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से वह जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब आठ बजे फरेंदा क्षेत्र के धानी ढाला पर पुलिस की वर्दी में एक व्यक्ति टेंपो और कुछ अन्य लोगों से वसूली कर रहा था। रुपये न देने पर लोगों को धमकी भी दे रहा था। वह पुलिस की वर्दी में हवाई चप्पल पहने हुए था। यह देख स्थानीय लोगों को शक हुआ। इस पर कुछ युवकों ने उससे पूछताछ शुरू की तो वह हिचकिचाने लगा। उसने बताया कि वह फायर विभाग में दरोगा के पद पर तैनात है। हिचकिचाने पर लोगों का संदेह पुख्ता हो गया और उन्होंने उसकी पिटाई शुरू कर दी। कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी गंगाराम यादव मौके पर पहुंच गए। पुलिस की पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम विनोद कुमार यादव निवासी पांडेयपुर अहिरवाती टोला दोहरीघाट जिला मऊ, हाल मुकाम राप्तीनगर फेज 4 गंगा टोला थाना शाहपुर जिला गोरखपुर बताया। थानाध्यक्ष प्रशांत पाठक ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।



फरेंदा कस्बे में वसूली करते पकड़ा गया फर्जी दरोगा। संवाद

# स्मैक रखने के दोषी को 14 माह सश्रम कारावास

महराजगंज। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट नंबर द्वितीय अभय प्रताप सिंह ने स्मैक की तस्करी में दोषी को 14 माह कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार, नौतनवा पुलिस को तीन अगस्त 2023 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नेपाल से स्मैक की तस्करी कर ला रहा है। वह भगवानपुर बॉर्डर होते हुए मिश्रौलिया पुल के रास्ते सोनौली जाएगा।




सूचना के आधार पर नौतनवा पुलिस एसएसबी जवानों के साथ एक टीम बनाकर मिश्रौलिया पुल के पास से आरोपी को पकड़ लिया।

तलाशी लेने पर उसके पास से प्लास्टिक की पुड़िया में स्मैक मिला। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम कृष्णा पुत्र फागू वार्ड नंबर 5 गौतम बुद्धनगर थाना सोनौली जनपद महाराजगंज का रहनेवाला। इस मामले में अभियुक्त के खिलाफ नौतनवा पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया गया। मंगलवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोषी को 14 माह कारावास की सजा सुनाई है। संवाद

# 7230 पीस फेस क्रीम के साथ एक गिरफ्तार



नौतनवां थाने पर बरामद क्रीम के साथ पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। स्रोत-पुलिस

**नौतनवा।** क्षेत्र में डिहवा पुल के पास मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर कार में लदा भारी मात्रा में कास्मेटिक क्रीम बरामद कर आरोपी को हिरासत में ले लिया।

बरामद सामान समेत आरोपी को कस्टम को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली की नेपाल निर्मित फेस क्रीम कार में लेकर कोई जा रहा है।

पुलिस डिहवा पुलिया के पास पहुंची तो एक संदिग्ध कार दिखी। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें 30 गत्ते में 576 पैकेट में 17230 पीस फेस क्रीम बरामद हुए।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम साजन चौरसिया निवासी कोल्हुई थाना कोल्हुई बताया। संवाद

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी की धुनाई

## दोस्त को बाहर खड़ा कर घुसा था घर में, सूचना पर पहुंची पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** श्यामदेउरवां क्षेत्र के नगर पंचायत परतावल के एक वार्ड में प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को परिजनों ने पकड़ लिया। धुनाई करने के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, घुघली थाना क्षेत्र का एक युवक गोरखपुर में रहकर काम करता है। सोमवार की देर रात लगभग 10 बजे वह परतावल पहुंचा।

वहां पहले से मौजूद अपने एक साथी के साथ नगर पंचायत परतावल के एक वार्ड में अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया। दोस्त को बाहर छोड़ वह प्रेमिका के घर में घुस गया। प्रेमिका के पिता दूसरे घर पर सोए थे।

अगल-बगल के लोगों को भनक लगी तो उन्होंने लड़की के पिता को सूचना देकर चोर-चोर हल्ला मचाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे पूरे वार्ड के लोग एकत्र हो गए और प्रेमी की तलाश करने लगे।

पकड़े जाने की डर से वह छत पर चढ़ गया। लड़की के पिता ने छत पर चढ़कर उसका पीछा किया तो वह छत से कूद गया और अचेत हो गया। लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पानी का छिड़काव कर युवक को होश में लाया। पुलिस ने एंबुलेंस से उसे अपने साथ ले गई।

चौकी प्रभारी परतावल मनीष पटेल ने बताया कि मामला प्रेम-प्रसंग का है। किसी ने तहरीर नहीं दी है। पकड़े गए युवक को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-18-09-2024

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, दो नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** रूधौली थानाक्षेत्र के औराडीहा गांव में पुरानी रंजिश की बात को लेकर राजेन्द्र बहादुर चौधरी को विपक्षी राकेश व उसके पिता चन्द्रशेखर ने गालियां दी। जिसका राजेन्द्र बहादुर द्वारा विरोध करने पर उसे दोनो ने मिलकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित राजेन्द्र बहादुर चौधरी पुत्र भगौती प्रसाद निवासी औराडीहा थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राकेश पुत्र चन्द्रशेखर, चन्द्रशेखर पुत्र सत्यदेव निवासीगण औराडीहा थाना रूधौली के विरुद्ध धारा 115(2), 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पेड़ में आटा डालने से रोकने पर पिटाई

**बस्ती (एसएनबी)।** लालगंज थानाक्षेत्र के रसूलपुर गांव के रहने वाले बलिकरन के घर के सामने एक पीपल का पेड़ था जिसपर पड़ोस की रहने वाली लड़की ज्योति पुत्र चन्दू आटा डाल रही थी। जिसे बलिकरन ने ऐसा करने से मना किया तो ज्योति की मां नीलम, भाई सूरज व दीपक द्वारा उसके घर के सामने चढ़कर गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। बलिकरन द्वारा शोर मचाने पर वीच बचाव को आयी पत्नी मीना देवी व पुत्री पुष्पा को भी मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित बलिकरन पुत्र मुशई ग्राम रसूलपुर थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ज्योति पुत्री चन्दू, नीलम पत्नी चंदू, सूरज व दीपक पुत्रगण चन्दू निवासीगण रसूलपुर थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 115(2), 351(2), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# आश्वासन पर प्राविधिक सहायकों का धरना समाप्त

**बस्ती (एसएनबी)।** प्राविधिक सहायक भानुशंकर पर जानलेवा हमले के मामले को लेकर उप कृषि निदेशक कार्यालय परिसर में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को समाप्त हो गया। अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जिलाध्यक्ष अभिषेक ने बताया कि तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 5 दिनों तक धरना चलाया गया। दोषियों की गिरफ्तारी, धारा बढाये जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी बाबूराम ने प्राविधिक सहायकों का आवाहन किया कि मांगो के पूरा हो जाने के बाद अब धरना समाप्त कर अपने कार्यों पर जुट जांय। धरने के समापन के दौरान मुख्य रूप से हेरम्बनाथ त्रिपाठी, दिलीप चौधरी, विजय वर्मा, क्षितिज, मुकेश कुमार, अमित कुमार, अभिमन्यु, आनन्द कुमार सिंह, पवन मिश्रा, रामकृष्ण शुक्ला, हरिलाल जायसवार, राजेन्द्र प्रसाद, वृजेश कुमार निषाद, अरुन कुमार, राजू, धर्मेन्द्र वर्मा, पिन्टू कुमार, भानुशंकर के साथ ही विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दहेज उत्पीड़न में पति सहित आठ नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** महिला थाने में लिखित तहरीर देकर पीड़िता प्रीती यादव पुत्री शिवकुमार यादव पता देईपार बुजुर्ग वाल्टरगंज ने बताया कि उसकी शादी विकास यादव निवासी तेलीबाग, लखनऊथाना पीजीआई जनपद लखनऊके साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति तथा ससुराल के अन्य लोगो द्वारा दहेज में पांच लाख रूपये की मांग को लेकर आये दिन शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। मांग पूरी न होने पर उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में महिला थाने की पुलिस ने आरोपी पति विकास यादव पुत्र राम तेज यादव, ससुर रामतेज यादव, सास गुजराती देवी पत्नी रामतेज यादव, देवर विशाल, ननद अनीता, विनीता, सुनीता, संगीता पुत्रीगण रामतेज यादव निवासीगण मोहल्ला भगवती बिहार खरिका रोड, तेलीबाग, लखनऊ थाना पीजीआई जनपद लखनऊके विरुद्ध धारा 85, 115(2), 351(3) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुराने विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी बस्ती थानान्तर्गत पंडित टोला निवासी अमरदीप पाण्डेय को पुराने झगड़े के विवाद में विपक्षी रवि कुमार, शत्रुघ्न कुमार व कुछ अन्य लोगो ने मिलकर गालियां देते हुए लाठी डण्डे से मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में अमरदीप पाण्डेय के पिता त्रिपुरारी प्रसाद पाण्डेय पुत्र बाबा रामकिशोर दास निवासी पंडित टोला थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रवि कुमार, शत्रुघ कुमार पुत्रगण राधेश्याम निवासीगण पंडित टोला थाना पुरानी बस्ती तथा कुछ अज्ञात लोगो के विरुद्ध धारा 115(2), 351(3), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# एएसपी ने किया साप्ताहिक निरीक्षण

**बस्ती (एसएनबी)।** अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने मंगलवार को पुलिस लाइन पहुंचकर साप्ताहिक परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से जरूरी जानकारी हासिल की और निर्देश भी दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार को पहुचे जहां साप्ताहिक परेड का निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन के जीडी कार्यालय, गणना कार्यालय, पुलिस अस्पताल, परिवहन शाखा, कैन्टीन, भोजनालय, बैरक, यातायात कार्यालय, आदि का निरीक्षण कर उनके साफ-सफाई एवं अभिलेखों के रखरखाव हेतु संबंधित को आदेशित किया गया। इसी क्रम में सम्बन्धित का अर्दली रूम किया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक बस्ती, प्रभारी यातायात व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# रोडवेज बस की ठोकर से स्कूटी सवार दो घायल

**हर्रैया(एसएनबी)।** लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कप्तानगंज थानान्तर्गत तेलियाडीह गांव के पास स्कूटी सवार को पीछे रोडवेज बस ने ठोकर मार दिया जिससे उस पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पहुंचाया।प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया गया। बसहा थाना बाबूमढ़ी जिला मधुबनी बिहार निवासी 26 वर्षीय गोविंद यादव पुत्र देबू यादव तथा उनके भाई 28 वर्षीय अनिल यादव गुड़गांव के प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं।दोनों भाई गुड़गांव से अपनी स्कूटी से घर जा रहे थे।कप्तानगंज थानान्तर्गत तेलियाडीह गांव के पास हाइवे पर अयोध्या से बस्ती की तरफ जा रही अज्ञात रोडवेज बस ने स्कूटी में पीछे से ठोकर मार दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पहुँचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण डक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहाँ इलाज चल रहा है।

# बाढ़ पीड़ितों में किया पट्टा का आवंटन

**कुदरहा (एसएनबी)।** कुदरहा विकासखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बैडारी एहतमाली मदरहवा और मईपुर बड प्राथमिक विद्यालय पर महादेवा विधायक दूधराम एसडीएम सदर शत्रुघ पाठक नायब तहसीलदार वीर बहादुर सिंह कानून गो अशर्फी लाल राम भेज झिनमुन बसंत लाल दिनेश राजेंद्र वीर सिंह निरंजन सहित 36 बाढ़ पीड़ितों को आवासीय पट्टे का प्रमाण पत्र



वितरण किया। वही महुआपार कला के मदरहवा पुरवा लगभग एक दर्जन से ज्यादा लोगों का घर सरयू नदी के कटान में बह गया। लेकिन उन बाढ़ पीड़ितों को आवासी पट्टा आवंटित नही होने से तहसील प्रशासन के खिलाफ लोगों में काफी रोष व्याप्त है। बाढ़ पीड़ित भूमिहीन भुत्तन पत्नी भोले शेषराम के घर में रह रही हैं। आशा देवी, श्याम नारायण के घर में रह रही हैं। राधेश्याम रंगीलाल के घर में लक्ष्मी पप्पू के घर में राम भवन, ओमकार के घर सुरेन्द्र पासवान और गंगाराम किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं। क्षेत्रीय विधायक ने महुआपार कला के आवासीय पट्टा से वंचित बाढ़ पीड़ितों को जल्द से जल्द पट्टा दिलाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर हल्का लेखपाल वीरचंद्र चौधरी, सूर्यदत्त चौधरी, हल्का लेखपाल मोहम्मद नाइफ के साथ गांव के तमाम लोग मौजूद रहे।

# जंगली जानवर के हमले को लेकर दहशत कायम

**रुधौली।** नगर पंचायत रूधौली स्थित विंध्यवासिनी नगर (रघुनाथपुर) व शास्त्रीनगर वार्ड (मध्यनगर) में जंगली जानवर के हमले से पांच लोगों के घायल होने के बाद दहशत का माहौल कायम है। सोमवार को जंगली जानवर के हमले को लेकर आसपास हड़कंप मच गया था। लोग लाठी-डंडा टॉर्च लेकर दौड़ पड़े थे। रघुनाथपुर के पास ग्रामीणों ने खेत में छुपे जंगली जानवर को घेर कर मार डाला।

# प्राविधिक सहायकों का धरना समाप्त

बस्ती। प्राविधिक सहायक भानुशंकर पर जानलेवा हमले के मामले को लेकर उप कृषि निदेशक कार्यालय परिसर में चल रहा कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को समाप्त हो गया। अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जिलाध्यक्ष अभिषेक ने बताया कि तीन सूत्री मांगों को लेकर पांच दिनों तक धरना जारी रहा। दोषियों की गिरफ्तारी, धारा बढ़ाए जाने की मांग पूरी हो जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी बाबूराम ने प्राविधिक सहायकों से अपील किया कि धरना समाप्त कर अपने कार्यों पर जुट जाएं। धरने को सफल बनाने में मस्तराम वर्मा, रामअधार पाल, तौलू प्रसाद, रामसुमेर यादव, अंकित चौधरी, उदयशंकर शुक्ल व प्राविधिक सहायकों ने योगदान दिया। इस दौरान हेरम्बनाथ त्रिपाठी, दिलीप चौधरी, विजय वर्मा, क्षितिज, मुकेश कुमार, अमित कुमार, अभिमन्यु, आनंद सिंह, पवन मिश्रा, रामकृष्ण शुक्ला, भानुशंकर व अन्य उपस्थित रहे।

---

तिलकपुर के जागेश्वरनाथ शिव मंदिर से स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ, पीएम मोदी के जन्म दिवस से दो अक्तूबर तक चलेगा अभियान

# प्रभारी मंत्री ने किया स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

**आयोजन**

कलानगंज, हिन्दुस्तान संवाद। आदर्श गांव तिलकपुर के जागेश्वरनाथ शिव मंदिर से स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ। जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने सफाई अभियान का शुभारंभ किया। पीएम के जन्मदिन से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम में डीएम, एसपी एडीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दोपहर 11:30 बजे पहुंचे प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने अधिकारियों, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, हर्रैया विधायक अजय सिंह, जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, मंडल अध्यक्ष गौरव मणि त्रिपाठी, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी के संग झाड़ू लगाकर स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया। प्रभारी मंत्री ने लोगों को शपथ भी दिलाई। कहा कि स्वच्छता कार्यक्रम सरकार व प्रधानमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है। कई तरह की बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वच्छता का होना जरूरी है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता राम सिंगार ओझा, गजेंद्र मणि तिवारी, सविता तिवारी, अनीता अग्रहरि, सुखराम गौड़, मनोज ओझा सहित अन्य मौजूद रहे।



स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सफाई करते प्रभारी मंत्री आशीष पटेल व अन्य। • हिन्दुस्तान

**इंजीनियरिंग कॉलेज की खराब गुणवत्ता पर मंत्री नाराज : साऊंघाट।** जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज भवन का निरीक्षण किया। विकास क्षेत्र साऊंघाट की ग्राम पंचायत अमौली में विगत आठ वर्षों से राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण कार्य चल रहा है। 16 मई 2016 को शिलान्यास के साथ काम शुरू हुआ था। उस समय इसकी कुल लागत 43.46 करोड़ थी। धन की कमी अनवरत बनी रही, जिस कारण से आठ वर्षों से रुक रुक कर निर्माण कार्य चलता रहा। कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस के पीएम अभिनाष कुमार सिंह ने बताया कि पुराना व रिवाइज धन अगर मिल जाए तो अतिशीघ्र कार्य पूर्ण हो जाएगा। 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। विद्युत कनेक्शन की प्रक्रिया चल रही है। मंत्री आशिष पटेल ने कहा कि काम ठीक नहीं लग रहा है। जिस पर पीएम ने कहा कि वाल पेंटिंग निकल गई है। क्लास रूम के सामने प्रांगढ़ में लगे टाइल्स को ठीक कराने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि खिड़कियों पर क्रैक नजर आ रहा है। मंत्री ने सीडीओ से पूछा कि कितनी बार यहां आप आएं हो तो सीडीओ ने कहा कि चार बार निरीक्षण किया हूं। पटेल ने कहा कि डीएम, सीडीओ, पीएम मिलकर कार्य पूर्ण करा लें, दो दिन बाद पूछूंगा। पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, विधायक अजय सिंह, डीएम रवीश गुप्ता, एसपी गोपालकृष्ण चौधरी, एएसपी ओपी सिंह, जेपी यादव, जीसी पाटिल, एके सिंह, सुशील सिंह, अंकित पांडेय आदि मौजूद रहे।

**30 लाभार्थियों को सौंपी चाभी : सल्टौआ।** विकास खंड सल्टौआ गोपालपुर में पीएम आवास योजना (ग्रामीण) की चाभी व स्वीकृति पत्र का प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यंत विक्रम सिंह व बीडीओ अनिल कुमार ने वितरण किया। आवास योजना के 50 को चाभी व 13 लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र सौंपा गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनेवास गिरी, पप्पू सिंह, एडीओ आइएसबी अरविंद, अरुणेश पाल, अमरनाथ गौतम, अनुरोध आदि उपस्थित रहे।

## संतोषजनक जवाब नहीं देने पर एसई को लगाई फटकार

बस्ती। प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने कलक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की मंशा अनुरूप कार्य करें। सरकार की जो भी जन कल्याणकारी योजनाएं हैं, उसका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को अवश्य मिले। जनप्रतिनिधि समस्या लेकर आते हैं, तो उसे गंभीरता से सुनते हुए उसका निस्तारण किया जाए। विद्युत विभाग की आरडीएसएस योजना की समीक्षा में अधीक्षण अभियंता विद्युत मनोज सोनकर के संतोषजनक जवाब नहीं देने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। पीडब्ल्यूडी की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों से सड़क चौड़ीकरण की कार्य योजना लेकर शासन में पत्र भिजवाएं।

## रामनगर में 32 लाभार्थियों को बांटे गए स्वीकृत-पत्र

भानपुर। कुनेश्वर में मंगलवार को प्रधानमंत्री की ओर से आवास के लाभार्थियों को चाबी वितरित किए जाने के मद्देनजर रामनगर ब्लॉक सभागार में भी कार्यक्रम हुआ। बीडीओ रामनगर कुलदीप कुमार ने पीएम आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 32 लाभार्थियों को आवास का स्वीकृत-पत्र व 28 लाभार्थियों को चाबी वितरित किया। इस दौरान रामनगर ब्लॉक के कई ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान व आवास के लाभार्थी मौजूद रहे।

---

# 52 लाभार्थियों को सौंपा घर की चाबी

**कार्यक्रम**

साऊंघाट। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर साऊंघाट ब्लॉक के सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ। पीएम आवास के 52 लाभार्थियों को घर की चाबी व प्रमाण-पत्र सौंपा गया। बीडीओ मनोज श्रीवास्तव व एडीओ आईएसबी अशोक यादव ने लाभार्थियों को चाबी व प्रमाण-पत्र दिया। इसमें 22 लाभार्थी ऐसे थे, जिनका आवास पूर्व में ही पूर्ण हो चुका है। बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगों से अपील किया कि वह चयन सूची तैयार कराने में सहयोग करें, जिससे कोई पात्र वंचित न रहने पाए। ग्राम सचिवों को निर्देशित किया कि वह पात्रता सूची तैयार करने में गाइड लाइन का पालन करें।



मंगलवार को साऊंघाट ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पीएम आवास की चाबी पाए लाभार्थी व अधिकारी। • हिन्दुस्तान

इस दौरान यशपाल सिंह यादव, मुक्तेश्वर यादव, मरगूब अहमद, रीता चौधरी, रीतेश यादव, विश्वनाथ गौतम, लालजी कन्नौजिया, श्वेता त्रिपाठी, पूनम शर्मा, विवेक श्रीवास्तव, मनोज वर्मा, राकेश पांडेय, पिंकी देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

# बेटे की उधारी के चक्कर में दुकानदार पिता का अपहरण

बस्ती, निज संवाददाता। शहर के वाल्टरगंज थानांतर्गत दौलतपुर में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक दुकानदार का कार सवार लोगों ने अपहरण कर लिया। मामला पैसों के लेन-देन से जुड़ा है। प्रकरण में पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर वाल्टरगंज पुलिस ने छह लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी दिनेश चंद्र चौधरी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

दौलतपुर निवासी इंसान अली ने बताया कि गांव में ही उनकी मुर्गे की दुकान है। 15 सितंबर को उनके मोबाइल पर एक फोन आया कि तुम्हारे दुकान से मुर्गा खरीदना है, जल्दी अपनी दुकान पर आओ। उस वक्त इंसान अली पैड़ा चौराहे पर काम से गए हुए थे। फोन कॉल आने पर वह दुकान पर चले आए। यहां पहुंचने पर काले रंग की कार में चार लोग और बाइक लेकर दो लोग खड़े थे। आरोप है कि इंसान अली को दबोचकर कार में बैठाकर ले जाने लगे। रास्ते में पूछने पर इन लोगों ने बताया कि तुम्हारा बेटा राजू ने हम लोगों से उधार लिया है। इसीलिए तुम्हे ले जा रहे हैं। सभी ने काफी देर तक गाड़ी में बैठाकर रखा। वहां से छूटने के बाद इसकी शिकायत पुलिस से की। थाना प्रभारी के अनुसार पूछताछ में सामने आया कि पीड़ित का बेटा मुंबई में रहता है। उसने आरोपितों से 16 लाख उधार लिया था। तहरीर के आधार पर समीर सिद्दिकी, इसरार अहमद निवासी परसपुरा थाना कप्तानगंज, नीरज प्रताप सिंह निवासी खिरिया मझौवा वजीरगंज जिला गोण्डा, प्रवीण सिंह निवासी मनकापुर, गोण्डा, आनंद सोनी निवासी कस्बा रुधौली व सूरज उपाध्याय निवासी जिला अस्पताल के सामने थाना कोतवाली जनपद गोण्डा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

कप्तानगंज थानाक्षेत्र के ऐठीडीह मझौवा का रहने वाले थे विमलेश

# रौता चौराहे के पास हादसे में पूर्व छात्रनेता की मौत

**दुखद**

**कप्तानगंज (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** शहर कोतवाली के मालवीय रोड पर रौता चौराहे के पास हुए सड़क हादसे में पूर्व छात्रनेता की मौत हो गई। कप्तानगंज थानाक्षेत्र के ऐठीडीह मेझौवा निवासी विमलेश त्रिपाठी शहर के एपीएनपीजी कॉलेज के छात्रनेता के रूप में जाने जाते थे। पुलिस के अनुसार रौता चौराहे के पास डिवाइडर से बाइक टकराने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, यहां से एक निजी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन उनकी जान नहीं बच कसी। शव को लेकर परिजन गांव चले गए। कप्तानगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

विमलेश त्रिपाठी (28) पुत्र सुरेश चंद्र त्रिपाठी शहर में किराए पर कमरा लेकर रहते थे। विमलेश तिवारी अपने तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। बड़ा भाई अखिलेश तिवारी सेवा में जवान है। दूसरे नंबर के भाई की पूर्व में ट्रेन हादसे में मौत हो चुकी है। विमलेश पर उनकी पत्नी व पांच वर्षीय बेटी की जिम्मेदारी थी। बताया जा रहा है कि रात करीब 10 बजे मालवीय रोड पर स्थित पीएमसी अस्पताल के पास गम्भीर हालत में पड़ा देखा गया। पहले पीएमसी अस्पताल ले गए, जहां से जिला अस्पताल ले जाया। इधर सूचना पाकर विमलेश के दोस्त व परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। जिला अस्पताल से विमलेश को श्रीकृष्णा मिशन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत बताया।

रंजीत चौराहे से फुव्वारा तिराहे



मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस पर जुटे लोग। • हिन्दुस्तान



विमलेश त्रिपाठी (फाइल फोटो)।

- मालवीय रोड पर सोमवार की देर रात डिवाइडर से टकराई बाइक
- परिजनों की मांग पर चिकित्सकों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम

## पोस्टमार्टम की कराई गई वीडियोग्राफी

विमलेश की मौत के बाद उसके दोस्त का मोबाइल बंद होने की दशा में घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह की आशंका जताई जाने लगी। परिवार के लोगों को घटना के पीछे किसी साजिश की आशंका होने लगी। परिवार के लोगों की मांग पर तीन डॉक्टरों के पैनल की देखरेख में पोस्टमार्टम कराया गया, जिसकी वीडियोग्राफी भी हुई। इसके बाद शव परिवारवालों को सौंप दिया गया। दोपहर बाद विमलेश के साथ घटना के वक्त मौजूद उसके साथी के मिलने के बाद पुलिस ने घटनाक्रम की स्थिति स्पष्ट की। विमलेश की मौत से पिता सुरेश चन्द्र त्रिपाठी, मां विमला देवी, भाई अखिलेश त्रिपाठी, पत्नी जया त्रिपाठी व बेटी का रो-रोकर बुरा हाल था।

**जाते वक्त हुआ हादसा :** कोतवाल विजय कुमार दुबे ने बताया कि विमलेश के साथ बाइक पर सवार कप्तानगंज थानाक्षेत्र के रमवापुर निवासी विशाल पाठक को थोड़ी चोटें आई हैं। उसने पुलिस को बताया है कि वह विमलेश के साथ बाइक से सोमवार को बड़ेवन गया था। यहां से रंजीत चौराहा आकर फुव्वारा तिराहे की तरफ जा रहे थे। बाइक विमलेश चला रहा था।

रौता चौराहे के पास अचानक एक सांड़ सामने आ गया, जिसके चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। विमलेश को हादसे में गंभीर चोट आई।

# कोतवाली व हर्रैया में सबसे ज्यादा झगड़े, पैकोलिया सबसे शांत

■ सुनील कुमार पांडेय

बस्ती। जिले में मामूली बात पर विवाद, मारपीट, हंगामें जैसी घटनाएं पुलिस के लिए सिरदर्द होता है। सुबह से शाम तक पुलिस भागती रहती है। एक माह में डॉयल 112 पर 6981 लोगों का फोन कॉल पहुंचा। प्रतिदिन 225 से अधिक फोन कॉल में लगभग 150 से अधिक फोन कॉल्स सिर्फ मामूली विवाद के होते हैं। इस रिकॉर्ड के मुताबिक शहर कोतवाली और हर्रैया कोतवाली इलाके में सबसे ज्यादा झगड़े होते हैं। कुल शिकायत का लगभग 25 फीसदी सिर्फ इन दो कोतवाली क्षेत्र से पहुंची। जबकि पैकोलिया और गौर थानाक्षेत्र सबसे शांत इलाके हैं।

डायल 112 में कुल 57 चार पहिया और दो पहिया वाहन लगाए गए हैं। इनमें 38 चार पहिया और 19 दो पहिया वाहन हैं। इसके साथ ही 231 पुलिस कर्मियों के साथ ही इन वाहनों पर 140 होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई है। हाईटेक संसाधनों से लैस हो रहे डायल 112 का रिस्पांस टाइम भी बेहतर हुआ है। पीआरवी के रेस्पांस टाइम पर अधिकारियों का सबसे ज्यादा जोर रहता है। मशक्कत फोन आने के बाद तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की है। आईजी से लगायत एसपी स्तर तक इसकी प्रतिदिन मॉनीटरिंग की जाती है। यह भी देखा जाता कि किस क्षेत्र से कॉल अधिक आते हैं। ऐसे कौन से थानाक्षेत्र हैं, जहां से इवेंट बहुत कम होते हैं। जहां से कॉल अधिक आते थे, वहां गाड़ियों की संख्या बढ़ाने पर फोकस रहता है। भीड़भाड़ वाले थानाक्षेत्र में पुलिस को दोपहिया वाहन अधिक दिए गए, जिससे पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच सके। इतना ही नहीं अगर किसी इवेंट के रिस्पांस में अधिक समय लगता है तो उसके बारे में अलग से डायल 112 से बातचीत की जाती है, जिससे इसकी वजह पता चल सके। कुछ इवेंट में तो कॉलर फोन करने के बाद मोबाइल ही बंद कर लेते हैं, जिससे पुलिस को रिस्पांस करने में कठिनाई होती है।

**प्रापर्टी व आपसी विवाद झगड़े की अहम वजह :** एक महीने में दर्ज शिकायतों में सबसे बड़ा हिस्सा आपसी विवाद का है, जिनकी संख्या 2166 रही। इनमें घर के बाहर कूड़ा डालने आदि की शिकायतें अधिक हैं। घरेलू हिंसा की 1163 शिकायतें मिलीं। 532 शिकायतें संपत्ति विवाद से जुड़ी रहीं। 186 लोगों ने फोन कर हादसे की जानकारी दी।

## ये हैं सर्वाधिक कॉल करने वाले थानाक्षेत्र

112 नंबर पर एक अगस्त से 31 अगस्त 2024 के बीच करीब 6981 फोन कॉल्स पहुंचे। पुलिस ने त्वरित एक्शन लिया और टीम मौके पर पहुंची। विवाद को शांत कराने के साथ ही संबंधित थाने से भी सूचना साझा की गई।

| थाना | फोन काल्स की सं. |
|---|---|
| शहर कोतवाली | 874 |
| हर्रैया कोतवाली | 859 |
| लालगंज | 514 |
| परसरामपुर | 454 |
| मुंडेरवा | 451 |
| सोनहा | 431 |
| रुधौली | 420 |

## सबसे कम फोन वाले थाने

जिले में पैकोलिया, गौर और पुरानी बस्ती तीन थाने ऐसे हैं, जहां एक माह के भीतर 300 से कम इवेंट डायल 112 में रिकॉर्ड किए गए हैं। औसतन फोन कॉल्स 10 से कम रहे। जबकि छह थाने ऐसे हैं, जहां 300 से 400 के बीच इवेंट दर्ज किए गए।

| थाना | फोन कॉल्स की सं. |
|---|---|
| पैकोलिया | 236 |
| गौर | 267 |
| पुरानी बस्ती | 287 |
| दुबौलिया | 327 |
| कलवारी | 348 |
| छावनी | 367 |
| वाल्टरगंज | 371 |
| कप्तानगंज | 377 |
| नगर | 398 |

■ शहर कोतवाली व हर्रैया कोतवाली से सबसे अधिक 1700 काल हुए रिकॉर्ड

## फर्जी शिकायतें भी बढ़ा रहीं परेशानी

डायल 112 पर फर्जी शिकायतें भी पुलिस टीम को हलकान करती हैं। छोटी घटना को बढ़ा चढ़ाकर बताने के सबसे अधिक मामले सामने आते हैं। मौके पर पहुंचने के बाद मामला कुछ और ही निकलता है। साथ ही ऐसे शिकायतकर्ता जो डायल 112 पर फोन करने के बाद अपना फोन बंद कर लेते हैं, वह सबसे बड़ी परेशानी बनते हैं। जिससे रिस्पांस टाइम भी प्रभावित होता है।

"सभी पीआरवी को रेस्पांस टाइम सुधारने का निर्देश दिया गया है। शासन से मिले दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कम से कम समय में रेस्पांस देने पर फोकस किया जा रहा है। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता में रखने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही सभी पीआरवी कर्मियों को अपना व्यवहार आम लोगों के प्रति बेहद अनुशासित व अच्छा रखने की हिदायत दी गई है।

–सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी, सीओ सिटी/डायल इंचा।

# मंडल मुख्यालय पर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

बस्ती। प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस पार्टी बुधवार को मंडल मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन करेगी। ज्ञापन के माध्यम से योगी सरकार को नींद से जगाने का काम पार्टी करेगी।

यह बातें कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं जनपद प्रभारी अमरेंद्र मल्ल ने पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री अपने मुंह से अपनी तारीफ करते नहीं थकते, हालात यह है कि घरों से खींचकर बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी 18 सितम्बर को मंडल मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करेगी। इस दौरान प्रदेश महासचिव जयकरन वर्मा, पूर्व विधायक अंबिका सिंह, देवेंद्र श्रीवास्तव, शौकत अली नन्हू, गंगा प्रसाद मिश्रा, अमित सिंह, कौशल त्रिपाठी, अरूण पांडेय आदि मौजूद रहे।

# हमले से गुस्साए लोगों ने सियार को मार डाला

जागरण संवाददाता, रुधौली: सियार के हमले में रुधौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर छह विंध्यवासिनी नगर के रघुनाथपुर टोले में चार तो वार्ड नंबर 14 शास्त्रीनगर के मध्य नगर टोले में दो लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी रुधौली भेजा गया है। घटना से गुस्साए लोगों ने सियार को लाठी-डंडे से पीट-पीट कर मार डाला।



सियार के हमले से घायल कोइला देवी

- सियार के हमले में छह घायल लाठी डंडा लेकर निकल रहे लोग
- रुधौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर छह व 14 में हुई घटना, दहशत



घायल भोला● जागरण

मध्य नगर निवासी 45 वर्षीय गंगाराम व वहीं के हनुमान प्रसाद यादव सोमवार की देर शाम आसपास बैठे थे। इसी बीच अचानक एक पागल सियार ने उन पर हमला कर दिया और भाग निकला। सियार वहां से निकल कर रघुनाथपुर में काली माता स्थान के पास मौजूद पुलिया पर बैठी कोइला देवी पर अचानक हमला कर घायल कर दिया। वह शोर मचाते हुए राजेश गुप्ता के किराने की दुकान के पास पहुंची। इसी बीच सियार फिर उनके पास पहुंच गया, वह उन पर दोबारा हमला करता, इससे पहले ही वहां लाठी लेकर पहुंचे रामू ने उसे भगाया और शोर मचाया। उनकी आवाज सुनकर तमाम लोग लाठी-डंडा लेकर पहुंच गए। अपने आपको घिरता देख सियार ने 17 वर्षीय शिवम पुत्र धूपचंद, 10 वर्षीय ब्यूटी पुत्र प्रभु दयाल, 70 वर्षीय भोले पुत्र झिनकान समेत चार लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने उसे पीट-पीट कर मार डाला। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। ग्रामीणों को आशंका है कि सियार के साथ ही भेड़िया भी हो सकता है। लोग घर से निकलते समय लाठी-डंडा लिए रहते हैं।

# हिंसक जानवरों के हमले की दहशत, 24 घंटे पहरेदारी

## रुधौली नगर पंचायत में जानवर के हमले में छह लोग घायल, ग्रामीणों ने एक सियार को पीटकर मार डाला

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। बीते 10 दिनों में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में भेड़िया जैसे दिखने वाले जानवर के हमले के कई मामले सामने आ चुके हैं। नगर पंचायत रुधौली के दो वार्डों के छह लोगों को सोमवार की रात हिंसक जानवर ने घायल कर दिया।

ग्रामीणों ने रात में ही खेतों से ढूंढकर एक जानवर को मार डाला, जिसे सियार बताया जा रहा है। खौफजदा लोग गांव में 24 घंटे पहरा दे रहे हैं। बच्चे भी सिवान की तरफ लाठी-डंडा लेकर जा रहे हैं।

रुधौली संवाद के मुताबिक मध्य नगर निवासी गंगाराम (45) और हनुमान प्रसाद यादव (54) सोमवार की देर शाम आसपास बैठे थे। अचानक एक जानवर ने उन पर हमला बोल दिया, जब तक लोग कुछ समझ पाते जानवर भाग निकला।

कुछ ही देर बाद रघुनाथपुर में काली स्थान के पास मौजूद पुलिया पर बैठी कोयला देवी पर जानवर ने हमला कर दिया। उनके चेहरे और दोनों हाथों पर पंजा मारकर घायल कर दिया। शोर मचाते हुए कोयला देवी भागकर कुछ दूरी पर स्थित राजेश गुप्ता की किराने की दुकान के पास पहुंची। पीछा करते पहुंचा जानवर वहां फिर हमला करने बढ़ा, मगर रामू ने लाठी लेकर उसे भगाया। रामू भी जोर से चिल्लाते हुए गांव की तरफ भागा। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में गांव के लोग लाठी-डंडा लेकर पहुंच गए।

इस बीच देखते ही देखते जंगली जानवर के हमले से गांव के शिवम (17), ब्यूटी (10), भोला (70) भी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद खेतों में जानवर की तलाश शुरू की। ग्रामीणों ने एक सियार को लाठी-डंडे से पीटकर मार डाला। घटना की जानकारी रुधौली पुलिस को दी गई।



जानवरों के भय से पहरा देते त्रिलोकपुर के लोग। संवाद

### ग्रामीण मान रहे भेड़िया, वन विभाग सियार

पिछले 10 दिन से दहशत का पर्याय बने हिंसक जानवर को ग्रामीण भेड़िया मान रहे हैं। उनका कहना है कि भेड़िया दिन में धान और गन्ने के खेत में छिपा रहता है। जब उसे भूख लगती है तो व्याकुल होकर आबादी क्षेत्र में लोगों पर हमले कर देता है। कप्तानगंज क्षेत्र के बनहर, थूहा, खोभा, बनहा, ओझागंज सहित कई गांवों में दो साल पहले भी ऐसे ही खूनी भेड़िये का आतंक था। लोगों का कहना है कि मनवर, कुआनो और सरयू के किनारे झाड़ियों में भेड़िया रहते हैं। बारिश में पानी भर जाने से वे मैदानी क्षेत्रों में निकल आए हैं। हालांकि वन विभाग का कहना है कि अभी भेड़िया के निशान नहीं मिले हैं, सियार ही क्षेत्र में देखे जा रहे हैं।



सियार के हमले से घायल महिला। संवाद

### बढ़ती जा रही दहशत, रतजगा कर रहे गांवों के लोग

ग्रामीण इलाकों में जंगली जानवरों की दहशत बढ़ती जा रही है। पिछले सप्ताह परशुरामपुर के धेनुगांव में सात वर्षीय मासूम पर हमला करने और पैकोलिया क्षेत्र के औरातोंदा में बकरियों पर हमले का मामला सामने आया था। इसके बाद लोगों में डर और बढ़ गया। ग्रामीण भेड़िये का हमला बता रहे हैं और देर शाम खेतों की तरफ जाने से बच रहे हैं। हरैया क्षेत्र के समोढ़ी सहित अन्य गांवों में लोग टोलियां बनाकर पहरा दे रहे हैं। वन विभाग असमंजस में है। उधर, ऐंठी गांव में जानवरों का झुंड दिखाई देने के बाद से पोखरा, महुरैया, मेंडौआ, बरहटा, मीता सोती, नरायनपुर, बसंतपुर, थूहा, खोभा, मरवटिया पांडेय, मनोरमा और मचोइया नाले के इलाके के लोग रात भर जाग रहे हैं।

भेड़िया के हमले की पुष्टि सिर्फ बहराइच में हुई है। यहां अब तक जितने जानवर दिखे हैं वे सियार या फिशिंग कैट प्रजाति के हैं। सियार भी हमले करने लगे हैं। भानपुर और रुधौली में ग्रामीणों ने सियार ही पाया है। डीएम को रिपोर्ट दी गई है, जिले में जंगली जानवर के निकलने पर गोरखपुर स्थित प्राणि उद्यान के विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी।

-जेपी सिंह, डीएफओ

# लेनदेन में हुआ था मुर्गा व्यापारी का अपहरण

- वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के दौलतपुर गांव की घटना
- आरोपित गिरफ्तार, अपहरण में कार व बाइक का किया था इस्तेमाल

जागरण संवाददाता, बस्ती: कार सवार अपहर्ताओं ने जिस मुर्गा व्यापारी को रविवार के दिन अपहरण कर लिया था, वह मामला लेन-देन से जुड़ा है। पुलिस ने घटना के तीसरे दिन अपहर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में दो गोंडा और चार बस्ती जनपद के निवासी हैं। पुलिस ने दबिश देकर घटना में प्रयुक्त काले रंग की कार व शामिल आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना रविवार की शाम पांच बजे वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के दौलतपुर गांव के चौराहे की बताई जाती है। सोमवार को पुलिस को दिए गए तहरीर में अपहृत मुर्गा व्यापारी इंशान अली ने बताया कि वह दौलतपुर गांव के चौराहे पर मुर्गा बेचने का कारोबार करते हैं। रविवार शाम को वह पैड़ा चौराहे पर किसी काम से गए थे। इसी दौरान किसी ने फोन करके बुलाया कि जल्दी से चले आओ हमें मुर्गा खरीदना है। अपने मुर्गे की दुकान पर आया तो एक काले रंग कि कार में चार लोग तथा एक बाइक से दो लोग आए थे। सभी लोग मुझे जबरदस्ती कार में बैठा कर ले जाने लगे। रास्ते में कार में बैठे लोग बताए कि तुम्हारा बेटा राजू हम लोगो का पैसा लिया है। मांगने पर दे नहीं रहा है। इसलिए तुम्हें ले जा कर जबरदस्ती बैठाएंगे, तभी तुम्हारा बेटा आकर हम लोगों का पैसा देगा। अपनी गाड़ी में बैठाकर ले जाकर एक स्थान पर बैठाए रखा। किसी तरह उनके चंगुल से बच कर आया। प्रभारी निरीक्षक दिनेश चन्द्र चौधरी ने पीड़ित की तहरीर पर समीर सिद्दीकी, इसरार अहमद निवासी परसपुरा कप्तानगंज, नीरज प्रताप सिंह निवासी ग्राम खिरिया थाना वजीरगंज, गोंडा, प्रवीण सिंह निवासी ग्राम व थाना मनकापुर गोंडा, आनन्द सोनी निवासी कस्बा व थाना रुधौली तथा सूरज उपाध्याय निवासी जिला अस्पताल के सामने थाना कोतवाली, जनपद गोंडा पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने घटना में शामिल आरोपितों को पकड़ लिया है।

**16 लाख लिया था बेटा, बाप को उठा लिया:** मुर्गा व्यापारी इंशान अली के अपहरण के संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि व्यापारी का बेटा अपहर्ताओं से 16 लाख रुपये उधार ले रखा था। उसी रुपये की वसूली के लिए दबाव बनाने की बात अपहर्ता ने पुलिस के समक्ष स्वीकार की है। आरोपितों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त काले रंग की कार भी बरामद कर ली गई है।

# चार अलग-अलग स्थानों पर मारपीट, 13 पर कार्रवाई

जासं, बस्ती: जिले में अलग-अलग स्थानों पर रंजिश को मारपीट की घटना में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 13 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के मोहल्ला पंडित टोला निवासी त्रिपुरारी प्रसाद पाण्डेय के बेटे को मोहल्ले के ही रवि कुमार, शत्रुहन समेत तीन लोगों ने मिल कर मारापीटा। रुधौली थाना क्षेत्र के ग्राम औराडीहा में रंजिश को लेकर राजेन्द्र बहादुर चौधरी के पुत्र की गांव के ही राकेश व उनके पिता चन्द्रशेखर ने एकराय होकर पिटाई कर दी। गौर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में आदर्श तिवारी को रंजिशन मोतीन खान निवासी करमा, आयुश पटेल निवासी सिहौर, जुनेद निवासी धनघटा समेत चार लोगों ने मिलकर मारापीटा। लालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में मामूली विवाद को लेकर बलिकरन को गांव के ही सूरज, दीपक, नीलम व ज्योति ने मिलकर मारपीट दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मिशन शक्ति के लिए हर थाने पर बनेगा तीन रजिस्टर

जागरण संवाददाता, बस्ती: महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति का पांचवां चरण जनपद में जल्द ही आरंभ होने जा रहा है। इस बार हर थाने पर तीन अलग-अलग रजिस्टर रखे जाएंगे। पहले रजिस्टर में महिला अपराध से संबंधित कार्रवाई और उससे जुड़े अपराधियों का विवरण दर्ज होगा। दूसरे में काउंसलिंग व शिकायतों के निस्तारण का विवरण लिखा जाएगा। इसी प्रकार तीसरे रजिस्टर में जन जागरूकता व बीपीओ की ओर से किए गए प्रचार-प्रसार का उल्लेख रहेगा। हर दिन इसकी मानीटरिंग डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारी करेंगे। जनपद में इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने सीओ रुधौली संजय सिंह को प्रभारी बनाया है। वह हर दिन दो बीट का मौके पर निरीक्षण करेंगे। थाने पर महिला जागरूकता से संबंधित तीनों रजिस्टर का अवलोकन करेंगे।

**महिला कल्याण योजना पर भी रहता है फोकस:** मिशन शक्ति योजना के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति महिला बीपीओ की ओर से जागरूक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, जिसमें योजना की बढ़ाई गई धनराशि 25,000 के बारे में एवं स्पांसरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल सेवा योजना के बारे में विस्तार से प्रचार-प्रसार किया जाता है।



पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेते हुए एएसपी ओपी सिंह● जागरण

# एएसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

जागरण संवाददाता, बस्ती: एएसपी ओपी सिंह ने मंगलवार को साप्ताहिक परेड की सलामी ली। पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई गई। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गई।

एएसपी ने विभिन्न शाखाओं, पीआरवी वाहनों, शस्त्रागार, भोजनालय, बैरक व आवासों का निरीक्षण कर सफाई आदि के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। प्रतिसार निरीक्षक संदीप राय को निर्देशित किया।

इसके बाद पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संबंधित का अर्दली रूम किया।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत आठ पर केस

बस्ती। महिला पुलिस ने दहेज के लिए महिला को प्रताड़ित करने के आरोप में पति समेत आठ ससुरालियों पर केस दर्ज किया है। वाल्टरगंज क्षेत्र स्थित मायके में रह रहीं प्रीति यादव ने तहरीर में बताया है कि उनकी शादी भगवती बिहार खरिका रोड तेलीबाग थाना पीजीआई जनपद लखनऊ निवासी विकास यादव के साथ हुई है। आरोप है कि ससुराल में दहेज के रूप में पांच लाख रुपये की मांग की गई। मांग पूरी न होने पर मारपीट कर शारीरिक, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। जान से मारने की धमकी दी गई। थाना प्रभारी डॉ. शालिनी सिंह ने बताया कि पति के अलावा ससुर रामतेज यादव, सास गुजराती देवी, देवर विशाल, ननद अनीता, विनीता, सुनीता व संगीता पर डीपी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। संवाद

# पीपल के पेड़ पर आटा डालने पर मारपीट

बस्ती। लालगंज पुलिस ने पेड़ में आटा डालने की बात पर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। रसूलपुर निवासी बलिकरन का आरोप है कि उनके पड़ोसी की बेटी ज्योति घर के सामने पीपल के पेड़ में आटा डाल रही थी। पेड़ में आटा डालने से मना करने पर उनकी मां नीलम, भाई सूरज व दीपक ने अपशब्द कहते हुए मारापीटा। शोर मचाने पर बीच-बचाव में आई पत्नी मीना व बेटी पुष्पा को भी मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने ज्योति, नीलम, सूरज व दीपक पर केस दर्ज किया है। संवाद

# पुराने विवाद को लेकर मारपीट

बस्ती। पुरानी बस्ती पुलिस ने पुराने झगड़े को लेकर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। पंडित टोला निवासी त्रिपुरारी प्रसाद पांडेय ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके बेटे अमरदीप पांडेय को विपक्षियों ने लाठी-डंडे से मारपीट कर अपशब्द कहा। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पंडित टोला निवासी रवि कुमार, शत्रुघ्न कुमार व अन्य अज्ञात पर केस दर्ज किया है। संवाद

# अवर अभियंता की मंशा पर संदेह
# उपभोक्ता पर दर्ज नहीं कराया केस

संवाद न्यूज एजेंसी

सोनहा। भानपुर उपकेंद्र के तेनुआ असहनरा गांव में बकाये में कटी लाइन का बिना भुगतान किए जोड़कर बिजली का उपयोग करने के मामले में अवर अभियंता की मंशा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले की जानकारी होने के बाद भी संबंधित उपभोक्ता पर अब तक कार्रवाई नहीं पाए हैं। जबकि यह कार्रवाई अवर अभियंता को करनी है।

विद्युत निगम के नियमानुसार, यदि बकाये में कटी लाइन को बिना भुगतान किए जोड़कर बिजली का उपयोग किया जाता है तो संबंधित उपभोक्ता पर धारा 138-बी के तहत बिजली चोरी का केस दर्ज कराया जाता है।

जोकि अब तक अवर अभियंता ने नहीं किया है। वह तेनुआ असहनरा गांव के एक निजी लाइनमैन के खिलाफ तहरीर देने की बात कर रहे हैं।

सोनहा थानाध्यक्ष ने बताया कि अब तक कोई तहरीर नहीं मिली है। जब तहरीर मिलेगी तो केस दर्ज कर जांच की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, ग्रामीण इलाकों में निजी लाइनमैनों का बोलबाला है। यह विद्युत निगम के संविदाकर्मियों से पोषित हैं। तभी तो जानकारी के बाद अधिकारी कार्रवाई नहीं पाते हैं।

**बकाये में कटी लाइन को बिना भुगतान के जोड़ने का मामला**

बिना बकाया भुगतान किए लाइन जोड़कर उपयोग करने के मामले की जांच की जा रही है। जिन उपभोक्ताओं ने ऐसा किया है, उनके विरुद्ध बिजली चोरी का केस दर्ज कराया जाएगा।

**-रविशंकर यादव**
अवर अभियंता भानपुर

# बेटे ने लिए 16 लाख कर्ज पिता को बना लिया बंधक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** बेटे की ली गई कर्ज की रकम वसूलने के लिए कार सवार मनबढ़ों ने उसके दुकानदार पिता को बंधक बना लिया। वाल्टरगंज क्षेत्र के दौलतपुर की घटना में पुलिस ने छह आरोपियों पर केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी दिनेश चंद्र चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

दौलतपुर निवासी इंसान अली ने बताया कि गांव में ही उनकी मुर्गे की दुकान है। 15 सितंबर को उनके मोबाइल पर एक फोन आया कि मुर्गा खरीदना है, जल्द अपनी दुकान पर आओ।

उस वक्त इंसान अली पैड़ा चौराहे पर काम से गए हुए थे। फोन आने के बाद वह अपनी दुकान पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर काले रंग की कार में चार लोग और बाइक लेकर दो लोग खड़े थे।

आरोप है कि इन लोगों ने उन्हे पकड़ लिया और जबरदस्ती कार में बैठाकर ले जाने लगे। रास्ते में पूछने पर बताया कि तुम्हारे बेटे राजू ने उधर 16 लाख रुपये ले रखे हैं। मांगने पर नहीं दे रहा है, इसीलिए तुम्हें ले जा रहे हैं, ताकि वह रुपये लौटा दे।

## वाल्टरगंज पुलिस ने गोंडा और बस्ती जिले के छह लोगों पर दर्ज किया केस

आरोपियों ने काफी देर तक गाड़ी में बैठाकर रखा। वहां से छूटने के बाद घटना की शिकायत उन्होंने पुलिस से की।

थाना प्रभारी के अनुसार, पूछताछ में सामने आया कि पीड़ित के बेटे व अन्य कुछ लोगों ने आरोपियों से व्यापार के नाम पर 16 लाख रुपये कर्ज लिए थे। मांगने पर वापस नहीं कर रहे थे। इसी बात को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है।

तहरीर के आधार पर समीर सिद्दीकी उर्फ नूर आलम, इसरार अहमद निवासी परसपुरा थाना कप्तानगंज, नीरज प्रताप सिंह निवासी खिरिया मझौवा थाना वजीरगंज जिला गोंडा, प्रवीण सिंह निवासी मनकापुर, गोंडा, आनंद सोनी निवासी कस्बा रुधौली थाना रुधौली बस्ती और सूरज उपाध्याय निवासी जिला अस्पताल के सामने थाना कोतवाली जनपद गोंडा पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-18-09-2024

# आईजी के साथ तहसील पहुंचे मंडलायुक्त

**बांसी (एसएनबी)।** मंगलवार को मध्या मंडलायुक्त अखिलेश सिंह पुलिस महानिरीक्षक आर. के भारद्वाज के साथ अचानक तहसील परिसर पहुंचे। उन्होंने तत्काल तहसीलदार न्यायालय पहुँच कर मौजूद पेशकार विशाल श्रीवास्तव से मिसिलबंद पंजिका मांगा। पंजिका का उन्होंने गहनता से अवलोकन किया।

**कुछ ही अंतराल पर पहुंचे डीएम भी**

उनके पहुंचने के चंद मिनट के अंतराल पर जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर भी मौके पर पहुँच गए। दोनों अधिकारी लगभग 15 मिनट तहसीलदार न्यायालय में मौजूद रहे। इस दौरान मंडलायुक्त श्री सिंह ने वाद निपटारे में तेजी लाने का निर्देश दिया इस दौरान उपजिलाधिकारी प्रदीप यादव भी मौजूद रहे।। इसके उपरांत उक्त तीनों अधिकारियों ने उपजिलाधिकारी के चेम्बर में बैठकर विचार- विमर्श किया। चेम्बर में तीनों अधिकारी लगभग आधा तक बैठे रहे। उनकी बातचीत की जानकारी फिलहाल बाहर नहीं आई। इसके उपरांत मंडलायुक्त श्री सिंह व पुलिस महानिरीक्षक श्री भारद्वाज प्रस्थान कर गए, और उनके साथ तहसील परिसर से निकले जिलाधिकारी ने मंगल बाजार पहुंच कर रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी द्वारा रामलीला मैदान का निरीक्षण चंद दिनों पूर्व ही किया गया था। तीनों अधिकारियों के अचानक पहुंचने से तहसील परिसर में हडकम्प का माहौल था। जिलाधिकारी के दोबारा रामलीला मैदान पहुंचने को लेकर तरह- तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।



तहसीलदार न्यायालय में निरीक्षण करते कमिश्नर, आईजी व डीएम।

# कोर्ट की कार्य प्रणाली को चुस्त बनाने का दिया निर्देश

जागरण संवाददाता, बांसी : तहसील का निरीक्षण मंगलवार को मंडलायुक्त बस्ती अखिलेश कुमार सिंह और जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर समेत अन्य अधिकारियों ने किया। अधिकारियों ने राजस्व से जुड़े कोर्ट की कार्यप्रणाली को देखा। कोर्ट की कार्यप्रणाली को चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने का निर्देश दिया। तहसील निरीक्षण के बाद मंडलायुक्त बस्ती के लिए रवाना हो गये।

मंडलायुक्त के जाते ही डीएम सीधे नगर में स्थित रामलीला मैदान में पहुंचे। वहां अवैध तरीके से किये गए अतिक्रमण को हटवाने के लिए उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव व नगर पालिका क अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार को नोटिस देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अवैध कब्जाधारक अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लें। अन्यथा प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा और किसी को भी यहां अवैध तौर पर काबिज नहीं रहने दिया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान आईजी बस्ती मंडल आरके भारद्वाज, एसपी प्राची सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



बांसी तहसील में निरीक्षण करते मंडलायुक्त अखिलेश सिंह साथ में आइजी आर .के भारद्वाज

## नाव पलटने से व्यक्ति नदी में डूबा

**उसका बाजार(एसएनबी)।** मुकामी थाना क्षेत्र के सेखुई के चौबहे का निवासी जगरूपन उम्र 50 वर्ष नाव पलटने से नदी में डूब गया। स्थानीय लोगो का कहना है की जगरूपन सुबह मछली मारने के लिए बूढ़ी राप्ती नदी में गया था और अचानक नाव पलट गई और लापता हो गया। वहां मौजूद लोगो ने देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पुलिस पहुंची और एनडीआरएफ को सूचना दी। एनडीआरएफ की टीम डूबे हुए व्यक्ति की तलाश में जुट गई । सदर तहसीलदार संतराज सिंह, हल्का लेखपाल संजय पांडेय, सभासद प्रतिनिधि अभिषेक त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि एनडीआरएफ टीम के द्वारा व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

## शांतिभंग की धारा में दो का चालान

गोल्हौरा (एसएनबी)। स्थानीय थाने की पुलिस ने संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने व शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए 2 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 170(1)/126/135 बीएनएसएस की निरोधात्मक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा दिया है। पुलिस ने ग्राम समाज की जमीन की कब्जेदारी को लेकर बनारसी पुत्र राममिलन उम्र लगभग 52 वर्ष व परशुराम पुत्र मगरु उम्र लगभग 52 वर्ष निवासी ग्राम कोल्हुई खुर्द थाना गोल्हौरा का चालान किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में टीम में उपनिरीक्षक रामबचन शर्मा व कांस्टेबल अखिलेश यादव शामिल रहे।

## वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोल्हौरा (एसएनबी)।** स्थानीय थाने की पुलिस ने संबंधित वाद सं 7692/23 सरकार बनाम विकास मिश्रा थाना ढेबरुआ धारा 279\337/338/304ए भादवि व 184 एमवी एक्ट के वारंटी विकास मिश्रा पुत्र कमलेश मिश्रा निवासी ग्राम सिंहोरिया थाना गोल्हौरा उम्र करीब 33 वर्ष सम्बन्धित न्यायालय सीजेएम सिद्धार्थनगर के द्वारा फौजदारी को बुधवार की सुबह 9.10 बजे गिरफ्तार किया लिया है। और गिरफ्तार वारंटी को आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा दिया है। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रणविजय, हेड कांस्टेबल हनुमान मौर्या शामिल रहे।

## डीपी एक्ट की अभियुक्त गिरफ्तार

**गोल्हौरा (एसएनबी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने वाद सं 2096/22 श्रीमती सुमन बनाम रामनाथ थाना गोल्हौरा न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट बांसी अंतर्गत धारा 498ए/323/504 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट की अभियुक्ता कबूतरी पत्नी तेजई ग्राम सेखुईंया थाना गोल्हौर उम्र करीब 50 वर्ष को बुधवार की सुबह 6.45 बजे गिरपतार कर लिया है।और गिरफ्तार वारंटी को आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा दिया है। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह, उपनिरीक्षक रणविजय सिंह, हेड कांस्टेबल हनुमान मौर्या व उपेन्द्र निषाद, महिला कांस्टेबल बबिता सिंह शामिल रहे।

# आपत्तिजनक नारा लगाने पर दिया तहरीर

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** बारह रबी अव्वल के दिन सोमवार को निकाले गये जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल कुछ लोगों द्वारा डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भारतभारी मन्दिर के पास आपत्तिजनक नारा लगाये जाने का आरोप लगाया गया है। मंगलवार को पूर्व विधायक राववेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य भाजपायों की मौजूदगी में एक व्यक्ति ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चौकनिया गांव निवासी राम विलास कन्नौजिया पुत्र छोटेलाल ने प्रभारी निरीक्षक को दिये तहरीर में बताया है कि सोमवार को भारतभारी शिव मंदिर पर वह दर्शन पूजन करने के लिए गया था। साथ में बब्बू पाठक, बबलू पांडेय, रघुनंदन पांडेय, सियाराम वर्मा सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। दिन में करीब 11 बजे बारावफात की जुलूस निकला। भारतभारी मंदिर के पास पहुंचने पर जुलूस में शामिल लोग रूककर भड़काऊनारा लगाने लगे। जिससे हिन्दू जनमानस में काफी आक्रोश है। शिकायतकर्ता ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। वहीं शिकायतकर्ता का समर्थन करते हुए पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह आदि ने मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की बात कही है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार मुकदमा पंजीकृत किया गया हैं, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# फरार अभियुक्त के घर चस्पा नोटिस

**भवानीगंज (एसएनबी)।** भवानीगंज पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त के विरुद्ध 82 सीआरपीसी की कार्रवाई की गई है। अभियुक्त राजेश श्रीवास्तव पुत्र शिवप्रसाद श्रीवास्तव ग्राम धनखरपूर थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के विरुद्ध धारा आईपीसी से संबंधित अभियुक्त राजेश श्रीवास्तव के द्वारा हाजिर अदालत न होकर गिरफ्तारी से बचने के लिए भागा हुआ है। इसके संबंध में 82 सीआरपीसी की उद्घोषणा का आदेश हुआ है। भवानीगंज थाना पुलिस अभियुक्त के घर पर मुनादी कराते हुए पुलिस व चौकीदार के सहयोग से 82 सीआरपीसी की उद्घोषणा का आदेश अभियुक्त के घर पर दर्शनीय स्थान पर चस्पा कर, उद्घोषणा अनुपालन कराया। यदि फरार अभियुक्त समय अवधि के भीतर न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होता है तो उसके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान से दुकानदारों में हड़कंप

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा ढेबरुआ बस्ती मार्ग स्थित बेवां से हल्लौर-भटगंवा चौराहा तक अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने की घोषणा के बाद क्षेत्र के दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। मंगलवार को नगर पंचायत डुमरियागंज के वाहन से क्षेत्र में मुनादी कर इस अभियान की जानकारी दी गई।वहीं अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन द्वारा दिए गए अल्प समय को लेकर लोगों में काफी चिंता दिखी है।इस संबंध में उपजिलाधिकारी डॉ. संजीव दीक्षित ने बताया कि हाल ही में हुए सड़क हादसों के मद्देनजर आवागमन को सुगम बनाने के लिए राजकीय राजमार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाना जरूरी है। इसी के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित मार्ग स्थित आबादी क्षेत्र में सड़क और नाले के आसपास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इससे न केवल क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा होगी बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी।इस अभियान की खबर सुनकर हल्लौर, जवजव्वा, सिकहरा और बेवां में दुकानदारों में काफी चिंता है। कई दुकानदारों ने बताया कि उन्होंने अपनी दुकानें कई सालों से लगा रखी है और अचानक से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से उनका रोजगार प्रभावित होगा

# धर्म परिवर्तन कराने वाले गैंग के दो सदस्यों को मोहना थाना की पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)।** जिले के मोहाना थाना की पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने वाले गैंग के दो सदस्यों को धार्मिक पुस्तक के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है।पकड़े गए अभियुक्त का नाम चंद्रभान पुत्र शेशमन तथा फूल सिंह उर्फ पास्टर है,चंद्रभान मोहाना थाना क्षेत्र के पननी का निवासी है, जबकि फूल सिंह महराज गंज जिले के फरेंदा थाना क्षेत्र के जोगियाबारी का निवासी है।पकड़े गए अभियुक्त पर पननी में दलित बस्ती में धार्मिक सभा आयोजित कर ईसाई धर्म में शामिल ,संबंधित प्रार्थना करने की शिकायत मिली थी।मोहाना थाना की पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 170\24 धारा 352,351(3) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म सपरिवर्तन प्रतिशोध अधिनियम 2021 की धारा 3,5(1) के तहत अभियोग पंजीत कर जेल भेज दिया गया है।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मोहाना जीवन त्रिपाठी,उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद,उप निरीक्षक नागेंद्र प्रसाद यादव,हेड कांस्टेबल उदय प्रताप सिंह,प्रशांत सिंह शामिल रहे।



पकड़े गए अभियुक्त। फोटो : एसएनबी



पुलिस लाइंस में विश्वकर्मा पूजा में शामिल एसपी प्राची सिंह व अन्य अधिकारी। ● हिन्दुस्तान

# पुलिस लाइंस में विश्वकर्मा की हुई पूजा, एसपी शामिल

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। पुलिस लाइंस में शिल्प कला से विश्व का निर्माण करने वाले व ब्रम्हा के पुत्र भगवान विश्वकर्मा की जयंती भगवान विश्वकर्मा की पूजा शनिवार को धूमधाम से मनाई गई। परिवहन शाखा में विधि विधान के साथ पूर्जा अर्चना की गई। एसपी प्राची सिंह भी शामिल हुईं।

देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा के अवतरण दिवस पर मंगलवार को एसपी प्राची सिंह ने शुभकामनांए दी। परिवहन शाखा में आयोजित शस्त्रों की पूजा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विधि-विधान से देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा पाठ की गई।

एसपी ने भगवान विश्वकर्मा के बारे में जानकारी देते हुए शुभकामनाएं दी और मिष्ठान का वितरण किया। इस दौरान सीओ लाइंस, सीओ सदर, प्रतिसार निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# आपत्तिजनक नारा लगाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई को दी तहरीर

डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद। बारह रबी अव्वल के दिन सोमवार को निकाले गए जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल कुछ लोगों पर डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भारतभारी मंदिर के पास आपत्तिजनक नारा लगाने का आरोप है। मंगलवार को पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में शिकायतकर्ता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

चौकनिया गांव निवासी राम विलास कन्नौजिया पुत्र छोटेलाल ने प्रभारी निरीक्षक दी तहरीर में बताया है कि सोमवार को भारतभारी शिव मंदिर पर वह दर्शन पूजन करने के लिए गया था। उसके साथ में बब्बू पाठक, बबलू पांडेय, रघुनंदन पांडेय, सियाराम वर्मा आदि लोग भी मौजूद थे। दिन में करीब 11 बजे बारहवफात का जुलूस निकला था। भारतभारी मंदिर के पास पहुंचने पर जुलूस में शामिल लोग रुककर आपत्तिजनक नारा लगाने लगे इससे जनमानस में आक्रोश है। हम सभी की भावना आहत हुई है। शिकायतकर्ता ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के साथ थाना पर तहरीर देने के लिए भाजपा जिला महामंत्री मधुसूदन अग्रहरि, भारतभारी नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी आदि भी गए हुए थे।

# पुलिस ने डुग्गी मुनादी कराई

भवानीगंज। भवानीगंज पुलिस ने एक फरार आरोपी के विरुद्ध 82 सीआरपीसी की कार्रवाई की है। पुलिस ने उसके घर नोटिस चस्पा कर डुग्गी मुनादी कराई। थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि आरोपी राजेश श्रीवास्तव पुत्र शिवप्रसाद श्रीवास्तव निवासी धनखरपुर थाना भवानीगंज के विरुद्ध केस दर्ज है। अदालत में हाजिर न होकर गिरफ्तारी से बचने के लिए भागा हुआ है।

# 19 सितंबर से हटेगा बेंवा और हल्लौर में अतिक्रमण

बेंवा। ढेबरुआ-बस्ती मार्ग स्थित बेंवा से हल्लौर चौराहा तक सड़क के किनारे सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जों को दो दिन बाद गुरुवार से तहसील प्रशासन हटवाना शुरू करेगा। मंगलवार को एनाउंस कर चेतावनी दी गई। इस घोषणा के बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने बताया कि हाल ही में हुए सड़क हादसों के मद्देनजर आवागमन को सुगम बनाने के लिए राजकीय राजमार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाना जरूरी है। इसी के तहत लोक निर्माण विभाग की ओर से निर्मित मार्ग स्थित आबादी क्षेत्र में सड़क और नाले के आसपास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

# कमिश्नर-आईजी पहुंचे तहसील, देखे अभिलेख

**निरीक्षण**

**बांसी, हिन्दुस्तान संवाद।** मंगलवार को मध्याह्न मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज अचानक बांसी तहसील पहुंच गए। उन्होंने तत्काल तहसीलदार न्यायालय पहुंच कर मौजूद पेशकार विशाल श्रीवास्तव से मिसिलबंद पंजिका मांगा। पंजिका का उन्होंने गहनता से अवलोकन किया।

अचानक तहसील पहुंच कर तहसीलदार के न्यायालय पहुंच कर मिसिलबंद पंजिका को मांगे जाने से हड़कंप रहा। दोनों अधिकारी लगभग 15 मिनट तहसीलदार न्यायालय में मौजूद रहे। इस दौरान मंडलायुक्त ने वाद निपटारे में तेजी लाने का निर्देश दिया। दोनों आलाधिकारियों के तहसील पहुंचने के कुछ ही देर बाद डीएम डॉ.राजागणपति आर भी पहुंच गए।



तहसीलदार बांसी न्यायालय में निरीक्षण करते कमिश्नर, आईजी और डीएम।

तीनों अधिकारियों ने एसडीएम के चेंबर में चले गए और किसी मसले को लेकर आपस में विचार विमर्श किया। चेंबर में तीनों अधिकारी लगभग आधा घंटा तक बैठे रहे। उनकी बातचीत की जानकारी फिलहाल बाहर नहीं आई। एसडीएम के चेंबर से बाहर आने के बाद कमिश्नर व आईजी चले गए। इससे तहसील प्रशासन में हड़कंप मचा रहा। उनके आने का अचानक क्या मकसद रहा इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है। इस दौरान एसडीएम प्रदीप कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# सरकारी दुकानों पर भी खपाई जा रही नकली शराब

## काफी समय से चल रहा है जिले में अवैध शराब का धंधा, गोरखपुर से लाते हैं नकली बोतल और ढक्कन

तेज प्रकाश त्रिपाठी • सिद्धार्थनगर

जिले में नकली शराब बनाने और इसे खपाने का कार्य लंबे समय से चल रहा है। इसमें स्थानीय लोगों के अलावा गोरखपुर और महराजगंज से जुड़े धंधेबाज शामिल हैं। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम कई बार धंधेबाजों को पकड़ कर जेल भेज चुकी है। इसके बाद भी यह थमने का नाम नहीं ले रहा है। सदर पुलिस टीम ने आठ मई को शहर के झुंडेनगर से दो आरोपितों को पकड़ा था। इनकी निशानदेही पर शहर से बड़ी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब, खाली बोतल, ढक्कन समेत अन्य सामान बरामद किया था। इसके अलावा उस्का और जोगिया थाने में भी शराब और इसके बनाने का उपकरण पकड़ा गया था। इसके बाद भी धंधा निरंतर जारी है।

जोगिया में वाहन चेकिंग के दौरान एसओजी, आबकारी और पुलिस टीम ने अंग्रेजी शराब का ढक्कन, बोतल समेत अन्य सामान के साथ दो बाइक सवार को पकड़ा था। इनके पास से बोरे में पन्नी के बीच रखा गया विभिन्न ब्रांड के अंग्रेजी शराब का ढक्कन पकड़ा। इनकी निशानदेही पर जोगिया कस्बे में अंग्रेजी शराब की दुकान के बगल से छापामारी करके 13 बोतल विभिन्न ब्रांड का नकली शराब बरामद किया। इसके साथ ही रामनाथ पुत्र बलिराम गौड़, निवासी करुआवाल थाना कोल्हुई राजकपूर जायसवाल पुत्र मंगल प्रसाद निवासी मथुरा नगर टोला, सनिचारहिया फरेंदा जिला महराजगंज, राजू प्रसाद पुत्र जंगल निवासी अगही थाना पीपीगंज जिला गोरखपुर और अनुज्ञापी निशांत कुमार अग्रवाल निवासी शोहरतगढ़ कस्बा जिला सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार किया है। इसके पहले इस वर्ष आठ मई को एसओजी और सदर पुलिस की टीम ने अंग्रेजी शराब और बीयर बनाने वाले बड़े नेटवर्क को भंडाफोड़ किया था। इनके कब्जे से 500 लीटर अर्ध निर्मित और 104 बोतल विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब, क्यूआर कोड और ढक्कन व शीशी रैपर बरामद करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में झुंडेनगर में छापेमारी करके दो लोगों को गिरफ्तार किया था। इसमें एक आरोपित महराजगंज तो दूसरा शोहरतगढ़ का निवासी था। इसी प्रकार दो मई 2022 ढेबरूआ पुलिस ने सर्विलांस की मदद से मुंहचोरवा में छापेमारी करके असली बोतल में नकली अंग्रेजी शराब बनाकर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया था। छापेमारी में बड़ी संख्या में कई ब्रांड का नकली रैपर, ढक्कन, क्यूआर कोड, बोतल आदि सामान बरामद किया गया था। धंधेबाज से जुड़े आरोपित इसे कानपुर से मंगवाते थे। असली बोतल में मौजूद शराब को निकाल उसमें पानी मिलाकर बेचते थे। मामले में पांच लोग पकड़कर जेल भेजे गए थे।



जोगिया पुलिस के अभिरक्षा में शराब कारोबारी • फाइल फोटो

### पहली बार पकड़ा गया शराब की दुकान का मालिक

जिले में पहली बार छापेमारी में अंग्रेजी शराब का लाइसेंसी दुकानदार पकड़ा गया है। शोहरतगढ़ कस्बा निवासी अनुज्ञापी निशांत कुमार अग्रवाल अपनी दुकान से नकली शराब की बिक्री कराता था। इसकी दुकान के बगल में ही छिपाकर रखा गया शराब पकड़ा था।

जोगिया में स्थित शराब की दुकान निलंबित: आबकारी निरीक्षक अवनीश कुमार पांडेय ने बताया कि विभाग ने जोगिया में स्थित सरकारी अंग्रेजी शराब के दुकान को निलंबित कर दिया है। विभागीय राजस्व का नुकसान न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दुकान का संचालन जल्द शुरू कराया जाएगा।

जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु सिंह ने बताया कि विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। इसकी वजह से कुछ धंधेबाज पकड़े गए हैं। इस धंधे से जुड़े अधिकांश लोग गोरखपुर और महराजगंज जिले के रहने वाले हैं। यह स्थायी तौर पर यहां रहकर कार्य नहीं करते हैं। ऐसे में इनकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में समस्या हो रही है। आबकारी निरीक्षकों को अपने- अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने और छापेमारी का निर्देश दिया गया है।

# धर्म परिवर्तन कराने वाले दो नामजद आरोपित गिरफ्तार

- मोहाना थाना क्षेत्र के पननी गांव का है मामला
- गिरफ्तार आरोपितों में से एक पननी गांव व दूसरा महराजगंज का है निवासी

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। मोहाना थाना क्षेत्र के पननी गांव में कुछ लोगों को धार्मिक उपदेश देकर धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पुलिस ने दो नामजद समेत कई अज्ञात पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें से पननी गांव व दूसरा महराजगंज जिले का निवासी है।

मोहाना क्षेत्र के पननी गांव निवासी छेदी प्रसाद पुत्र जग्गू ने मोहाना थाने में तहरीर देकर कहा कि 15 सितंबर को गांव निवासी चंद्रभान पुत्र शेषमन के घर के अंदर फुल सिंह उर्फ पास्टर पुत्र हजारी निवासी जोगियाबारी थाना फरेंदा जिला महराजगंज अन्य सहयागियों के साथ गरीब लोगों को प्रलोभन देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा था। वह कह रहा था कि ईसाई धर्म अपनाने से भूतप्रेत व असाध्य रोगों से मुक्ति मिल जाएगी। मौके पर मौजूद 40 से 50 लोगों जिसमें पुरुष, महिलाएं व बच्चे शामिल थे वहां पर वह हिन्दू धर्म के देवी देवताओं को अपशब्द कह रहा था। मैंने पहुंच कर हिन्दू धर्म के खिलाफ बोलने, ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करने का विरोध किया तो आरोपियों ने अपने सहयोगियों के साथ अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चंद्रभान पुत्र शेषमन निवासी पननी थाना मोहाना व फुल सिंह उर्फ पास्टर पुत्र हजारी निवासी जोगिया बारी थाना फरेंदा जिला महराजगंज व अन्य सहयागियों के खिलाफ धारा 352, 351(3), 3, 5(1) के तहत दर्ज कर नामजद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मोहाना थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# शोहरतगढ़ में प्रतिमा विसर्जन को लेकर दो पक्षों में विवाद

- शोहरतगढ़ कस्बे के गांधीनगर मोहल्ले का मामला
- विवाद कर रहे लोगों को पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ा

शोहरतगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। शोहरतगढ़ कस्बे के गांधीनगर मोहल्ले में एक स्थान पर रखी गणेश प्रतिमा के विसर्जन के रास्ते को लेकर मंगलवार की रात दो पक्षों में विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि जब लोग प्रतिमा विसर्जन के लिए लेकर जा रहे थे उसी दौरान कुछ लोगों ने पत्थर फेंक दिया। इसी को लेकर विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रतिमा को सुरक्षा व्यवस्था में लेते हुए विसर्जन कराने लेकर चल गई। साथ ही विवाद कर रहे लोगों को हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ दिया और दोनों पक्षों से कुछ लोगों को लेकर थाने चली गई। एहतियात के तौर पर मोहल्ले में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

एक पक्ष का कहना है कि प्रतिमा रखे हैं तो विसर्जन करने जाएंगे ही वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि प्रतिमा रास्ते में रखने को लेकर पहले ही मना किया गया था पर बात नहीं बनी थी। आज विसर्जन को लेकर विवाद बढ़ गया। पुलिस से मामले की शिकायत भी की गई थी कि विवाद उत्पन्न हो सकता है पर पुलिस दोनों पक्षों को समझा कर शांत करा दिया था।

एसओ अनुज कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिमा विसर्जन के समय दोनों पक्षों में विवाद हुआ है। समझाने पर दोनों पक्ष नहीं माने। दोनों पक्षों से कुछ लोगों को थाने पर लाया गया है। शांति व्यवस्था कायम है। सीओ अरुणकांत सिंह ने बताया कि दो पक्षों में गलतफहमी की वजह से कुछ विवाद हुआ था। पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले को शांत करा दिया है। कस्बे में शांति व्यवस्था कायम है।

## जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में धान खरीद घोटाले का मामला

# आरोपितों की संपत्ति होगी कुर्क, लगेगा गैंगस्टर

सिद्धार्थनगर, वरिष्ठ संवाददाता। जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में धान खरीद में हुए करोड़ों के घोटाले में शामिल आरोपितों पर प्रशासन शिकंजा कसने लगा है। 11 करोड़ के धान खरीद घोटाले में पुलिस अब तक पीसीएफ के जिला प्रबंधक, भुगतान अधिकारी व चार केंद्र प्रभारियों सहित छह लोगों पर केस दर्ज कर चुकी है। इसमें से दो केंद्र प्रभारियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। अन्य भी कभी भी पुलिस के शिकंजे में आ सकते हैं। अब इन आरोपितों की संपत्ति कुर्क करने के साथ ही गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

- **पीसीएफ के जिला प्रबंधक भुगतान अधिकारी व 4 केंद्र प्रभारियों सहित छह पर दर्ज है मुकदमा**
- **अब तक दो लोग हो चुके हैं गिरफ्तार**

"धान खरीद घोटाले की जांच चल रही है। इसमें शामिल लोगों की संपति कुर्क करने के साथ ही गैंगेस्टर की कार्रवाई की जाएगी।"

**डॉ.राजा गणपति आर,** डीएम

जिले में धान खरीद घोटाले की जांच पुलिस के साथ प्रशासनिक टीम भी अपने तई कर रही है। डीम डॉ.राजा गणपति आर ने घोटाले में शामिल आरोपितों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दे दिया है। जांच टीम को हर पहलू पर जांच का निर्देश पहले से ही मिला हुआ है। जांच टीम उस पर काम भी कर रही है। दरअसल जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में धान खरीद में हुए करोड़ों के घोटाले में पीसीएफ के तत्कालीन जिला प्रबंधक अमित कुमार चौधरी व भुगतान अधिकारी उमानंद उपाध्याय पर सदर थाने में व चार क्रय केंद्र प्रभारियों पर बांसी, खेसरहा व त्रिलोकपुर थाने में केस दर्ज है। इनमें से बांसी में दर्ज दोनों केंद्र प्रभारियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। शेष अभी फरार चल रहे हैं। जिला प्रशासन अब इन लोगों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

जिला प्रशासन आरोपितों की संपत्ति का ब्योरा जुटा रहा है। जिससे गबन किए गए धन को इनकी संपत्ति को कुर्क कर वसूला जा सके। वहीं प्रशासन घोटाले में शामिल अन्य के बारे में भी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जिससे सभी पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की जा सके।

# आपत्तिजनक नारेबाजी के मामले में मुकदमा पंजीकृत

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज : बारह रवी अव्वल के दिन सोमवार को निकाले गये जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल कुछ लोगों ने डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भारतभारी मन्दिर के पास आपत्तिजनक नारा लगाये जाने का आरोप लगाया गया है। मंगलवार को पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य भाजपाइयों की मौजूदगी में एक व्यक्ति ने तहरीर देकर नारेबाजों पर कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार नामजद व सैकड़ों अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। चौकनिया गांव निवासी रामविलास कन्नौजिया पुत्र छोटेलाल ने प्रभारी निरीक्षक को दिये तहरीर में बताया है कि सोमवार को भारतभारी शिव मंदिर पर वह दर्शन पूजन करने के लिए गया था। साथ में बब्बू पाठक, बबलू पाण्डेय, रघुनंदन पाण्डेय, सियाराम वर्मा सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

# साढे चार क्विंटल लहसुन बरामद, चार धराये

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : 50वीं वाहिनी एसएसबी की सीमा चौकी बढनी के जवानों ने मंगलवार को भारतीय सीमा में चार तस्करों को साढ़े चार क्विंटल लहसुन के साथ पकड़ा है। यह साइकिल पर लादकर लहसुन को नेपाल ले जाने की फिराक में थे। एसएसबी ने इसे आवश्यक कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया। एसएसबी सहायक कमांडेंट दिनेश कुमार ने बताया जवानों की गस्ती के दौरान साइकिल पर सामान लेकर जा रहे रुकने का इशारा किया तो सभी भागने लगे। सभी को जवानों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए लोगों के नाम गणेश राय निवासी गौसपुर जिला-वैशाली बिहार, माता प्रसाद यादव, विजय यादव निवासी लक्ष्मीनगर, कपिलवस्तु नेपाल और प्रदीप कुमार पासी निवासी लक्ष्मीनगर कपिलवस्तु नेपाल है। बरामदगी टीम में एसएसबी के निरीक्षक भूपेन्द्र राम, कमलेश, अजीत भगत सहित अन्य जवान शामिल रहे।

# सिद्धार्थनगर में मतांतरण कराने के आरोप में दो गिरफ्तार




धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पकड़े गए लोगों के साथ सीओ सदर अरूणकांत सिंह व पुलिसकर्मी ● पुलिस

- प्रार्थना से असाध्य रोगों के ठीक हो जाने का दावा कर रहे थे आरोपित
- मोहाना इलाके में आयोजित की थी प्रार्थना सभा, धार्मिक पुस्तकें बरामद

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** असाध्य रोगों के प्रार्थना से ठीक हो जाने का दावा करके लोगों को मतांतरण के लिए प्रेरित कर रहे दो लोगों को मोहाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपित चंद्रभान सिद्धार्थनगर के मोहाना और फूलचंद्र उर्फ मास्टर महराजगंज के फरेंदा का है। धार्मिक सभा से बड़ी संख्या में ईसाई धर्म से जुड़ी पुस्तकें व अन्य सामग्री मिली।

मोहाना क्षेत्र के पननी गांव की दलित बस्ती में मंगलवार की सुबह कुछ लोगों ने ईसाई धर्म की प्रार्थना सभा आयोजित की थी। आरोप है कि यहां ग्रामीणों को समझाया जा रहा था कि यदि कोई असाध्य रोग से पीड़ित है तो वह प्रार्थना करने से ही पूरी तरह ठीक हो जाएगा। सीओ सदर अरुणकांत सिंह ने बताया कि पननी गांव में 40 से 50 लोगों के जुटने की सूचना मिली थी। पुलिस पहुंची तो वहां धार्मिक सभा चल रही थी। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पननी गांव के छेदी लोधी की तहरीर पर दो नामजद समेत तीन लोगों के विरुद्ध विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों के पास से ईसाई धर्म से जुड़ी पुस्तकें बरामद की गई हैं।

# दो वारंटी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** गोल्हौरा पुलिस ने मंगलवार को एक वारंटी को दबोच लिया। उसका नाम विकास मिश्र निवासी सिन्होंरिया थाना गोल्हौरा का है। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह जानकारी एसओ गोल्हौरा बृजेश कुमार सिंह ने दी है। उधर, गोल्हौरा पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में कबूतरी पत्नी तेजई निवासी सेखुईया थाना गोल्हौरा को गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिय गया। यह जानकारी एसओ गोल्हौरा बृजेश कुमार सिंह ने दी है। संवाद

# आपत्तिजनक नारे की हो जांच

भारतभारी। ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के मौके पर निकाली गई यात्रा के दौरान आपत्तिजनक नारेबाजी की घटना की जांच की मांग पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने की है।

वायरल वीडियो की यह घटना डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भारतभारी नगर का बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जब ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के मौके पर जुलूस निकाला गया तो आपत्तिजनक नारे लगाया जा रहे थे। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।

पूर्व विधायक ने मंगलवार को डुमरियागंज थाने पर तहरीर देकर करवाई की मांग की है। डुमरियागंज थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार यादव ने कहा कि तहरीर मिली है। केस दर्ज कर जांच की जांच रही है। संवाद

# मूर्ति पर पत्थर फेंकने को लेकर विवाद, पुलिस ने कराया शांत

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में प्रतिमा पर पत्थर फेंकने के मामले की जानकारी मिलते हैं दो पक्ष सामने सामने आ गए। तनाव उत्पन्न होता इससे पहले पुलिस पहुंच गई और दोनों पक्षों को समझाया बुझाया। इसके बाद लोग मान गए। फिर प्रतिमा विसर्जन को लेकर लोग चले गए। पुलिस का कहना है कि कुछ लोग विवाद कर रहे थे। उन्हें समझा कर शांत कर दिया गया।

कस्बे के रघुनाथनगर में चंद्रिका उर्फ चंदू ने गणेश प्रतिमा की स्थापना की थी। सोमवार को कुछ लोग प्रतिमा पंडाल के बगल में जुलूस को लेकर गेट बना रहे थे। इसे लेकर दूसरे पक्ष के लोगों से कहासुनी हुई। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई तो खंभा वहां से हटाया गया।

## शोहरतगढ़ क्षेत्र के स्थानीय कस्बे का है मामला

मंगलवार की रात करीब नौ बजे प्रतिमा विसर्जन के लिए जुलूस निकाल रहे थे। प्रतिमा अभी निकली ही थी कि कुछ महिलाएं आगे आकर बैठ गई। उन्होंने कहा कि वह प्रतिमा व जुलूस उधर से नहीं निकलने देंगी। इसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। बाद में मौके पर पुलिस पहुंच गई।

पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत किया। प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ अनुज सिंह ने कुछ महिलाएं गणेश प्रतिमा जुलूस निकालने का विरोध कर रही थीं। क्षेत्र अधिकारी शोहरतगढ़ अरुण कांत सिंह ने बताया कि कुछ लोगों ने कहासुनी कर ली थी। जानकारी पर पुलिस पहुंची थी।

# 16 बोरी चाइनीज लहसुन बरामद, चार गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

ढेबरुआ। एसएसबी 50वीं वाहिनी सीमा चौकी बढ़नी के जवानों ने मंगलवार को सीमा पर स्थित पिलर संख्या 568 के पास भारतीय सीमा में चार तस्करों को पकड़ा। उनके कब्जे से चार साइकिल पर लदा 16 बोरी में 450 किलो लहसुन बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद बढ़नी कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया है। भारतीय बाजार में लहसुन के दाम में वृद्धि के बाद चाइनीज लहसुन की तस्करी बढ़ गई है।

एसएसबी सहायक कमांडेंट दिनेश कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह लगभग 9 बजे सूचना मिली कि नेपाल व भारत सीमा के बीच लगे पिलर संख्या 568 की ओर चार लोग साइकिल पर बोरे में कुछ लाद कर भारतीय सीमा प्रवेश कर रहे हैं।

मौके पर जवान पहुंच गए। जवानों को देखकर चारों साइकिल व समान छोड़ भगाने लगे। उन लोगों को भागता देखकर जवानों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी में उनके कब्जे से साइकिल पर लदे 16 बोरी लहसुन बरामद हुए, जो लगभग 450 किलोग्राम हैं।

पूछताछ में इन तस्करों ने अपना गणेश राय ग्राम-गौसपुर जिला वैशाली बिहार, माता प्रसाद यादव ग्राम-लक्ष्मीनगर, कपिलवस्तु, नेपाल, विजय यादव ग्राम लक्ष्मीनगर, कपिलवस्तु, नेपाल और प्रदीप कुमार ग्राम लक्ष्मीनगर कपिलवस्तु नेपाल बताया है। जवानों ने नेपाली लहसुन साइकिल सहित चारों तस्करों को बढ़नी कस्टम को आगे की कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया।

गिरफ्तारी के दौरान एसएसबी के इंस्पेक्टर भूपेन्द्रराम, कमलेश कुमार, अजीत भगत मौजूद रहे।


सख्ती बढ़ी तो चाइनीज लहसुन की तस्करी में महिलाओं-बच्चों को लगाया

17 सितंबर को प्रकाशित खबर।

## तस्कर नेपाल से लेकर आ रहे थे चाइनीज लहसुन

# नकली शराब के धंधे में महराजगंज का गिरोह सक्रिय

## जनपद में नहीं थम रहा है नकली विदेशी मदिरा बनाने का खेल, मई में मुख्यालय के महंगा के पास पकड़ी गई थी विदेशी शराब बनाने की फैक्टरी

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** जिले में अवैध शराब बनाने का धंधा थम नहीं रहा है। जोगिया कोतवाली के स्थानीय कस्बे में पुलिस की संयुक्त टीम के हाथ लगे विभिन्न ब्रांड की शराब के ढक्कन, बारकोड यह बता रहे हैं कि दुकानों में नकली शराब परोसी जा रही है।

यह काम दुकानदार की ओर से किया जा रहा है। क्योंकि दुकानदार के यहां से भी ढक्कन आदि बरामद हुआ है। यह हाल तब है, जब संबंधित विभाग के जिम्मेदार दुकान की नियमित जांच करते हैं। इस संबंध में कोतवाल जोगिया रामकृपाल शुक्ल ने बताया कि केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**मुख्यालय पर चल रही थी फैक्टरी** : जनपद मुख्यालय से महनगा गांव की दूरी बमुश्किल दो किलोमीटर होगी। यहां दो आदमी शराब की फैक्टरी चला रहे थे। अंग्रेजी ब्रांड की कॉपी तैयार करके बाजार में खपा रहे थे, लेकिन मुख्यालय पर बैठी आबकारी और स्थानीय पुलिस को भनक तक नहीं लगी थी।

अगर पिकेट लगाकर चेकिंग न होती तो शायद धंधे के बारे में किसी को पता भी नहीं चलता है। अवैध शराब के धंधे से जहां राजस्व की क्षति हो रही थी। वहीं, नकली शराब पीने से जान जाने से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है। इस कांड के बाद भी विभाग सबक नहीं लिया। अगर जांच होती तो फिर ढक्कन आदि बरामद नहीं होता।



17 सितंबर को प्रकाशित खबर।

**महराजगंज से जुड़ा था शीशी केमिकल, बार कोड और ढक्कन आपूर्ति करने का कार्य**

### महराजगंज के हैं दो आरोपी

**जोगिया** में हुई कार्रवाई में सबसे अहम यह है कि इस बार भी नकली शराब के कारोबार का तार महराजगंज जनपद से जुड़ा हुआ है। पकड़े गए चार आरोपियों में दो महराजगंज जिले के निवासी हैं। एक गोरखपुर का है और एक सिद्धार्थनगर का है। मई माह में जनपद मुख्यालय पर अंग्रेजी शराब बनाने की अवैध फैक्टरी के संचालन में महराजगंज के व्यक्ति का नाम सामने आया था, जो शीशी, ढक्कन, बार कोड से लेकर विदेशी शराब बनाने और बिक्री तक के कार्य करने में अहम भूमिका थी, जो अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। इस बार जोगिया में हुई कार्रवाई यह बयां कर रही है कि जिले में नकली शराब बनाने का धंधा चल रहा है।

**दुकान निलंबित, कारण बताओ नोटिस**

जोगिया में दुकानदार के पास से विभिन्न ब्रांड के ढक्कन, बार कोड आदि पकड़े जाने के मामले में लाइसेंस प्रदाता ने दुकान निलंबित करने हुए नोटिस जारी कर दिया है। आबकारी विभाग की ओर से मामले की जांच की जा रही है। नियमित दुकानों की जांच की जाती है। दुकानों से बिक्री नहीं होती है।

**-वीर अभिमन्यु सिंह,** जिला आबकारी अधिकारी

### मई में पकड़ी गई थी फैक्टरी

मई में एसओजी और सदर पुलिस की टीम ने अंग्रेजी शराब और बियर बनाने वाले बड़े नेटवर्क को भंडाफोड़ किया था। इनके कब्जे से 500 लीटर अर्ध निर्मित और 104 बोतल विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब, क्यूआर कोड और ढक्कन व शीशी रैपर बरामद करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक लगभग पांच लाख की कीमत की शराब और सामग्री जब्त की गई है। इसमें पकड़े गए आरोपी लालजी जायसवाल निवासी कोटिया बाजार थाना शोहरतगढ़ जिला सिद्धार्थनगर हाल पता महनगा थाना सिद्धार्थनगर, श्याम कुमार हलवाई निवासी डाकघर रोड थाना बृजमनगंज जिला महराजगंज के खिलाफ धोखाधड़ी, कॉपी राइट सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया गया। इस मामले में जांच चल रही है। महराजगंज निवासी सरगना पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया।

### बड़ी मात्रा में हुई थी शराब बरामदगी

मई माह में हुई कार्रवाई में विभिन्न ब्रांड अंग्रेजी शराब की 21 बोतल 180 मिली, तीन बोतल 375 मिली, 25 बोतल, 180 मिली, 13 बोतल 375 मिली, नौ बोतल 180 मिली, नौ बोतल 375 मिली, दो बोतल 375 मिली, 10 बोतल 375 मिली, 11 बोतल 375 मिली, चार बोतल खाली एवं केमिकल व्हीजल होमियोपैथी डिल्यूशन ब्रायोनिया अल्बा 30 सी 450 दो बोतल भरी व 153 बोतल खाली, नकली क्यूआर कोड, अंग्रेजी शराब के भिन्न-भिन्न ब्रांड के ढक्कन व देसी शराब के ढक्कन, चार प्लास्टिक के खाली गैलन 20 लीटर व एक प्लास्टिक खाली गैलन 10 लीटर, एक धारीदार ब्लेड एक रोल चौड़ा टेप व 500 लीटर पानी की टंकी में केमिकल युक्त अर्धनिर्मित शराब आदि बरामद की गई।

# धान खरीद के घोटालेबाजों पर लगेगा गैंगस्टर, कुर्क होगी संपत्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** धान खरीद के बड़े घोटाले के मामले में अब गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। इस कार्रवाई में बिना धान खरीदे ही बड़ी धनराशि का गबन करने वाले क्रय केंद्र प्रभारियों के साथ परिवहन एवं हैंडलिंग के ठेकेदार भी कार्रवाई की जद में आएंगे। जिसने भी सरकारी धन का गबन किया है, उसकी संपत्ति कुर्क की जाएगी।

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत गिरोह के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व ठेकेदारों कानून का डंडा चलाने निर्देश दिया है, जबकि पुलिस ने इसमें धारा तरमीम कर दिया है, जिसमें दोष सिद्ध आरोपियों को आजीवन करावास की सजा होनी है।

जिला प्रशासन ने घोटोलेबाजों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिला प्रशासन आरोपितों की संपत्ति का ब्योरा जुटा रहा है ताकि गबन किए गए धन को इनकी संपत्ति को जब्त कर वसूला जा सके। वहीं प्रशासन घोटाले में शामिल अन्य के बारे में भी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जिससे सभी पर गैंगस्टर की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है।

जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में धान खरीद में घोटाले के मामले में अमित कुमार चौधरी व भुगतान अधिकारी उमानंद उपाध्याय पर सदर थाने में व चार क्रय केंद्र प्रभारियों पर बांसी, खेसरहा व त्रिलोकपुर थाने में केस दर्ज है।

धान खरीद के मामले में जांच हुई तो 16.55 करोड़ रुपये का गबन पकड़ा गया है, जिसमें प्रशासन की सख्ती से करीब 12 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। इस गबन के केस में बांसी कोतवाली की पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच कर न्यायायल भेजा, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

त्रिलोकपुर थाने में विभाग के संबंधित अधिकारी की ओर से सिद्धार्थ सिंह क्रय केंद्र प्रभारी पीसीएफ केंद्र सिसवा के खिलाफ त्रिलोकपुर थाना में आवश्यक वस्तु अधिनियम, सरकारी धन के गबन का केस दर्ज किया था। इसी प्रकार विभाग की ओर से पंकज यादव पीसीएफ केंद्र लमुईताल खेसरहा में केस दर्ज करवाया गया था। एक पर 58 लाख और एक पर 62 लाख रुपये गबन का केस दर्ज हुआ था।

बांरी में दर्ज हुए मुकदमें में दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित था। त्रिलोकपुर और खेसरहा पुलिस अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी करने में विफल नजर आ रही है। जबकि, एक ही दिन दोनों मामलों में 10 अगस्त को केस दर्ज हुए थे। इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर ईनाम भी घोषित नहीं है।

**दोष सिद्ध होने पर घोटालेबाजों को होगी आजीवन करावास की सजा**

**धान खरीद में गबन : जांच की आंच से दूर है परिवहन ठेकेदार**



08 सितंबर को प्रकाशित खबर।

धान खरीद घोटाले की जांच चल रही है। इसमें शामिल लोगों की संपत्ति कुर्क करने का नोटिस दिया गया है। इसमें गैंगस्टर की कार्रवाई की जा रही है। अब पूरे गिरोह में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**- डॉ. राजा गणपति आर,** जिलाधिकारी

# एंबुलेंस में दरिंदगी : आज बयान दर्ज कराने लखनऊ जाएगी पीड़िता

## 29 अगस्त को एंबुलेंस में महिला के साथ दरिंदगी का मामला

सिद्धार्थनगर। 29 अगस्त को गंभीर रूप से बीमार पति को एंबुलेंस से घर लेकर आ रही महिला के साथ हुई दरिंदगी के मामले में अब बयान हो रहा है। लखनऊ की गाजीपुर पुलिस ने पीड़िता को बयान देने के लिए लखनऊ बुलाया है। इससे पीड़िता को जल्द ही न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

29 अगस्त को लखनऊ से घर आ रही महिला के साथ एंबुलेंस में दरिंदगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि मुख्य आरोपी चालक ने कोर्ट में समर्पण कर दिया है। इस मामले में पांच दिन पहले गाजीपुर पुलिस स्थानीय पुलिस के साथ पीड़िता के घर पहुंची और बयान लिया। उसके बाद पीड़िता ने अपने पति के श्राद्ध की रस्म पूरी की। अब वह अपने पति के साथ अमानवीय व्यवहार करने एवं दरिंदगी करने के मामले में न्याय की लड़ाई लड़ना चाहती है।

पीड़िता के भाई ने बताया कि एंबुलेंस में हुई हैवानियत की घटना में वह चश्मदीद गवाह है। पुलिस ने रविवार को फोन किया था, लेकिन उनकी बहन की तबीयत खराब थी। उन्होंने बुधवार को लखनऊ जाने की योजना बनाई है। संवाद

# रुपये का लालच व बीमारी ठीक कराने के बहाने धर्म परिवर्तन

## पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही धार्मिक पुस्तक बरामद की

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** रुपये और बीमारी ठीक कराने की लालच देकर प्रार्थना सभा के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराने वाले दो लोगों को मोहाना पुलिस ने मंगलवार को दबोच लिया। इनके कब्जे से धार्मिक ग्रंथ भी बरामद किया है।

पुलिस का दावा है कि यह एक गैंग है, जो जगह-जगह प्रार्थना सभा लगाकर धर्म परिवर्तन कराने का कार्य करता है। पूछताछ के बाद दोनों कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है। साथ ही काम करने वाले अन्य लोगों के बारे में जानकारी ली जा रही है।

सीओ सदर अरुण कांत सिंह ने बताया कि क्षेत्र के धर्म परिवर्तन कराने की शिकायत आ रही थी। प्रार्थना सभा लगाकर बीमारी ठीक कराने और रुपये की लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के पननी गांव में कुछ लोगों द्वारा धार्मिक सभा आयोजित कर ईसाई धर्म में शामिल होने तथा उससे संबंधित प्रार्थना करने से तमाम असाध्य रोगों एवं कष्टों के निवारण के दावा संबंधित शिकायत मिली।

सूचना पर दबिश देने के बाद चन्द्रभान निवासी पननी थाना मोहाना, फूलसिंह उर्फ पास्टर निवासी जोगियाबारी थाना फरेन्दा जिला महाराजगंज के खिलाफ विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। थाने पर लाकर पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-18-09-2024

# अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करें थाना प्रभारी : एसपी

**अपराध गोष्ठी से पूर्व सैनिक सम्मेलन का हुआ आयोजन**

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी किया गया। अपराध गोष्ठी से पूर्व सैनिक सम्मेलन कर जनपद के सभी थानों व शाखाओं से आये पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गई व उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात अपराध गोष्ठी के दौरान एसपी द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई, कानून व्यवस्था के दृष्टिगत छोटी सी छोटी घटनाओं पर गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए।

लुटेरे व पेशेवर अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी सतत निगरानी व सत्यापन करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। 06 माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं व प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध कराने, महिला संबंधित अपराधों में गम्भीरता से कार्रवाई करते हुए अपहृता की सकुशल बरामदगी, गैंगस्टर अधिनियम एवं गुंडा अधिनियम की कार्रवाई तथा टॉप-10 अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, गंभीर अपराधों में त्वरित विवेचनात्मक कार्यवाही एवं प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों की शीघ्र सजा कराने, लंबे समय से थाने में दाखिल अभियोगों से संबंधित लावारिस एवं जब्त वाहनों का विधिक निस्तारण सुनिश्चित कराने,आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा संख्या में सीसीटीवी कैमरों को अधिष्ठापित कराने आदि के संबंध में कड़े निर्देश दिए गए। यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु हिदायत दिया गया। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल केशव नाथ, क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह व समस्त थाना प्रभारी सहित शाखा/कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों व अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों को संबोधित करते एसपी

# 190 दिव्यांगों को मिला उपकरण

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिले की प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विजयलक्ष्मी गौतम ने जूनियर हाई स्कूल में मंगलवार को दिव्यांगों को उपकरण वितिरत किया। आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक अंकुर राज तिवारी के साथ साथ भाजपा के जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, डीएम महेन्द्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का चौमुखी विकास हो रहा है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल कार्यशैली से प्रदेश सुशासन एवं विकास के पथ पर निरन्तर अग्रसर है। इस अवसर पर 190 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, हैण्ड प्रोपेल्ड ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, स्मार्ट कैन, मोबाईल, हेलमेट आदि उपकरणों का वितरण किया गया।



दिव्यांगों को ट्राईसाकिल का वितरण करतीं प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, विधायक अंकुर राज तिवारी, डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता।

# पिटाई से घायल महिला को थाने पहुंचाने पर मनबढ़ों का हमला, चार घायल

**धनघटा** धनघटा थाना क्षेत्र के डुहिया कला गांव निवासी एक दलित महिला को सोमवार की रात करीब 10 बजे कुछ मनबढ़ों द्वारा मारने-पीटने की घटना के बाद घायल महिला को थाने तक पहुंचा कर तहरीर दिला देने से आक्रोशित होकर मनबढ़ हमलावरों ने चार द[illegible]तों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को लेकर घायल की तहरीर पर पुलिस ने तीन [illegible]मलावरों के विरूद्ध मारपीट और एससी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी घायलों को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के डुहिया कला गांव निवासी दलित सतीश कुमार पुत्र शम्भूनाथ ने बताया कि सोमवार की रात करीब 10 बजे गांव निवासी सुभावती देवी पत्नी हरिचरण और दिनेश राजभर पुत्र मुन्नीलाल से विवाद हुआ था जिसको लेकर दिनेश राजभर व उनके परिवार के लोगों ने मिलकर उक्त सुभावती देवी को मारपीट कर घायल कर दिया था। घटना के बाद 112 नम्बर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी और घटना की जानकारी करने के बाद सभी को थाने बुलाई थी। पुलिस के बुलावे पर घायल सुभावती देवी और उनके परिवार को साथ लेकर वह थाने गया था जहां प्रार्थनापत्र देकर वापस घर जा रहा था। रास्ते में उक्त विपक्षी दिनेश राजभर पुत्र मुन्नीलाल, रामकरन राजभर पुत्र दिनेश राजभर तथा फूला देवी पत्नी दिनेश राजभर गोलबन्द होकर लाठी-डंडा लेकर सभी को भद्दी-भद्दी गालियां और जान से मार देने की धमकी देते हुए मारने-पीटने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर दिनेश राजभर, रामकरन राजभर और फूला देवी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 117 (2), 351 (3), 352 तथा एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# भूमि विवाद में गर्भवती महिला की पिटाई, चार नामजद

**धनघटा** । धनघटा थाना क्षेत्र के हरिवंशपुर गांव में पुरानी रंजिश में जबरिया खेत जोत लेने का विरोध करने पर कुछ मनबढ़ों द्वारा एक गर्भवती महिला को मारपीट कर घायल कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में घायल महिला की तहरीर पर मंगलवार को पुलिस ने चार हमलावरों के विरूद्ध मारपीट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को पुलिस अभिरक्षा में सरकारी अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में थाना क्षेत्र के हरिवंशपुर गांव निवासी सोमारी देवी पत्नी विजय निषाद ने बताया कि गांव निवासी अमरनाथ पुत्र बंशीलाल यादव बेहद मनबढ़, दबंग और सरकस किस्म के व्यक्ति हैं। पुरानी रंजिश को लेकर बीते 12 सितम्बर की सुबह उक्त अमरनाथ यादव उसका खेत जबरिया जोत लिए। खेत जोतने का जब उसने विरोध किया तो अमरनाथ व रामभेज पुत्रगण बंशीधर यादव, विकास पुत्र सुबाष तथा सुबाष पुत्र बंशीलाल उसे भद्दी-भद्दी गालियां और जान माल की धमकी देने लगे। गाली और धमकी देने का विरोध करने के बाद उक्त चारो लोग मिलकर उसे पटक-पटक कर लात-घूसा से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। वह तीन माह की गर्भवती है। चोट लग जाने के कारण घटना के बाद से उसके पेट में असह्य दर्द हो रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त हमलावर अमरनाथ,रामभेज, विकास और सुबाष के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने एमवी एक्ट में 29 वाहनों का किया चालान

संतकबीरनगर। जिले में चलाए जा रहे जांच अभियान के तहत मंगलवार को सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 29 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 30,000 रुपये शमन शुल्क की वसूली की। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# युवती ने कुआनो में लगाई छलांग, ग्रामीणों ने बचाया

## महुली की घटना

**धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद।** धनघटा थाना क्षेत्र के कुआनो नदी के मूड़ाडीहा पुल से महुली थाना क्षेत्र के महुली निवासी एक युवती ने मंगलवार को अज्ञात कारणों से छलांग लगा दी। मौजूद लोगों ने उसे किसी तरह से नदी में से बचा लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को हैंसर अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया।

महुली थाना क्षेत्र के महुली खास निवासी लाली (18) पुत्री श्री राम मंगलवार को लगभग 11 बजे कुआनो नदी के मूड़ाडीहा पुल पर पहुंची। काफी देर तक वह पुल पर टहलती रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक पुल पर चढ़कर उसने कुआनो नदी में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोगों ने नदी में कूद कर किसी तरह से उसकी जान बचा ली। घटना की सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर अवस्था में उसे हैंसर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उपचार तो शुरू किया लेकिन डॉक्टरों ने बताया कि वह पहले से कोई जहरीला पदार्थ खाई है। उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि गंभीर अवस्था में युवती को जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

### जिले में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती, कल कारखानों और दुकानों में किया गया हवन- पूजन

# विश्वकर्मा भगवान की हुई पूजा-अर्चना

**आस्था**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिले में देवताओं के शिल्पी विश्वकर्मा भगवान की पूजा धूमधाम से मनाई गई। सरकारी से लेकर निजी प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की पूजा हुई। गांव से लेकर शहर तक लोग अपने आराध्य को अपने अपने तरीके स्तुति की। दुकानों में भी पूजन-अर्चन हुआ। वाहनों मालिकों ने वाहनों की पूजा के साथ जयंती मनाई। तकनीकी काम करने वाली दुकानों पर भी पूजन-अर्चन हुआ। कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान ब्रह्मा की सातवीं संतान के रूप में भगवान विश्वकर्मा का कन्या संक्रांति के दिन अवतरण हुआ था। भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं के महलों, हथियारों और सिंहासनों का निर्माण किया था। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को वास्तुकार कहा जाता है। हर साल भगवान विश्वकर्मा पूजा का पर्व बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस खास अवसर पर लोग अपने वाहन, मशीन और औजार आदि की उपासना करते हैं।

मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करने से जातक को कार्य क्षेत्र में आ रही बाधा से मुक्ति मिलती है और रोजगार में अपार सफलता प्राप्त होती है। मंगलवार को सुबह से ही निर्माण कार्य से जुड़े प्रतिष्ठान, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग और सिंचाई विभाग में श्रद्धा के साथ देव शिल्पी की स्तुति की गई।

**विद्युत उपकेन्द्र में कर्मचारियों ने की पूजा अर्चना :** जिले में मंगलवार को विश्वकर्मा पूजा की धूम रही। हर जगह भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चन की गई। शहर के हाईडिल कालोनी स्थित 33/11 केवी पावर हाउस पर अवर अभियंता अमित सिंह ने पूजा-अर्चना की। सिंचाई विभाग के कारखाना, पीडब्ल्यूडी रेलवे स्टेशन व अन्य जगहों पर आचार्यों के द्वारा विधि-विधान से पूजन कराया गया। पूजन के बाद प्रसाद का वितरण किया।

शहर के मेहदावल बाईपास पर स्थानीय लोगों के सहयोग से वैदिक रीति से विधिवत भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया। सरैया बाईपास पर चंदन विश्वकर्मा ने अपने आटो पार्ट्स की दुकान पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। इस दौरान उन्होंने सारे काम काज बंद रखे। बताया कि अगले दिन सर्विस सेंटर को शुरू किया जाएगा। घरों का निर्माण करने वाले राजगीरों ने भी अपने-अपने घरों में अपने उपकरणों की पूजा की।

**नगर पंचायत कार्यालय पर मनाई विश्वकर्मा जयंती :** मगहर। सृष्टि के निर्माता ब्रह्मा जी के पुत्र भगवान विश्वकर्मा की जयंती आस्था और श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर नगर पंचायत कार्यालय सहित अन्य प्रतिष्ठानों पर विश्वकर्मा भगवान के चित्र को रख कर विधि विधान से वैदिक मंत्रों के साथ पूजा पाठ किया गया। इस मौके पर विश्वकर्मा डीजल सर्विस सेंटर पर भंडारे का आयोजन किया गया।

विश्वकर्मा पूजा के मौके पर नगर पंचायत कार्यालय पर पम्पों, वाहनों और औजारों आदि की पूजा की गई। इसके अलावा कस्बे के काजीपुर चौराहे पर विश्वकर्मा डीजल सर्विस पर भी धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा मनाई गई। इस दौरान सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ। शाम को भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर सजंय दुबे, अवधेश सिंह, कृष्ण चंद्र सैनी, अतुल श्रीवास्तव, अमीरुद्दीन कादरी, रामूयादव, राम जतन पासवान, विशाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में विश्वकर्मा जयंती पर पूजन-अर्चन करते एसपी सत्यजीत गुप्ता।

## पुलिस लाइंस और पीडब्ल्यूडी कार्यालय में हुई पूजा

जनपद की पुलिस लाइंस और पीडब्लूडी कार्यालय में मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। पुलिस लाइन में एसपी सत्यजीत गुप्ता ने विधि विधान से देवताओं के शिल्पी विश्वकर्मा जी का पूजन अर्चन किया। पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराया। इसी तरह पीडब्लूडी कार्यालय में भी विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। बाद में लोगों में मिष्ठान का वितरण किया गया। इस दौरान एक्सईएन राकेश कुमार पांडेय, एई विमल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# सरगना समेत चार पर हुई कार्रवाई

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को लुटेरा गैंग के सरगना समेत चार लोगों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि सिद्धार्थनगर के उस्का बाजार थाना क्षेत्र के मथुरा नगर परती बाजार निवासी कृष्ण मोहन गैंग लीडर है। जिसका एक संगठित गिरोह है।

इस गैंग में अजीत वर्मा निवासी उस्का राजा थाना उस्का बाजार सिद्धार्थनगर, मुन्ना चौहान और विजय चौहान निवासी बेलसड़ थाना बृजमनगंज जिला महराजगंज सक्रिय सदस्य है। यह गैंग आर्थिक, भौतिक लाभ के लिए लूट जैसी घटना को अंजाम देता है। इनके डर, भय से जनता गवाही अथवा पुलिस को सूचना नहीं देती है। इस गैंग ने कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम दिया था।

# 19 आरोपियों पर मारपीट तोड़फोड़ व लूट का अभियोग

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं एसीजेएम संजय राज पांडेय की कोर्ट ने 19 आरोपियों के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड व लूट का अभियोग पंजीकृत करने का आदेश दिया। कोर्ट ने यह आदेश कुच्ची देवी द्वारा कोर्ट में दिए गए आवेदन की सुनवाई के पश्चात दिया। वादिनी का आरोप है कि इस घटना में पांच लोग घायल हुए हैं।

वादिनी के अधिवक्ता सिद्धार्थ पांडेय ने बताया कि प्रकरण जिले के मेंहदावल थाना क्षेत्र के मोहल्ला बीमापार सीयर का है। प्रकरण में कुच्ची देवी पत्नी हरिवंश ने कोर्ट में आवेदन दिया था। उनका आरोप है कि उनके मोहल्ले के लक्ष्मन पुत्र सम्मन व उनके परिवार वाले साल भर से जमीनी विवाद को लेकर लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। 3 जुलाई 2024 को लक्ष्मन रात में गाली देते हुए वादिनी के टिन शेड पर पेशाब कर दिया। 4 जुलाई को लक्ष्मन, बलदेव, गिरधारी, सुरेन्द्र, राकेश, शिव कुमार, झीनक, ऊषा, किस्मती, कमली, लाली, सुधा, संतरा, रमावती, फूलमत्ती, सेमराजी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। वादिनी के देवर राम अचल, देवरानी आरती, दिलीप ने कहा कि लूट लो, घर गिरा दो। वादिनी के घर में घुसकर मारपीट रहे थे। पुत्री बचाने आई तो लाली व गिरधारी ने मारा, उसका मुंह फट गया। बहू को लक्ष्मन व ऊषा ने मारा। उसका सिर फट गया। घर गिरा दिया और शौचालय तोड़ दिया। बेटी के विवाह के लिए

# लोहरैया चौराहे से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने मंगलवार को दुष्कर्म मामले के आरोपी को लोहरैया चौराहे से गिरफ्तार किया। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी युवक बहला फुसला कर युवती को भगा ले गया था। पीड़ित मां ने 30 अगस्त 2024 को आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता के बयान के आधार पर और साक्ष्य संकलन के उपरांत दर्ज मुकदमें में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई। सूचना के आधार पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी युवक को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

# महिला के संत पर लगाए आरोपों से चर्चा

**फॉलोअप**

- संत कर रहे दावा, महिला के आधार कार्ड में पति का नाम कुछ और है अंकित
- आधार कार्ड में अंकित नाम यदि आरोपित संत का है तो मठ से छिपाई बात

मगहर, हिन्दुस्तान संवाद। संतकबीर की निर्वाण स्थली मगहर इन दिनों एक महिला के जरिए एक संत को पति बताने को लेकर चर्चा में है। मठ के संतों की मानें तो महिला के पास मिले कागजात पर गौर करें तो उसका आरोप पूरी तरह बेबुनियाद और आधारहीन है। इसमें साजिश की बू आ रही है। वैसे प्रकरण की जांच होने पर हकीकत खुद ब खुद सामने आ जाएगी।

कबीर चौरा मठ मगहर के संत डॉक्टर हरिशरण शास्त्री ने बताया कि जिस आरोपित संत पर 15 वर्ष पूर्व शादी करने का महिला ने आरोप लगाया है, उस दौरान संत की उम्र किशोरवस्था में थी। आरोपित संत बारह वर्ष पूर्व मठ पर आए थे। इससे यह जाहिर होता है कि वह पहले से ही शादी शुदा थे और यह बात मठ से छुपाई गई है। इसके अलावा महिला के आधार कार्ड पर पति का नाम कुछ और लिखा है। यदि आधार कार्ड पर लिखा पति का जो नाम है, वही आरोपित संत है, तो वह नाम छुपा कर यहां रह रहे थे। ऐसी दशा में महिला का आरोप सही साबित होगा। महिला की माने तो 15 वर्ष पूर्व शादी करने के बाद उसे अपने आधार कार्ड पर पति का नाम बदलवाने का समय ही नहीं मिला।

संत डॉक्टर अरविन्द दास शास्त्री ने बताया कि जब यहां कोई कार्यक्रम होता है तो बाहर से आए हुए साधु, संतों को परिचय पत्र जारी होता है। जिससे उसकी पहचान हो सके। आरोप लगाने उक्त महिला के पास जो आईकार्ड मिला है, वह 2019 का है और उस पर न तो किसी मठ की मोहर है और न किसी जिम्मेदार का हस्ताक्षर ही है। उन्होंने कहा कि लोग बता रहे कि महिला ट्रेन से कटने जा रही थी, यह बात किसी मठ के संत को पता ही नहीं था तो दूसरे को कैसे पता चल गया। इन समस्त तथ्यों की यदि गहनता से जांच की जाए तो सच्चाई खुद सामने आ जाएगी। वहीं आरोपित संत की मानें तो उक्त महिला का आरोप निराधार है।

मामले के तार पिछले वर्ष नवबंर में उनके साथ हुई मारपीट घटना से जुड़े होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। जिसमें मुकदमा भी दर्ज हुआ था। मुकदमे में सुलह करने के लिए दवाब व साजिश रची जा रही है। जिसमें महिला को मोहरा बनाया जा रहा है। जांच में सच्चाई सामने आ जाएगी।

मेंहदावल क्षेत्र के हरदीहट्टा मोहल्ले का मामला, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# ईद मिलादुन्नवी पर आपत्तिजनक बैनर लगाने वाले तीन पर केस

**कार्रवाई**

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। मेंहदावल कस्बे के एक मोहल्ले में ईद मिलादुन्नवी (बारावफात) त्योहार पर आपत्तिजनक बैनर लगाने का मामला का प्रकाश में आया है। मामले की जानकारी होते ही पुलिस सक्रिय हुई। तीन आरोपितों को चिन्हित करते हुए गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया। सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।



मेंहदावल पुलिस की गिरफ्त में आए ईद मिलादुन्नवी पर देश विरोधी बैनर लगाने के आरोपित।

कस्बे के हरदीहट्टा मोहल्ले में बीते सोमवार को बारावफात त्योहार के दिन एक बैनर लगाया गया था। आरोप है कि बैनर में भारत के खिलाफ भड़काऊ बयान देने वाले दो पाकिस्तानी नागरिकों के फोटो पोस्टर में लगे हुए थे। पोस्टर को मोहल्ले के रहने वाले कुछ युवाओं ने देखा तो वह भड़क गए। कहा कि भड़काऊ बैनर से धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। नाराजगी जताते हुए इसकी जानकारी पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को दी।

जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके की जांच किया तो मामला सही पाया गया। मामले में उपनिरीक्षक अनिल पांडेय की तहरीर पर मेंहदावल पुलिस ने समीर पुत्र आलम मुस्तफा, अमजद पुत्र अब्दुल रहमान कादरी, आलम पुत्र आलमगीर निवासीगण मोहल्ला हरदीहट्टा, मेंहदावल के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, देश विरोधी कार्य करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सभी आरोपितों को गिरफ्तार का न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। घटना को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने काफी नाराजगी जताई थी।

> मामले की जानकारी होते ही तत्काल पुलिस सक्रिय हुई। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा स्वत: मुकदमा दर्ज कराया। सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस प्रकार का कार्य व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
>
> **हरिनारायण दीक्षित,** प्रभारी निरीक्षक

# कैबिनेट मंत्री पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

## 21 अप्रैल को मोहम्मदपुर कठार में निजी कार्यक्रम में हुआ था विवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। खलीलाबाद पुलिस ने मत्स्य मंत्री डॉक्टर संजय निषाद पर हुए हमले के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 21 अप्रैल को मगहर क्षेत्र के मोहम्मदपुर कठार गांव में निजी कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री के साथ हुई घटना के बाद पुलिस ने पीएसओ की तहरीर पर केस दर्ज किया था।

कैबिनेट मंत्री के पीएसओ विनोद कुमार यादव ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया था कि 21/22 अप्रैल की रात को एक शादी समारोह में शिरकत के दौरान जानलेवा हमला करने के संबंध में सूचना दी थी। जिसके आधार पर केस पंजीकृत किया गया था।

**डॉक्टर संजय निषाद की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया था केस**

पुलिस ने उक्त प्रकरण से आरोपी सुभाष यादव पुत्र रामकेवल यादव, गजेन्द्र यादव पुत्र रामानन्द यादव, सुरेन्द्र यादव पुत्र स्व. लालमन यादव, दुर्ग विजय यादव पुत्र जगदीश यादव निवासीगण मोहम्मदपुर कठार को 22 अप्रैल को और राधेश्याम यादव पुत्र रामनयन निवासी मोहम्मदपुर कठार को 25 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

इसी मामले में फरार आरोपी जयप्रकाश यादव उर्फ कवि निवासी मोहम्मदपुर कठार को मंगलवार को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय में पेश जेल भेज दिया।

# चोर व चोरी का मोबाइल खरीदने वाला गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने सोमवार की रात राज ग्लोबल स्कूल के मोड़ के पास से एक शातिर चोर और चोरी की मोबाइल खरीदने वाले दुकानदार को गिरफ्तार किया। पुलिस पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी की दो बाइकें, दो मोबाइल और 350 रुपये बरामद किया। पुलिस को यह सफलता सर्विलांस टीम की मदद से मिली।

एसएसआई राजेश दूबे ने बताया कि सूचना के आधार पर एसआई कौशल किशोर पांडेय, हेड कांस्टेबल राजकुमार पटेल, कांस्टेबल रंजन राजभर, धर्मेन्द्र यादव, लालचंद प्रसाद के साथ राज ग्लोबल स्कूल के मोड़ से सोमवार की रात करीब 11 बजे एक शातिर चोर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान आबिद अली निवासी परदेसवा, लालचंद मौर्या उर्फ राजीव नंदन मौर्या निवासी मड़या अचकपुरवा कोतवाली खलीलाबाद के रूप में हुई। पुलिस ने चोरी की एक बाइक और दो मोबाइल मौके से बरामद किया। जबकि पकड़े गए चोर आबिद अली की निशानदेही पर झाड़ी में छुपाई गई चोरी की एक और बाइक बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए चोर आबिद अली ने बताया कि स्टेशनपुरवा से एक व्यक्ति के घर में चार्जर में लगी मोबाइल को ग्रिल के रास्ते हाथ डाल कर निकाल लिया था। जिस बाइक को पकड़ा गया, उसे खलीलाबाद से चुराया था। बाइक महुली क्षेत्र के नाथनगर के रहने वाले अच्छेलाल पुत्र रामनिवास की निकली।

# मंत्री पर हमला करने वाला आरोपी किया गया गिरफ्तार

- मंत्री के पीएसओ ने सात नामजद समेत अज्ञात पर दर्ज कराया था केस
- अब तक पुलिस कुल छह नामजद आरोपियों को भेज चुकी है जेल

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर संजय निषाद पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने मंगलवार को बंगला ताल के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके पूर्व पुलिस पांच आरोपियों को जेल भेज चुकी है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर कठार गांव निवासी हरिराम निषाद की बेटी की 21 अप्रैल 2024 को शादी थी। वहां देर रात मंत्री डॉक्टर संजय निषाद अपने कुछ समर्थकों के साथ पहुंच गए। उसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने मगहर से हरपुर-बुदहट जाने वाले मार्ग के जनपद की सीमा में निर्माण कार्य न होने का मुद्दा उठा दिया। ग्रामीणों ने इसके लिए मंत्री के बेटे पूर्व सांसद प्रवीण निषाद पर टिप्पणी कर दी। उसी बात को लेकर कहासुनी हुई और बाद में मंत्री के समर्थक और ग्रामीण भिड़ गए थे। मारपीट की घटना में मंत्री घायल हो गए थे। मंत्री के पीएसओ विनोद कुमार यादव ने मोहम्मदपुर कठार निवासी राधेश्याम, जयप्रकाश, दुर्विजय, पीएसी के सिपाही अभिषेक यादव, सुरेंद्र यादव, गजेंद्र यादव, सुभाष यादव और कुछ अज्ञात पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नामजद आरोपी दुर्विजय, सुभाष, गजेंद्र और सुरेंद्र को 22 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि आरोपी राधेश्याम यादव को 25 अप्रैल 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि मंत्री पर हुए हमले के मामले में सूचना के आधार पर मंगलवार को बंगला ताल के पास से आरोपी जयप्रकाश यादव उर्फ कवि निवासी मोहम्मदपुर कठार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# देश विरोधी बैनर लगाने में तीन आरोपित गिरफ्तार

- इस बैनर को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं व लोगों में था आक्रोश
- उप निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

जासं, मेंहदावल: मेंहदावल थाना के एक मोहल्ले में बारावफात के दिन देश विरोधी भड़काऊ बैनर लगाने के मामले में मुकामी पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ करने के बाद इन्हें जेल भेज दिया। इस बैनर को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी थी।

मेंहदावल थाना के हरदीहट्टा मोहल्ले में, गत सोमवार को बारावफात के दिन एक बैनर लगाया गया था। उसमें देश विरोधी भड़काऊ बयान करने वाले दो पाकिस्तानी नागरिकों के पोस्टर लगाने के आरोप है। इसको लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई थी।

इसकी जानकारी पुलिस के उच्चाधिकारियों को दी गई। इस मामले में उप निरीक्षक अनिल पांडेय की तहरीर पर मेंहदावल पुलिस ने इसी मोहल्ले के समीर, अमजद व आलम के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, देश विरोधी कार्य करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद इन्हें जेल भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष हरि नारायण दीक्षित ने कहा कि मामला संज्ञान में आते ही तुरंत पहल की गयी। पुलिस ने स्वयं आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



गिरफ्तार किए गए आरोपितों के साथ मेंहदावल थाने के पुलिस कर्मी • जागरण

# चोरी की बाइक, मोबाइल व नकदी के साथ दो चोर गिरफ्तार

जासं, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिल, एक मोबाइल व नकदी के साथ दो चोरों को मंगलवार को खलीलाबाद शहर के एक विद्यालय के मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद इन्हें जेल भेज दिया।

कोतवाली खलीलाबाद थाने में एक व्यक्ति ने गत छह सितंबर को प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें उन्होंने उल्लेख किया था कि इस थाने में खड़ी उनकी बाइक को गत तीन-चार सितंबर की रात में अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच में जुट गयी।

सूचना मिलने पर उप निरीक्षक कौशल किशोर पाण्डेय, मुख्य आरक्षी राजकुमार पटेल, आरक्षी रंजन राजभर, धर्मेंद्र यादव व लालचंद्र प्रसाद की टीम मंगलवार को खलीलाबाद शहर के राज ग्लोबल विद्यालय मोड़ के पास दबिश दी।

# लूट के मामले में गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने लूट के आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान जानकारी मिली कि आरोपी कृष्णमोहन पुत्र श्रीराम साहनी निवासी मथुरा नगर परती बाजार थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर का एक संगठित गिरोह है। इसके सदस्य अजीत वर्मा पुत्र बाले वर्मा निवासी उसका राजा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर, मुन्ना चौहान पुत्र आद्या एवं विजय चौहान पुत्र विरेंद्र चौहान निवासीभण बेलसड़ थाना बृजमनगंज जनपद महराज़गंज सक्रिय सदस्य हैं। ये लोग लाभ के लिए लूट की घटना को अंजाम देते हैं।

## सिद्धार्थनगर और महराजगंज के रहने वाले हैं आरोपी

जिसके वजह से कोई भी व्यक्ति इनके खिलाफ तहरीर व गवाही देने से डरता है। आरोपियों पर कोतवाली खलीलाबाद थाना पर भी लूट का केस दर्ज पाया गया। इस गैंग का समाज में स्वतंत्र रहना जनहित में नहीं है। जिसके वजह से 25 जुलाई को नियमानुसार गैंग चार्ट तैयार करके डीएम को अनुमोदन के लिए भेजा गया था।

जिला मजिस्ट्रेट से 13 सितंबर को अनुमोदन प्राप्त हो गया। जिसके बाद उक्त आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद व समाज विरोधी क्रिया-कलाप निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। संवाद

# बैनर पर लगाए पाकिस्तानी मौलाना के फोटो, तीन गिरफ्तार

## मेंहदावल कस्बे में ईद-मिलादुन्नबी पर लगाया गया था बैनर, भाजपा और हिंदू संगठनों की शिकायत पर कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल (संतकबीरनगर)। कस्बे के एक मोहल्ले में बारावफात के दिन बैनर पर दो पाकिस्तानी मौलाना की तस्वीर लगाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें एक आरोपी नाबालिग है। पुलिस ने नाबालिग आरोपी को बाल सुधार गृह और दो अन्य आरोपियों को जेल भेज दिया है।

मेंहदावल के हरदीहट्टा मोहल्ले में सोमवार को ईद-मिलादुन्नबी पर बैनर लगाया गया था। आरोप है कि बैनर पर दो पाकिस्तानी मौलाना के फोटो भी लगाए गए थे। इस मामले में भाजपा के जिला मंत्री अरुण सिंह और हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने एसओ और एसपी से शिकायत की। इसके बाद एसपी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया।

मेंहदावल थाने के एसआई अनिल प्रकाश पांडेय ने तहरीर में कहा है कि 16 सितंबर को वह मेंहदावल में ड्यूटी पर थे। ठठराही मोहल्ले में पहुंचे तो देखा कि सड़क के किनारे बैनर लगा है जिस पर असदुद्दीन ओवैसी, मुफ्ती सलमान अजहरी और



मेंहदावल के हरदी हट्टा मोहल्ले में लगा पोस्टर । स्रोत- वार्डवासी

पाकिस्तान के मौलाना कादिम हुसैन रिजवी पाकिस्तानी मौलवी, पाकिस्तान के ही मौलाना पीर अजमल कादरी का फोटो लगा हुआ है। तहरीर में कहा है कि दोनों पाकिस्तानी मौलवी भारत की संप्रभुता, एकता एवं अखंडता को खतरे में डालने वाले वक्तव्य देते रहे हैं। उनके शब्दों से माहौल बिगड़ने का अंदेशा रहता है।

अनिल ने तहरीर में बताया है कि जांच की गई तो पता चला कि एक बाल अपाचारी, अमजद पुत्र अब्दुल रहमान कादरी और आलम उर्फ पुतुल पुत्र आलमगीर उर्फ गब्बू निवासी हरदी हट्टा मेंहदावल ने मिल कर जान-बूझकर बैनर लगाया था। आरोप है कि यह बैनर सौहार्द बिगाड़ने और राष्ट्रीय संप्रभुता को खतरे में डालने के उद्देश्य से लगाया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, देश विरोधी कार्य करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। गिरफ्तार दो आरोपियों को जेल और एक बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

### पुलिस ने गूगल पर सर्च कर ली जानकारी

मेंहदावल में बैनर पर पाकिस्तानी मौलाना का फोटो लगाने के मामले में पुलिस ने गूगल पर सर्च कर मौलाना के बारे में जानकारी ली। एसपी ने बताया कि आईटी टीम ने गूगल के जरिये सर्च किया तो पता चला कि बैनर पर लगे दो फोटो पाकिस्तान के रहने वाले मौलाना के हैं। सीओ मेंहदावल केशवनाथ ने बताया कि तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है। विवेचना में जो तथ्य निकलकर आएंगे, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बैनर लगाने के आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल, सुधार गृह भेजा

मेंहदावल में एक बैनर लगाया गया था, जिसमें दो पाकिस्तानी मौलाना के भी फोटो लगाए गए थे। यह धार्मिक भावनाओं को भड़काने की कोशिश थी। पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और एसआई की तहरीर पर बैनर लगाने वाले तीन लोगों पर केस दर्ज किया गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

– सत्यजीत गुप्त, एसपी



पकड़े गए दो आरोपी । स्रोत- पुलिस

# भेड़िए जैसे जानवर ने किशोरी को किया घायल, हडकंप

## बालूशासन गांव के बरगदवा बाग का मामला, वन विभाग ने पागल कुत्ते के हमले की जताई आशंका

संवाद न्यूज एजेंसी

बघौली। क्षेत्र के बालूशासन गांव स्थित बरगदवा बाग में मंगलवार की सुबह एक किशोरी को भेड़िए जैसा दिखने वाले जानवर ने हमला कर घायल कर दिया।

किशोरी की पीठ और जांघ में काट लिया, जब वह चिल्लाई तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और वह भाग गया। किशोरी बुरी तरह से घायल हो गई। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल आए। जहां इलाज के बाद शाम को उसे घर भेज दिया।

बालूशासन गांव निवासी उमा



बालूशासन गांव में जानवर के हमले से घायल हुई उमा। संवाद

निषाद (17) पुत्री सागर ने बताया कि वह सुबह के समय बाग की तरफ गई थी। उसी दौरान एक जानवर आया और उस पर हमला कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर गई। इस दौरान उसने जांघ में काट लिया और पीठ पर काट लिया, जिससे खून निकलने लगा। जब वह चिल्लाई तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और वह भाग गया। वह देखने में भेड़िए जैसा दिख रहा था। उसके दांत बड़े-बड़े थे।

किशोरी को काटने वाले जानवर के दांत और पंजे काफी नुकिले थे, जिसकी वजह से किशोरी घायल हुई है। फिलहाल किशोरी का इलाज कर घर भेज दिया गया है।

– डॉ. भवनाथ पांडेय, सीएमएस, जिला अस्पताल

किशोरी की मां मुराती देवी ने बताया कि इससे पहले भेड़िए जैसे दिखने वाले जानवर ने एक बकरी को खींचने की कोशिश की थी, लेकिन सफल नहीं हुआ। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंच गई और मौके की जांच की।

वन दरोगा शशि भूषण के अनुसार मौके की जांच की गई तो पंजे का निशान था। वह पूरी तरह से किसी कुत्ते जैसा दिख रहा था। कोई पागल कुत्ता रहा होगा, जिसने हमला कर दिया। वैसे पूरी सतर्कता बरती जा रही है। भेड़िए जैसा कोई जानवर नहीं है। इसकी निगरानी हो रही है।

# शांतिभंग में चार आरोपियों पर कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में चार आरोपियों को पकड़ कर अशांति फैलाने के आरोप में कार्रवाई की है। जनपद में अपराधियों के खिलाफ धर-पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। थाना धनघटा पुलिस ने चा आरोपी को पकड़ कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी करके संबंधित मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर दिया। संवाद

# मारपीट के मामले में केस

**संतकबीरनगर।** मेंहदावल थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। एसओ आरके सिंह ने बताया कि धर्मसिंहवा क्षेत्र के अतरी नानकार गांव निवासी संजय ने कोर्ट को दिए अपने प्रत्यावेदन में बताया कि वह तहसील परिसर से 31 जुलाई को दिन में बाइक से घर जा रहे थे। उसी दौरान विपक्षी विष्णु, ओमप्रकाश, मीरा देवी, भूरे निवासी कुसौना खुर्द उनसे बहस करके मारे-पीटे और जानमाल की धमकी देते हुए बाइक छीनकर चले गए। पुलिस ने इस मामले में कोर्ट के आदेश पर उक्त आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# 30 हजार रुपये शमन शुल्क वसूले

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से 30 हजार रुपये शमन शुल्क वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच की। इस दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 29 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। संवाद

# घर से फॉर्म भरने निकली स्नातक की छात्रा लापता

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद क्षेत्र निवासी स्नातक की छात्रा घर से फॉर्म भरने के लिए निकली और वापस नहीं लौटी। भाई की शिकायत पर पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर छात्रा की तलाश में जुट गई। पुलिस के अनुसार भाई ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय बहन 16 सितंबर को सुबह नौ बजे घर से फॉर्म भरने के लिए निकली थी, जो घर नहीं लौटी। दोपहर में बड़ी बहन के मोबाइल पर मैसेज आया। जिसके बाद फोन करने पर उसका मोबाइल बंद जा रहा है। संवाद

# घर से निकला युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**मगहर।** नगर पंचायत मगहर के तकिया बाजार निवासी गुलाम साजिद एक सप्ताह से लापता है। परिजनों ने युवक की खोजबीन की गई, जो अब तक नहीं मिला है। परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। युवक मनोरोगी बताया जा रहा है। नगर के तकिया बाजार मोहल्ला निवासी अशरफ अली ने बताया कि बड़े भाई गुलाम साजिद मनोरोगी है। जिसका इलाज ज्यादा दिनों से चल रहा है। बुधवार को घर से निकला तो फिर घर नहीं लौटा। संवाद

# प्राणघातक हमले के आरोपी का शांतिभंग में किया चालान

धनघटा। क्षेत्र के रामपुर दक्षिणी गांव निवासी 12 वर्षीय किशोर पर किए गए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस की रिपोर्ट पर किशोर ने सवाल खड़ा किया है। पीड़ित का कहना है कि उन पर जानलेवा हमला किया और आरोपी का शांतिभंग में चालान कर दिया गया।

धनघटा क्षेत्र के रामपुर दक्षिणी गांव निवासी रामनेवास का कहना है कि उनके 12 वर्षीय बेटे शिव शंकर पर दो सितंबर की शाम कुछ लोग रामपुर तिराहे पर पहुंचकर जानलेवा हमला किए। शिव शंकर की जान लेने की नीयत से उसके गर्दन पर हंसिए से प्रहार किए। गांव के लोग दौड़कर बीच-बचाव किए तो कुछ हमलावर भाग निकले मुख्य आरोपी समेत सात लोगों को पकड़ कर जगदीशपुर पुलिस चौकी पर सुपुर्द कर दिया गया।

शिव शंकर पर किए गए प्राण घातक हमले में कार्रवाई के लिए

## पीड़ित का आरोप, सीएम पोर्टल पर की गई शिकायत पर लगा दी मनगढ़ंत रिपोर्ट

रामनिवास ने थाने पर तहरीर दिया। परेशान होकर रामनिवास ने मुख्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक के पोर्टल पर प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

रामनिवास का कहना है कि पोर्टल से प्रार्थनापत्र जब थाने पर पहुंचा तो पुलिस कार्रवाई की जगह शांतिभंग की आशंका में चालान करना लिखकर रिपोर्ट भेज दी। बेटे शिव शंकर को मारने-पीटने की धमकी रोजाना दे रहे हैं। उनके भय से शिव शंकर स्कूल जाना बंद कर दिया है। राम नेवास ने मंगलवार को सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र भेजकर इस मामले की जांच की मांग की है। एसओ अनिल कुमार का कहना है कि मामले में कार्रवाई की गई है। अगर इस पर आपत्ति है निर्देश मिलने पर फिर जांच की जाएगी। संवाद



दीवानी न्यायालय परिसर में नामांकन पत्र दाखिल करते प्रत्याशी। संवाद

# अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए एक-एक प्रत्याशी का नामांकन

## जनपद बार एसोसिएशन का एक अक्तूबर को होना है चुनाव

**संतकबीरनगर।** दीवानी न्यायालय परिसर में जनपद बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में मंगलवार को नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष, महामंत्री पद के एक-एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

अध्यक्ष, महामंत्री पद पर दो-दो व वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष दो पद पर एक-एक प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र प्राप्त किया है। इस प्रकार कुल आठ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र प्राप्त किया। जिसमें दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। यह जानकारी चुनाव अधिकारी सुनील कुमार चौधरी ने दी।

जनपद बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव एक अक्तूबर को होना है। जिसके लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। नामांकन के प्रथम दिन मंगलवार को अध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश तिवारी और महामंत्री पर जितेंद्र नाथ मिश्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया। साथ ही अध्यक्ष पद पर मोहम्मद मोकर्रम व मोहमद असलम ने नामांकन दाखिल किया है।

इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद कासिम अंसारी, महामंत्री पद के लिए सुधीर कुमार श्रीवास्तव, दुर्गेश नारायण मिश्र, उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए सुधीर कुमार ने नामांकन पत्र प्राप्त किया है। नामांकन पत्र प्राप्त व दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 सितंबर है। वरिष्ठ अधिवक्ता समिति अध्यक्ष जुम्मन खां तथा सदस्य दिनेश चन्द्र राय मौजूद रहे। संवाद

# लूट के मामले में 19 पर केस दर्ज करने के आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

**अदालत से**

**मेंहदावल क्षेत्र के बीमापार सीयर निवासी महिला ने किया था वाद दाखिल**

**संतकबीरनगर।** सिविल जज सीनियर डिवीजन व एसीजेएम संजय राज पांडेय की कोर्ट ने घर में घुसकर मारने-पीटने और सामान लूटने के मामले में 19 लोगों के विरुद्ध मेंहदावाल पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

मेंहदावल क्षेत्र के ग्राम बीमापार सीयर निवासी महिला ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया कि उसके गांव के 19 लोग चार जुलाई को एक राय होकर उसके घर पर लाठी-डंडा लेकर चढ़ आए और घर में घुसकर उसे और उसके परिवार के सदस्यों को अपशब्द कहते हुए मारे-पीटे और सामान लूट लिए। पुलिस को फ़ोन करने पर पुलिस आई और उसके परिवार को अस्पताल ले जाकर पांच सदस्यों का मेडिकल कराया। पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की। एसपी को डाक से सूचना दी। कोई कार्रवाई न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

कोर्ट ने सुनवाई के बाद लक्ष्मण, बलदेव, गिरधारी, सुरेंद्र, राकेश, शिव कुमार, झिनक, उषा, किस्मती, कमली, लाली, सुधा, संतरा, हेमराजी, फूलमती, राम अचल, आरती, दिलीप निवासी बीमापार सीयर पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है।

# युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना धनघटा पुलिस ने मामले में वांछित अभियुक्त मनीष पुत्र त्रिलोकी निवासी पिपरसंडी थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर को लोहरैया चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार किशोरी के पिता ने छह अगस्त को थाना धनघटा पर उक्त आरोपी पर पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने, धमकी देने के संबंध में प्रार्थनापत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। थाना धनघटा पुलिस ने साक्ष्य के आधार पर सुसंगत धारा में बढोतरी करते आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-18-09-2024

epaper
हिन्दुस्तान
Share Copy url Save Font Size D'load Image Image Text Listen

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी दबोचा

गोंडा, संवाददाता। करनैलगंज थाने की पुलिस टीम ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वांछित आरोपी जुबेर उर्फ एजाज पुत्र सिराज निवासी कटरा शहबाजपुर को मंगलवार को बरगदी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक लिखा-पढ़ी के बाद उसे कोर्ट भेज दिया गया।

करनैलगंज थानाक्षेत्र की एक लड़की ने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के समक्ष प्रस्तुत होकर मामले की लिखित शिकायत की थी। शिकायत के मुताबिक जुबेर उर्फ एजाज ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब लड़की ने शादी के लिए दबाव बनाया तो अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। एसपी के निर्देश पर करनैलगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। मंगलवार को पुलिस ने विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी जुबेर उर्फ एजाज को बरगदी मोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

# मनचले को पकड़कर पुलिस को सौंपा

मोतीगंज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में युवती से छेड़छाड़ करने पर पुलिस ने आरोपी युवक पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव का युवक मेरी लड़की को आए दिन परेशान करता है। वह उससे छेड़छाड़ करता है जिसे पकड़कर डायल 112 के हवाले कर दिया गया। थानाध्यक्ष अनीता यादव ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक युवक के ऊपर छेड़छाड़ पाक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अस्पताल में इलाज नहीं अभद्रता संग होती मारपीट

**फॉलोअप**

गोण्डा, संवाददाता। मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध बाबू ईश्वर शरण अस्पताल में मरीजों व उनके तीमारदारों के साथ अभद्रता की बात आम हो गई है। कभी ओपीडी में तो कभी इमरजेंसी में मरीजों की पिटाई का मामला अक्सर सामने आ जाता है। कई मामलों में बात एफआईआर तक भी पहुंच चुकी है लेकिन मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है।

रविवार रात एक बार फिर महिला की मौत के बाद परिजनों की पिटाई की घटना सुर्खियों में आ गई। बताया जा रहा है कि इस घटना की जांच के लिए समिति गठन की कवायद चल रही है। शहर के ही न्यू इंद्रानगर कॉलोनी के दो भाई ब्लडप्रेशर बढ़ जाने की शिकायत पर इमरजेंसी में पहुंचते हैं। समुचित इलाज समय से न मिलने को लेकर नाराजगी जताते हैं, इसी बात को लेकर अस्पताल कर्मचारियों व तीमारदारों में मारपीट होने लगी। डॉ. एम डब्ल्यू खान, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट ने कहा कि मारपीट के मामले की जांच के लिए समिति गठित कर जांच कराई जाती है। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भी भेजी जाती है। वहीं कर्मचारियों को मरीजों व उनके तीमारदारों के साथ शालीनता से पेश आने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रधानाचार्य परिषद में रोष

गोंडा, संवाददाता। शहर में शिक्षिका के साथ हुई मारपीट और अभद्रता के मामले को लेकर बुधवार को प्रधानाचार्य परिषद का प्रतिनिधिमंडल डीएम और एसपी से भेंट करके कार्रवाई की मांग करेगा। अगर पांच दिनों के भीतर कार्रवाई न हुई तो 23 सितंबर को कोतवाली का घेराव किया जाएगा।

उप्र प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने बताया कि शिक्षिका के घर जाकर घटना की जानकारी ली गई है। पीड़ित परिवार ने बताया कि भाजपा शासनकाल के भयमुक्त वातावरण में शिक्षिका को निर्वस्त्र कर स्थानीय शशांक श्रीवास्तव उर्फ छोटू, अंकित उर्फ गोलू, राजेश श्रीवास्तव व एक अज्ञात व्यक्ति ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। इससे शिक्षिका को गंभीर चोट आई है।

शिक्षिका ने बताया कि काफी भागदौड़ और प्रयास के बाद प्राथमिकी दर्ज हुई है। लेकिन पुलिस न तो मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कराया और न ही आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। प्रधानाचार्य परिषद ने घटना पर रोष व्यक्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के साथ तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

# पंचायत सचिव और पूर्व प्रधान समेत चार पर केस

गोंडा, विधि संवाददाता। कोर्ट के आदेश पर अभिलेखों में कूट रचना करके संपत्ति हड़पने के मामले में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, पूर्व प्रधान व दो अन्य के विरुद्ध नगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला सदर तहसील की ग्राम पंचायत पथवलिया का है। गांव की रेखा ने अदालत के समक्ष इस आशय का प्रार्थना पत्र दिया कि उसके पति बाबादीन की मृत्यु 11 अप्रैल 2016 को हो गई थी। इस पर उसने 24 अप्रैल 2016 को मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया। नायब तहसीलदार के आदेश से रेखा व उसके बच्चों के नाम से वरासत दर्ज हो गई। आरोप है कि कलंदरपुर चौबे गांव के पूर्व प्रधान घनश्याम शुक्ला, हरिश्चंद्र शुक्ला, देवता प्रसाद ने तत्कालीन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अनूप श्रीवास्तव से मिलीभगत करके मृतक बाबादीन के नाम से ही 26 जून 2019 को मृत्यु प्रमाण पत्र का आवेदन कराकर फर्जी नकल बनवा ली।

# किशोरी अगवा, चार दिन बाद युवक पर केस दर्ज

परसपुर। थाना क्षेत्र एक गांव से एक युवक ने झांसा देकर 18 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर लिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पिता की ओर से चार दिन बाद मिली तहरीर पर जिला बहराइच के हुजूरपुर के ग्राम नौवस्ता निवासी कपिल मौर्या के खिलाफ थाने में बर्गला कर अगवा किए जाने का केस दर्ज हुआ है।

**महिला लापता, पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी :** चार दिन पूर्व घर से किसी कार्य के लिए बाहर निकली महिला अचानक लापता हो गई। पीड़ित परिवार के लोगो ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पीड़ित पति की तहरीर पर कोतवाली इटियाथोक पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर लापता महिला की तलाश शुरू की है। मामला कोतवाली इटियाथोक के लोहशीशा पंचायत के मजरा पैदामीपुरवा का है।

गांव निवासी रईस अहमद पुत्र गफ्फार ने बताया कि उनकी पत्नी बहाजन (47) बीते 13 सितंबर को सुबह 9 बजे के करीब बिना बताए घर से कहीं बाहर चली गई। देर शाम तक वापस न लौटने पर खोजबीन शुरू की गई। मोहम्मद रईस ने बताया कि पत्नी बहाजन की दिमागी हालत ठीक नहीं है और उसे सुनाई भी नहीं देता है। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया की पति की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर गुमशुदा महिला की तलाश शुरू की गई है।

## किशोरी को बहलाकर भगाने का आरोपी पकड़ा

थाना पुलिस किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोपी अनिल जायसवाल पुत्र रामदीन निवासी रघुराज नगर टिकरी थाना वजीरगंज को कटरा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर दी थी कि आरोपी अनिल उनकी पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले गया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही करके उसे न्यायालय रवाना किया गया।

# बाढ़ में डूबे दो युवकों की मौत, पानी घटा पर खतरा बरकरार

## सरयू और घाघरा में आए उफान से माझाक्षेत्र के दर्जनों गांवों का संपर्क कटा, घाघरा अब भी खतरे के निशान से 52 सेमी.ऊपर

**आफत**



नवाबगंज क्षेत्र में स्कूल परिसर में भरा बाढ़ का पानी।



नवाबगंज क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में नाव से जाते लोग।

नवाबगंज, संवाददाता। घाघरा और सरयू में आए उफान के बाद नवाबगंज क्षेत्र के ब्यौंदा माझा गांव के युवक का शव मंगलवार को पड़ोसी गांव दलनगर गांव के निकट बाढ़ के पानी में उतराता मिला। वहीं, दुल्लापुर गांव के निकट पोखरे के तट पर मछली का शिकार करने गए डब्लू का शव मंगलवार सुबह ग्रामीणों के प्रयास से जलकुम्भी के नीचे मिल गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार मंगलवार शाम चार बजे घाघरा नदी का जलस्तर खतरे के निशान 106.07 के सापेक्ष 106.596 मीटर दर्ज किया गया, जो लाल निशान से 52 सेंटीमीटर ऊपर था। वहीं गिरिजा, शारदा व सरयू का कुल डिस्चार्ज 2 लाख 82 हजार 84 क्यूसेक जारी था।

सोमवार की शाम ब्यौंदा माझा के विनोद पासवान (25) घर में बाढ़ का पानी भर गया था। इसके चलते वह नाव पर अपने घरवालों और बकरी के बच्चे को लेकर सुरक्षित ठिकाने के लिए निकला था। परिवार को छोड़कर वह दोबारा नाव से निकला था।

देर रात तक जब उसकी जानकारी नहीं मिल पाई तो पिता मंते उसकी तलाश में जुट गए। मंगलवार की सुबह दलनगर गांव में ब्यौंदा जाने वाली सड़क के पास युवक का शव उतराता दिखाई दिया। विनोद राजमिस्त्री का काम करता था। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी, तीनों बच्चे संतोष (5), रोशनी (4), रेशमी (2) गहरे सदमे में हैं। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**लाल निशान से 49 सेमी पार पंहुच कर स्थिर हो गई है सरयू:** अयोध्या के नये घाट पर सरयू खतरे के निशान से 49 सेमी ऊपर तक पंहुच जाने के बाद बीते 24 घंटे से स्थिर चल रही है। करनैलगंज क्षेत्र से आ रही घाघरा की विशाल जलधारा का विस्तार माझा क्षेत्र में हो रहा है। बाढ़ पीड़ित बहुत ही बेसब्री से नदी के घटने की सूचना का इन्तजार कर रहे हैं। जलभराव के चलते मवेशियों की हालत भी खराब हो रही है। हरा चारा नहीं मिलने से भरपेट भोजन भी नहीं नसीब हो रहा है। हालांकि पशुपालन विभाग ने मंगलवार को दलनगर गांव में दो ट्राली भूसे का वितरण कराया। उधर साकीपुर में तहसील प्रशासन ने एक हजार लंच पैकेट बांटे। मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने अफसरों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम गढ़ी, जबरनगर, गोंड़ियन पुरवा, लोनियन पुरवा, सहित लगभग दर्जनों गांवों में मोटरबोट से जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। साथ ही ग्रामीणों को लंच पैकेट तथा राहत सामग्री एवं फूड पैकेट का वितरण किया।

### करनैलगंज में घटने लगा पानी, समस्याएं बढ़ीं

करनैलगंज। मंगलवार को भी घाघरा नदी का पानी घटने क्रम में नजर आया। बांध के भीतरी भाग में बसे नकहरा, बेहटा, नैपुरा व परसावल सहित बहुवर चिंटौली व पसका आदि गांवों में जहां बाढ़ का पानी कम होने से क्षेत्र के लोगों को राहत की उम्मीद हो रही थी। वहीं कम हो रहा पानी यहां के लोगों के सामने तरह-तरह की समस्याएं भी पैदा कर रहा है। कई दिनों से भरा बाढ़ का पानी अब बदबू करने लगा है। जिससे घरों में किसी तरह रह रहे लोगों को उठ रही सड़ान्ध से समस्या हो रही है। गांव वालों का कहना है कि ऐसे में अब बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ चुका है। रात के समय जहरीले जीव जन्तुओं के निकलने का सिलसिला तेज हो गया है। मंगलवार को बाढ़ पीड़ितों का हाल जानने व बांध पर चल रहे बचाव कार्यों का जायजा लेने डीएम नेहा शर्मा बाढ़ प्रभावित गांव नकहरा व बहुवन मदारमाझा के तटबंध पहुंचीं।

रानीपुर में फायरिंग मामले में रिपोर्ट दर्ज : थाना छपिया अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीपुर में 15 सितम्बर की देर शाम गोलियों की तड़तड़ाहट से लोगों में दहशत फैल गई थी। पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। रानीपुर निवासी लालजी वर्मा ने आरोप लगाया है कि 15 सितम्बर को वह अपने घर के बाउन्ड्री वाल के अन्दर था। अचानक अंधेरे में बाइक सवार दो व्यक्ति आए और मेरी तरफ पिस्टल निकालकर फायर करने लगे, उसने तरह अपनी जान बचाई।

# पीडी बंधे पर बढ़ा दबाव, दर्जनों मजरे घिरे



मंगलवार को उमरी बेगमगंज क्षेत्र में बाढ़ का जायजा लेती डीएम।

उमरी बेगमगंज, संवाददाता। सिसौटी व परासपुरवार के बीच सहायक बंधे के कट जाने से पुराने पीडी बंधे पर घाघरा का दबाव बढ़ने लगा है। पांच दर्जन मजरे पानी से घिर गए हैं। यह बांध बहुत पुराना होने के नाते कहीं-कहीं रैट कटिंग की वजह से कमजोर हो चुका है। धमसिहा के पास कटान होने की वजह से बांध पर खतरा मंडरा रहा है। हालांकि सिंचाई विभाग पुराने बांध पर मरम्मत के कार्य में जुटा हुआ है लेकिन उनकी रफ्तार सुस्त है।

मंगलवार को डीएम नेहा शर्मा ने क्षेत्र का दौरा कर बाढ़ स्थिति का जायजा लिया। बाढ़ चौकी ऐली परसौली पर पहुंचकर व्यवस्थाएं परखीं। उन्होंने ग्राम पंचायत गढ़ी में स्टीमर पर सवार होकर क्षेत्र पंचायत बेलसर द्वारा बनाए गए रिंग बांध के कटान बिंदु पर जाकर निरीक्षण किया। बाढ़ चौकी ऐली परसौली पर पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों के लिए बन रहा भोजन खुद खाकर गुणवत्ता परखी।

दूसरी तरफ ऐली परसौली और गढ़ी में घटते जलस्तर के बीच दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अभी भी घरों में पानी घुसा हुआ है। धान की फसलों के साथ सब कुछ बर्बाद होने के बाद भी किसानों ने हिम्मत नहीं हारी है। तरबगंज के माझा इलाके में घर में पानी घुस जाने के बाद पलायन कर चुके कुछ लोग बांध पर शरण लिए हुए हैं तो किसी ने पड़ोसी गांव में डेरा जमा रखा है।

# संपर्क मार्ग पानी में डूबे रोड पर पीड़ितों ने ली शरण

नवाबगंज, संवाददाता। माझा क्षेत्र के दर्जनों गांव और घरों तक पांव पसार लेने के बाद सोमवार की शाम से सरयू ने खामोशी अख्तियार कर रखी है। साकीपुर और तुलसीपुर गांव में धीमी गति से कटान की विनाशलीला भी जारी है। इससे बाढ़ पीड़ितों की धड़कनें बढ़ गई हैं।

नदी के रुख को देखते हुए बाढ़ से घिरे मजरों के लोगों का पलायन मंगलवार को भी जारी रहा। ब्यौंदा माझा, दलनगर, साकीपुर और तुलसीपुर माझा के तमाम बाढ़ पीड़ितों ने ढेमवा रोड के किनारे अपने पालतू मवेशियों के साथ शरण ले रखी है। बाढ़ से गम्भीर रूप से प्रभावित होने वाले गांवों में जैतपुर, लोलपुर और दुर्गागंज शामिल हैं। वहीं, महंगूपुर, नवाबगंज सिरं आदि गांव आंशिक तौर पर प्रभावित हैं। ढेमवा रोड के दोनों तरफ बसे दर्जनों गांवों तक पहुंचने के लिए अब नाव ही एकमात्र साधन है। सभी सम्पर्क बाढ़ के पानी में डूबे हैं।







# ट्रेनों की तर्ज पर रोडवेज बसों की भी मिलेगी लाइव लोकेशन



रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से बसों की लाइव लोकेशन देखते आपरेटर नितिन श्रीवास्तव • जागरण

जागरण संवाददाता • गोंडा : ट्रेनों की तर्ज पर ही अब यात्री रोडवेज बसों की भी लाइव लोकेशन देख सकेंगे। कौन सी बस कहां पहुंची है, उनके स्टाप पर पहुंचने में अनुमानित कितना समय लगेगा? इन सब सवालों के जवाब उन्हें अपने मोबाइल और रोडवेज बस स्टैंड पर लगे डिस्प्ले बोर्ड एलईडी (लाइट एमिटिंग डायोड) पर मिल जाएंगे। इस व्यवस्था के लागू होते ही यात्रियों को आनलाइन टिकट भी मिल सकेंगे।

अब तक रोडवेज बस स्टेशन के पूछताछ काउंटर पर बैठे कर्मी बसों के आने का सही समय नहीं बता पाते थे। कारण, रास्ते की बस कहां पहुंची, इसकी जानकारी उन्हें खुद नहीं रहती थी। जरूरी होने पर वह चालक-परिचालक को फोन करते थे, लेकिन जवाब नहीं मिलता था। इसे देखते हुए अब गोंडा समेत प्रदेश के 100 बस अड्डों पर एलईडी डिस्प्ले पैनल लगवाया गया है। साथ ही लाइव लोकेशन व आटो एनाउंसमेंट सिस्टम चालू करने की तैयारी है।

सभी बसों में जीपीएस (ग्लोबल पोजीशन सिस्टम) लग रहा है। चालक-परिचालक का नाम व नंबर समेत सूचना फीड की जा रही है, जो इसी माह पूरा हो जाएगा। इसके बाद सभी रोडवेज बसें लाइव दिखना शुरू हो जाएंगी।

- सभी बसों में लगाया जा रहा ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम
- आरएम कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से बसों की होगी निगरानी



बसों में जीपीएस व पैनिक बटन लगाकर उसकी लोकेशन आनलाइन की जा रही है। कंट्रोल रूम से बसों की लाइव निगरानी से बसें निर्धारित समय से चलेंगी। यात्री भी आनलाइन बुकिंग करते हुए बसों की लोकेशन देख सकेंगे। यही नहीं, पैनिक बटन के दबते ही पुलिस भी मौके पर पहुंचेगी।

\- अपराजित श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रबंधक, रोडवेज

### पैनिक बटन दबते ही कंट्रोल रूम पहुंचेगी खतरे की सूचना

निर्भया योजना के तहत महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए हर बस में पांच से छह पैनिक बटन लगाए गए हैं। असुरक्षित महसूस होने पर महिलाएं बटन दबाकर खतरे की सूचना रोडवेज को देंगी। बटन दबाते ही क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में बने कंट्रोल रूम में खतरे का लाल सिग्नल देने लगेगा, जहां 24 घंटे बैठे आपरेटर पहले संबंधित बस की लोकेशन लेंगे। साथ ही चालक व परिचालक के मोबाइल से संपर्क करेंगे। जवाब नहीं मिला या फिर कर्मियों से असुरक्षा की रिपोर्ट मिली तो फिर वहीं से लाल सिग्नल पुलिस कंट्रोल रूम को भेज देंगे। इसके बाद डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति संभालेगी।

# शिकायतों का करें निस्तारण

गोंडा : एसपी विनीत जायसवाल ने कार्यालय में फरियादियों की शिकायतें सुनी। प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को पीड़ितों को न्याय दिलाने का निर्देश दिया। कहा कि शिकायतों का निस्तारण करें, जिससे पीड़ितों को जिला मुख्यालय का चक्कर न काटना पड़े। शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। (संसू)

# गणपति बप्पा की प्रतिमा का किया विसर्जन

जागरण टीम • गोंडा : भगवान गणेश जी की प्रतिमा का अनंत चतुर्दशी के उपलक्ष्य पर मंगलवार को धूमधाम से विसर्जन करने के साथ गणेश महोत्सव संपन्न हो गया। दोपहर बाद से सरयू नदी के विभिन्न घाटों पर प्रतिमा विसर्जित की गई। गणपति बप्पा मोरया और अगले बरस तुम जल्दी आना... के जयकारे लगते रहे। ढोल नगाड़े के साथ श्रद्धालुओं ने काफी श्रद्धा और उत्साह से प्रतिमा को जलधारा में प्रवाहित किया।

नगर के गायत्री पुरम मुहल्ले में ललिता मिश्रा के घर पर स्थापित गणेश प्रतिमा की शिवांगी मिश्र, मीनू पांडेय सहित अन्य श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चन की। गणपति बप्पा को भोग लगाया गया। दोपहर बाद प्रतिमा का खैरा भवानी मंदिर पर विसर्जन किया गया। अपूर्वा श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव, सुगांश पांडेय, वैष्णवी सिंह व आराध्या पांडेय उपस्थित रहीं। बेलसर : कस्बा के बेलसर-गोंडा मार्ग पर स्थापित गणेश प्रतिमा विसर्जन से पूर्व शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा की अर्चना की। अयोध्या में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विष्णु जायसवाल, गौरव सोनी, रामजी कौशल, विनोद पांडेय, लालू यादव व ऋषभ सोनी उपस्थित रहे। परसपुर : गणेश चतुर्थी के अवसर पर मोहना के



परसपुर नगर में भगवान गणेश की प्रतिमा को विर्सजन के लिए ले जाते श्रद्धालु

बैशन पुरवा गांव में गणेश जी की प्रतिमा रखकर पूजन अर्चन किया जा रहा था।

प्रतिदिन शाम को दूरदराज से आये संत महात्मा प्रवचन सुनाते थे। दस दिनों तक पूजन अर्चन के बाद मंगलवार को मूर्ति विसर्जन के शोभायात्रा निकाली गई। 15 किमी तक नाचते गाते श्रद्धालु भौरीगंज स्थित सरयूनदी तट पहुंचे। सरयूनदी में प्रतिमा को विसर्जित किया गया। संगमलाल मौर्य, योगेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## अनंत चतुर्दशी पर व्रत व श्री हरि का श्रद्धालुओं ने किया पूजन

संसू, जागरण • गोंडा : भाद्रपद पूर्णिमा के दिन अनंत चतुर्दशी मनाई गई है। जगत के पालनहार भगवन विष्णु और मां लक्ष्मी को समर्पित पर्व पर श्रद्धालुओं ने श्रीहरि की पूजा-अर्चना की। श्रद्धा अनुसार जरूरतमंदों को अन्न, धन और वस्त्र का दान किया। भगवान श्री विष्णु के पूजन के सर्वोतम व्रत अनंत चतुर्दशी पर दुखहरण नाथ मंदिर के बगल स्थित श्रीहरि विष्णु मंदिर में भक्तों ने पूजा की। अनंत काल तक पुण्य देने वाले अनंता व्रत को लेकर श्रद्धालुओं की मान्यता है कि अनंत चतुर्दशी के दिन ही भगवान श्री हरि (विष्णु) ने 14 लोकों की रचना की थी और उसके पालन के लिए वे 14 रूपों में प्रकट भी हुए थे, इसलिए श्रद्धालु हवन में 14 गांठ वाले पवित्र धागे (अनंता सूत्र) को अपने हाथ की बांह में प्रसाद स्वरूप धारण किया, जिससे उनकी सच्चे मन से की गई कामना पूरी हो। दिन भर व्रत रखने के बाद शाम को सेंवई व रोटी खाकर व्रत का पारण किया गया। श्रद्धालु ने श्री हरि के भजनों को सुना। पूरे दिन भक्ती भाव से पूजा अर्चना की गई। सुबह ही मंदिर पहुंच गए। श्री हरि के प्रिय पदार्थों से पूजा करने के साथ ही दान कर पुण्य अर्जित किया।

# फायरिंग करने में एक नामजद, दो पर मुकदमा

संसू, जागरण • बभनान (गोंडा) : छपिया ग्राम पंचायत सिसई रानीपुर में फायरिंग करने के मामले में एक नामजद समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा किया गया है। सिसई रानीपुर निवासी लाल जी वर्मा ने कहा कि 15 सितंबर की रात में वह घर के चहारदीवारी के भीतर खड़े थे। अंधेरे में बाइक सवार दो व्यक्ति घर के सामने पहुंचकर फायरिंग करने लगे। उन्होंने घर के भीतर भाग कर जान बचाई। गनीमत रही कि गोली उनके दाहिने कान के बगल से निकल गई। थोड़ी देर फायरिंग के बाद युवक पिस्टल लहराते हुए फूलपुर की तरफ भाग गए। थानाध्यक्ष छपिया कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि एक नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

# समाज को अब शिक्षित बेटियों से ज्यादा उम्मीदें

[illegible] तिवारी • जागरण

गोंडा : बेटियों की पढ़ाई के लिए संघर्ष की कहानी अब सफलता के कीर्तिमान गढ़ने लगी है। बेटियां न सिर्फ स्कूल जा पा रही हैं, बल्कि कक्षा में बेटों के मुकाबले उनकी उपस्थिति भी अधिक हो गई है। सरकारी आंकड़े ऐसी ही सुखद खबर दे रहे हैं। इस बार सरकारी स्कूलों में बेटों की अपेक्षा 10 हजार बेटियों के प्रवेश अधिक हुए हैं।

जिले के 2609 परिषदीय विद्यालयों में वर्तमान में तीन लाख 726 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इनमें छात्रों (बालक) की संख्या एक लाख 45 हजार 313 है, जबकि छात्राओं (बालिका) की संख्या एक लाख 55 हजार 413 है। ऐसे में बेटों से 10 हजार से अधिक बेटियां शिक्षा ग्रहण कर रहीं हैं। इनके अलावा 17 बेटियां कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में भी शिक्षा ग्रहण कर रहीं है। वहीं, राजकीय बालिका इंटर कालेज में छात्राओं की संख्या दो हजार से अधिक है, जबकि राजकीय इंटर कालेज में छात्रों की संख्या आठ सौ है।



राजकीय बालिका इंटर कालेज में पढ़ाई करतीं छात्राएं • जागरण

- सरकारी स्कूलों में बेटों की अपेक्षा 10 हजार अधिक नामांकन
- अधिकारी कर रहे विभागीय प्रयासों से जागरूकता आने का दावा

**सुशिक्षित समाज**

**निशुल्क व कम खर्च भी प्रोत्साहन की वजह:** सरकारी विद्यालयों में छात्राओं की बढ़ती संख्या के पीछे निशुल्क व कम खर्च में शिक्षा प्राप्त होना भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है। महंगी शिक्षा की वजह से बेटियों को पढ़ाने में अभिभावकों को परेशानी होती थी। आर्थिक कमजोरी व जागरूकता की कमी की वजह से अभिभावक बेटियों की पढ़ाई को अतिरिक्त खर्च मानकर उन्हें स्कूल नहीं भेजते थे।

**ऐसी मेधावियों से मिलती प्रेरणा:** इतना ही नहीं इस वर्ष यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में प्रज्ञा

# युवक को बच्चा चोर समझ कर पीटा, वीडियो प्रसारित

संसू, जागरण • झंझरी (गोंडा) : चौरी हरसो पट्टी गांव में संदिग्ध हालात में युवक को ग्रामीणों ने घूमते देखा। उसे बच्चा चोर गिरोह का सदस्य समझकर पीट दिया। पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी। पुलिस युवक को थाने ले आई। पिटाई का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

बताया जाता है कि युवक से पूछताछ करने लगे। उसके कुछ न बोलने पर पिटाई शुरू कर दी। डायल 112 के पहुंचने के बाद भी लोग पिटाई करते रहे। दोपहर बाद युवक की पहचान देहात कोतवाली के खोरहंसा निवासी तबारक के रूप में हुई।

उसके भाई सुभान अली ने कहा कि उसका भाई दिमागी रूप से अस्वस्थ है। वह घर से सामान लाने के लिए निकला था और चौरी हरसो पट्टी पहुंच गया, जहां ग्रामीण ने पिटाई की। मोतीगंज की प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव ने कहा कि युवक का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। पिटाई करने वालों पर मुकदमा किया जाएगा।

# ठेके से होती थी करोड़ों की कमाई, अब ढूंढे नहीं मिल रहे ठेकेदार

संसू, जागरण • गोंडा : नगर पालिका परिषद गोंडा में टैक्सी स्टैंड के लिए ठेकेदार ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में साढ़े पांच माह के भीतर नगर पालिका परिषद ने टैक्सी स्टैंड आवंटन के लिए छह बार आनलाइन निविदा निकाली, लेकिन कोई भी ठेकेदार निविदा डालने नहीं आया। पांच बार निविदा आमंत्रित करने के बाद टैंपो स्टैंड का ठेका अगस्त में 14.50 लाख रुपये में हुआ था। ऐसे में नगर पालिका परिषद को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कोरोना संक्रमण से पूर्व टैंपो व टैक्सी स्टैंड का ठेका औसतन एक करोड़ रुपये में होता था। पालिका आर्थिक से जूझ रही है।कर्मचारी वेतन भुगतान के लिए तरस रहे हैं।

**31 मार्च को खत्म हो गया था ठेका :** नगर पालिका परिषद गोंडा में टैक्सी स्टैंड का ठेका 31 मार्च को खत्म हो गया था। टैक्सी स्टैंड पर शुल्क वसूली के लिए नगर पालिका परिषद ने छह मार्गों पर अलग-अलग कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई थी। जिस नगर पालिका परिषद में ठेकेदारों की औसत वसूली प्रतिदिन 17 हजार रुपये थी, वहां कर्मचारी छह से सात हजार रुपये ही वसूल पा रहे थे। सितंबर से टैंपो स्टैंड का ठेका होने के बाद वसूली शुरू हुई। जबकि, टैक्सी स्टैंड का ठेका नहीं हो सका है।

**गतवर्ष आठ माह के लिए हुआ था ठेका :** नगर पालिका परिषद गोंडा ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में आठ माह के लिए 41 लाख 21 हजार रुपये में टैंपो व टैक्सी स्टैंड का ठेका किया था। टैक्सी स्टैंड का ठेका 17 लाख 10 हजार रुपये व टैंपो का 24.11 लाख रुपये में दिया गया। ठेकेदार को 31 मार्च 2024 तक वसूली करनी थी।



पीएसी लाइन के सामने संचालित टैक्सी स्टैंड • जागरण

### कहां लगता है टैक्सी स्टैंड

- गोंडा-लखनऊ मार्ग पर पीएसी गेट के सामने
- बहराइच रोड पर रोडवेज डिपो के पास
- उतरौला रोड पर मनकापुर बस स्टाप
- गोंडा बेलसर मार्ग पर झंझरी ब्लाक के पास
- गोंडा-अयोध्या मार्ग पर मुन्नन खां चौराहे के समीप
- गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर ओवरब्रिज के नीचे

### आखिर क्यों नहीं मिल रहे ठेकेदार

जिस टैक्सी स्टैंड का ठेका लेने के लिए पांच वर्ष पूर्व विवाद होता था और राजनीतिक जोर आजमाइश होती थी आज उस टैक्सी स्टैंड का ठेका लेने के लिए कोई आगे नहीं रहा है। विभागीय सूत्र के अनुसार वसूली में सहयोग न मिलने की आशंका से कोई ठेकेदार आगे नहीं आ रहा है। लोगों को डर है कि पूंजी भी फंस जाएगी। वहीं टैक्सी स्टैंड को लेकर दबंगों का वर्चस्व भी बताया जा रहा है।

### सड़क तो कहीं फुटपाथ घेर रहीं टैक्सियां, लोग हो रहे परेशान

शहर में टैक्सी स्टैंड के नाम पर शुल्क की वसूली तो चल रही है लेकिन, सुविधाएं नदारद हैं। टैक्सी कहीं सड़क पर खड़ी होती है तो कहीं फुटपाथ पर। पानी, छाया की कोई व्यवस्था नहीं है। यात्रियों के साथ ही टैक्सी चालकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मंडल मुख्यालय के छह प्रमुख मार्गों पर प्रतिदिन डेढ़ सौ अधिक वाहन सवारियां ढोते हैं।

- पांचवीं बार निविदा निकालने पर हुआ था टैंपो स्टैंड का 14.50 लाख रुपये में ठेका

"टैंपो स्टैंड का ठेका हो गया है। जबकि, टैक्सी स्टैंड के लिए छह बार निविदा निकाली गई, लेकिन कोई निविदा नहीं पड़ी। टैक्सी स्टैंड आवंटन के लिए फिर से आनलाइन निविदा निकाली जाएगी। – संजय कुमार मिश्र, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद गोंडा

# किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

वजीरगंज (गोंडा)। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी पौत्री (16) बीते 15 सितंबर की रात घर से कहीं चली गई। अगले दिन सुबह पांच बजे वह गांव के समीप मिली। बताया कि पास के गांव के अमरदीप मौर्य ने उसे अगवा कर लिया था। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी अमरदीप मौर्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

## ■ युवती को किया अगवा

परसपुर (गोंडा)। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 22 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर 14 सितंबर की शाम एक युवक अगवा कर ले गया। युवती के चाचा ने आरोपी संदीप सिंह निवासी ग्राम महादेवा, मनकापुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि छानबीन की जा रही है। (संवाद)

## ■ युवती के अपहरण का केस

परसपुर (गोंडा)। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती के पिता ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उनकी बेटी को 13 सितंबर की शाम करीब छह बजे एक युवक अगवा कर ले गया। उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन पता नहीं चल सका। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि अपहृत युवती के पिता की तहरीर पर नौबस्ता लौकाही हुजूरपुर बहराइच निवासी कपिल मौर्य के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

करनैलगंज(गोंडा)। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि युवती से दुष्कर्म के आरोपी कटरा शाहबाजपुर निवासी जुबेर को बरगदी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है। बताया कि कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने छह अगस्त को आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया था। (संवाद)

# बिजली मिस्त्री लापता, गुमशुदगी दर्ज

बेलसर (गोंडा)। उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के ऐली परसौली गांव निवासी राजू मौर्य ने बताया कि रगड़गंज बाजार निवासी उनके ससुर मनोज मौर्य बाजार में ही इलेक्ट्रिक सामान की दुकान करते हैं। वह बिजली मिस्त्री भी हैं। रविवार की दोपहर वह सामान लाने के लिए कहकर दुकान से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे, मनोज के बेटे संदीप व प्रदीप ने बताया कि उनकी काफी तलाश की गई, लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। कोतवाल तरबगंज राजेश सिंह ने बताया कि राजू मौर्य की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# पौधे उखाड़ने की दी तहरीर

वजीरगंज (गोंडा)। क्षेत्र के परसहना बंदरबगिया निवासी बुधई ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसने करीब एक माह पूर्व अपने खेत में यूकेलिप्टस के 50 पौध लगाए थे। जिन्हें बीते 16 सितंबर की रात में गांव के ही पिता पुत्र समेत तीन लोगों ने उखाड़ कर फेंक दिया। दोबारा लगाने पर जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है। (संवाद)

# खेत में गाय जाने पर पिटाई, मुकदमा

इटियाथोक (गोंडा)। ग्राम मुंडेरवा माफी नौबस्ता के अखिलेश पांडेय ने आरोप लगाया कि उनकी गाय रस्सी तोड़कर स्वामीनाथ पांडेय के खेत में चली गई, इस कारण स्वामीनाथ ने मारपीट की। आरोप है कि बहन ज्योति पांडेय व चाचा व्रजनाथ को भी लाठी-डंडे से मारा पीटा, जिससे दोनों के बाएं हाथ में चोटें आईं। पुलिस ने मारपीट के आरोप में स्वामीनाथ पांडेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। (संवाद)

# किशोरी को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा।** कोतवाल नवाबगंज निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि किशोरी को अगवा करने के आरोपी रघुराजनगर टिकरी थाना वजीरगंज निवासी अनिल जायसवाल को कटरा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी 17 सितंबर को किशोरी को अगवा कर ले गया था। (संवाद)

# दो युवकों पर फायरिंग का आरोप, केस

**बभनान (गोंडा)।** छपिया के सिसई रानीपुर गांव निवासी क्लीनिक संचालक लालजी वर्मा ने पिस्टल से फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। लालजी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 15 सितंबर की शाम सात बजे वह घर की बाउंड्रीवॉल के अंदर खड़े थे। तभी अंधेरे में बाइक से आए दो युवकों में से एक ने उन पर पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी। किसी तरह भागकर उन्होंने जान बचाई। बताया कि गोली उनके दाहिने कान के पास से निकल गई। दोनों युवक फायरिंग करते हुए फूलपुर की तरफ भाग निकले। थानाध्यक्ष कृष्णगोपाल राय ने बताया कि लालजी वर्मा की तहरीर पर ढड़उवा गांव निवासी दीपक समेत एक अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# केवलपुर में सियार माना लौव्वावीरपुर पर चुप्पी

## जंगली जानवरों के हमलों की सूचना पर जांच में जुटा वन विभाग

संवाद न्यूज एजेंसी

अमर उजाला फॉलोअप

**गोंडा।** जिले में अचानक जंगली जानवरों के हमलों की घटनाएं बढ़ रहीं हैं। पंड़रीकृपाल के केवलपुर गांव में जंगली जानवर की सूचना वन विभाग को मिली थी। इसी के साथ लौव्वावीरपुर में बकरी को जंगली जानवर ने निवाला बना लिया था। जिला प्रभागीय वनाधिकारी पंकज शुक्ल ने दोनों मामलों की छानबीन कराने का दावा किया है।

वन विभाग ने दावा किया कि केवलपुर में छानबीन की गई तो सियार होने की पुष्टि हुई है। वहीं लौव्वावीरपुर में किसी जंगली जानवर की पुष्टि हो नहीं हुई है। ऐसे में लौव्वावीरपुर में महंगूपुर के रामलौटन की बकरी कौन खा गया? और विश्नोहरपुर में कौन जानवर था? यह सवाल अभी भी बरकरार हैं। वन विभाग अपने दावों से जंगली जानवर के होने की बात को स्वीकार करने में भले ही आनाकानी कर रहा है लेकिन आम लोग सहमे हुए हैं। फिलहाल उक्त मामलों के सामने आने के बाद अब वन विभाग सक्रिय हुआ है। अभी तरबगंज के रंगधारपुरवा में बच्चे पर हमले की स्थिति भी स्पष्ट नहीं हो सकी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि लगातार जांच कराई जा रही है।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-18-09-2024

## दो चोरों को दबोचा

बलरामपुर : ललिया थाना की पुलिस ने चोरी का माल बरामद करते हुए दो लोगों की गिरफ्तारी की है। प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि मुरिहवा गांव निवासी भुल्लर उर्फ अजय यादव व आशाराम उर्फ आलू को बलदेवनगर के पास से गिरफ्तार किया गया है। उनके पास 2200 रुपये नकद व चोरी की गई पायल, घड़ी, टार्च व मोबाइल फोन बरामद किया गया है। (संसू)

## महिलाओं को किया जागरूक

बलरामपुर : मिशन शक्ति फेज-4 के तहत बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एसपी विकास कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया गया। गांवों के चौराहों, भीड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगा बेटियों व महिलाओं को सेल्फ डिफेंस की जानकारी दी गई। वूमेन पावर लाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन 1930, यूपी डायल 112, आपातकालीन सेवा 181 आदि के बारे में जानकारी दी गई। (जासं)

# देश विरोधी नारे लगाने वाले अज्ञात पर मुकदमा

संवादसूत्र, जागरण • उतरौला (बलरामपुर): बारह रबी उल अव्वल जुलूस के दौरान आपत्तिजनक नारा लगाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। श्री सिद्धिविनायक सेवा समिति पूजा पंडाल मुहल्ला गांधीनगर के अभिषेक गुप्त व अन्य ने माहौल खराब करने वाले इस कृत्य की निंदा करते हुए तहरीर दी थी।

प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (2) और 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच शुरू करते हुए विशेष टीमों का गठन किया गया है।

कहा कि मामले की गहराई से जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उतरौला में फलस्तीनियों के समर्थन में नारेबाजी के मामले में केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

उतरौला (बलरामपुर)। जुलूस-ए-मोहम्मदी में फलस्तीनियों के समर्थन में नारेबाजी के मामले में वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने पांच युवकों को चिह्नित किया है। मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति, गांधीनगर उतरौला के पदाधिकारी अभिषेक गुप्ता, अनिल, उज्जवल, अश्वनी, जगदीश चंद, रितेश व सागर ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें कहा कि गांधीनगर में गणेश प्रतिमा के पंडाल के सामने बारह-रबी-उल अव्वल के जुलूस में आपत्तिजनक नारेबाजी की गई। इस दौरान शांति व्यवस्था भंग करने के साथ ही धार्मिक भावनाओं को भड़काने का प्रयास किया गया।

## वायरल वीडियो के आधार पर पांच युवक चिह्नित

इंस्पेक्टर संजय दुबे ने बताया कि श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति की तहरीर पर पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वायरल वीडियो के आधार पर पांच लोगों को चिह्नित किया गया है। जांच की जा रही है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि उतरौला पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उतरौला में फलस्तीनियों के समर्थन में नारेबाजी के मामले में केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**उतरौला (बलरामपुर)।** जुलूस-ए-मोहम्मदी में फलस्तीनियों के समर्थन में नारेबाजी के मामले में वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने पांच युवकों को चिह्नित किया है। मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति, गांधीनगर उतरौला के पदाधिकारी अभिषेक गुप्ता, अनिल, उज्जवल, अश्वनी, जगदीश चंद, रितेश व सागर ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें कहा कि गांधीनगर में गणेश प्रतिमा के पंडाल के सामने बारह-रबी-उल अव्वल के जुलूस में आपत्तिजनक नारेबाजी की गई। इस दौरान शांति व्यवस्था भंग करने के साथ ही धार्मिक भावनाओं को भड़काने का प्रयास किया गया।

## वायरल वीडियो के आधार पर पांच युवक चिह्नित

इंस्पेक्टर संजय दुबे ने बताया कि श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति की तहरीर पर पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वायरल वीडियो के आधार पर पांच लोगों को चिह्नित किया गया है। जांच की जा रही है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि उतरौला पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चालक पर 35 हजार का जुर्माना

**बलरामपुर।** बस संचालन में लापरवाही करने वाले संविदा चालक पर 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोपीनाथ दीक्षित ने बताया कि बलरामपुर डिपो के संविदा चालक बृजेश यादव की लापरवाही से बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। कार से टकराने से बस (नंबर यूपी 47 टी 2611) को काफी नुकसान पहुंचा। ऐसे में 21 दिनों तक बस का संचालन भी नहीं हो सका। यह बस बलरामपुर-कैसरबाग-बेलभरिया मार्ग पर चलती थी। बस की मरम्मत व बस के ऑफ रूट रहने से निगम को जो राजस्व का नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई चालक से की जाएगी। निगम को 41,201 रुपये का नुकसान पहुंचा है, लेकिन उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चालक से 35,000 रुपये की वसूली की जाएगी। एआरएम ने बताया कि चालक के मानदेय से किस्तों में धनराशि की कटौती की जाएगी। (संवाद)

# चोरी के सामान समेत दो गिरफ्तार

**बलरामपुर।** एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना ललिया बृजानंद सिंह की टीम ने मंगलवार को ग्राम मुरहिवा निवासी भुल्लर उर्फ अजय यादव व आशाराम उर्फ आलू को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से 2200 रुपये नकद, एक जोड़ी पायल, घड़ी, टॉर्च व एक फोन बरामद किया गया है। (संवाद)

# मारपीट में पांच पर मुकदमा

**बलरामपुर।** उतरौला के बरमभारी गांव की आरती ने मुकदमा दर्ज कराया है। कहा है कि बच्चों के झगड़े की बात को लेकर विपक्षियों ने मारपीट की। लाठी-डंडे से उसकी पिटाई। पुलिस ने मामले में अमित समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है। (संवाद)

# जालसाजी का मुकदमा दर्ज

**बलरामपुर।** कोतवाली नगर के अस्पताल वार्ड पुरैनिया तालाब निवासी राजेश सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है। कहा है कि आलोक अग्रवाल ने उसके व्हाट्सएप पर फॉर्म भेजकर एक कंपनी के डीलरशिप के बारे में जानकारी दी। इसके बाद राजीव अग्रवाल से बात कराई। कई चरणों में हुई बात के बाद उससे 9 लाख 47 हजार रुपये जमा कर लिए गए। इसके बाद से अब दोनों के मोबाइल नंबर बंद हैं। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (संवाद)

# अवैध रूप से संचालित क्लीनिक सील

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** निजी प्रतिष्ठान के नोडल डॉ. रवि नंदन त्रिपाठी व शिवपुरा सीएचसी के अधीक्षक डॉ. प्रणव पांडेय की टीम ने हरैया सतघरवा थाना क्षेत्र में अभियान चलाया। क्षेत्र के दरिया बाजार हरैया में झोलाछाप रोज अली अवैध रूप से एलोपैथिक प्रैक्टिस करता मिला। पूछताछ में संतोषजनक जवाब न दे पाने के कारण उसके क्लीनिक को सील कर दिया गया। इसके साथ ही लालपुर चौराहा स्थित नर्सिंग होम संचालक डॉ. मनोज कुमार पाल को नोटिस दिया गया है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-18-09-2024

# जुलूस में फलस्तीन का झंडा फहराने के मामले में अज्ञात पर मुकदमा

संसू, जागरण • जरवल रोड : जरवल कस्बा में सोमवार को जुलूस-ए-मोहम्मदी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फलस्तीन का झंडा फहराया। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष बृज प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच कर वीडियो के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपित सलाखों के पीछे होंगे।

# घटने लगा घाघरा का जलस्तर, बढ़े राहत के आसार

संसू, जागरण • जरवलरोड/वौंडी (वहराइच): वारिश थमने के वाद नेपाली नदियां शांत हुई हैं। नतीजतन वैराजों से पानी छोड़े जाने का सिलसिला काफी कम हो गया है। इससे कैसरगंज एवं महसी तहसील के करीव 40 गांवों में फैल चुका घाघरा नदी का पानी लौटने लगा है। इससे तटवर्ती गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली है।

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता वीवी पाल ने बताया कि मंगलवार की शाम चार बजे जिले के तीनों वैराजों से 2,87,284 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। शारदा वैराज से 1,46,172 क्यूसेक, गिरजापुरी वैराज से 1,28,600 क्यूसेक व सरयू वैराज से 12,512 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। एल्गिन ब्रिज पर घाघरा लाल निशान 106.07 के सापेक्ष 106.59 मीटर पर वह रही हैं। घूरदेवी स्पर पर लाल निशान 112.150 मीटर के सापेक्ष 112.200 मीटर रिकार्ड किया गया। जिलाधिकारी मोनिकारानी ने बताया कि डिस्चार्ज कम हुआ है। नदी सामान्य हो गई है। वाढ़ का खतरा टल गया है।





सुजौली में वाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देते थानाध्यक्ष हरीश सिंह व घाघराघाट वाढ़ चौकी पर नायव तहसीलदार पीपी गिरी • जागरण

**2,85,974** क्यूसेक पानी छोड़ा गया तीनों वैराजों से

**52** सेंटीमीटर ऊपर एल्गिन ब्रिज पर वह रही घाघरा नदी

**वाढ़ पीड़ितों को वांटी गई राहत सामग्री**

जरवलरोड: घाघराघाट वाढ़ चौकी पर तप्पेसिपाह, खासेपुर, रेतीहाता, जुमेरपुर, नासिरगंज के सैकड़ों वाढ़ पीडितों को राहत सामग्री/खाद्यान्न किट का वितरण किया गया। नायव तहसीलदार पीपी गिरी और थानाध्यक्ष जरवलरोड वृजराज प्रसाद ने खाद्यान्न किट का वितरण किया।

गिरी ने वताया कि घाघरा के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक सुरेश गुप्ता, लेखपाल पंकज कुमार, रूपेंद्र सिंह, पवन चौहान, वीर सिंह यादव, विपिन कुमार सिंह, ऋषिकेश, प्रदीप जयसवाल, राजनरायन, मुस्ताक, प्रमोद मिश्र उपस्थित रहे।

विछिया: जंगल गुलरिया गांव में लगभग 50 वाढ़ पीड़ितों को थानाध्यक्ष सुजौली हरीश सिंह ने लोगों को लइया, केला और विस्कुट वितरण किया। लोगों ने वाढ़ से वचने को लेकर वांध व घाघरा नदी की सफाई कराने की मांग रखी।

**जिले की नदियों का जलस्तर**

| नदी | वैराज | लाल निशान | जलस्तर |
|---|---|---|---|
| घाघरा | गिरजापुरी | 136.80 | 135.30 |
| घाघरा | एल्गिन ब्रिज | 106.07 | 106.59 |
| सरयू | गोपिया | 133.50 | 130.70 |
| शारदा | शारदा | 135.49 | 135.10 |
| घाघरा | घूरदेवी | 112.15 | 111.78 |

(जलस्तर मीटर में है)

# जुलूस में फलिस्तीन का झंडा फहराने पर केस दर्ज

**जरवलरोड(बहराइच)।** जरवल कस्बा में सोमवार को बारावफात का जुलूस निकाला गया था। जुलूस में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फलिस्तीन का झंडा हाथ में लेकर उसे फहराया था। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस ने इसी वीडियो का संज्ञान लेते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस ने बताया कि कई युवा हाथ में फलिस्तीन का झंडा लेकर लखनऊ मार्ग पर टहलते हुए निकले थे और नारे लगाए थे। थानाध्यक्ष बृज प्रसाद ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर मामले की जांच करवाई गई। उसी आधार पर अज्ञात लोगों के ऊपर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी। (संवाद)

# ऑपरेशन त्रिनेत्र से पुलिस को मिली कामयाबी, पकड़े गए अपराधी

**बहराइच।** ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। इससे पुलिस को अपराध को नियंत्रित करने व अपराधियों को पकड़ने में सफलता भी मिल रही है। त्रिनेत्र अभियान के तहत जिले में 15 हजार जगह चिह्नित किए गए हैं। अब तक नौ हजार कैमरे लगाए जा चुके हैं। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि कैमरे की मदद से 29 अगस्त की रात जरवल में बीसी संचालक से हुई लाखों रुपयों की लूट के मामले में आरोपियों को पकड़ा। दरगाह शरीफ में 29 जनवरी को टोल प्लाजा के पास हुई घटना, 14 फरवरी व 22 जून को हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में मदद मिली। 16 नवबंर, 2023 को नगर कोतवाली में दुष्कर्म की घटना के आरोपियों को पकड़ने में, हत्या का प्रयास, अपहरण, चोरी आदि घटनाओं में आरोपियों को पकड़ा गया। (संवाद)

# चार वांछित गिरफ्तार

**बहराइच।** मुर्तिहा कोतवाल अमितेंद्र सिंह ने बताया कि टेपरा निवासी रमेश, ओंकार, लालजी व गोबरे मारपीट के मुकदमे में वांछित थे और फरार चल रहे थे। जिन्हें मंगलवार की सुबह दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। (संवाद)

# मार्निंग वॉक को जा रही युवती को सांड़ ने पटककर मार डाला

## खैरीघाट इलाके के बहोरिकापुर में इमामगंज रोड का मामला, परिजनों में मचा कोहराम

**दुखद**



सांड़ के हमले में महिला की मौत के बाद मौजूद परिजन व पुलिस

बहराइच, संवाददाता। खैरीघाट इलाके के बहोरिकापुर में इमामगंज रोड पर रोजाना की तरह भोर में युवती टहलने निकली थी। रास्ते में एक आक्रामक सांड़ ने उस पर हमला कर दिया। उसकी चीख सुनकर जब तक लोग दौड़े, तब तक सांड़ के हमले में वह मरणासन्न हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद सांड़ को खदेड़ा गया। गंभीरावस्था में पीड़िता को स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया।

खैरीघाट थाने के बहोरिकपुर गांव निवासिनी 35 वर्षीय कुसुमा देवी पत्नी राजेश पाल मंगलवार भोर में घर से रोज की तरह टहलने के लिए निकली थी। इमामगंज मार्ग पर उस पर एक सांड़ ने पीछे से हमला कर उसे सींग से उठाकर दूर फेंक दिया।

वह संभल पाती उससे पहले ही सांड़ ने उन्हें पटक- पटक कर मरणासन्न कर दिया। जब तक ग्रामीण चीख पर पहुंचते तब तक उनकी हालत काफी गंभीर हो गई। लाठी डंडे से लैस ग्रामीणों ने दौड़कर कड़ी मशक्कत से सांड़ को खदेड़ दिया। घायल युवती को गंभीरावस्था में नानपारा सीएचसी ले जाने पर चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटनास्थल पर काफी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी।

### दो बच्चों के सिर से छिन गया मां का साया

बहराइच। सांड़ के हमले में असामयिक मौत की शिकार हुई कुसुमा के परिजनों पर वज्रपात हो गया है। उसकी 18 वर्षीय बेटी जस्मीन, 13 वर्षीय बेटा समद रो रोकर बेहाल है। यह परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर है। इस हादसे से गांव में मातमी सन्नाटा छा गया है। वहीं लावारिस मवेशियों के हमले से हो रही घटनाओं, वाहनों से मवेशियों के टकराने से दुर्घटनाओं पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। वहीं नानपारा के कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह का कहना है कि लावारिश मवेशी के हमले में युवती की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

हिन्दु

# दहेज हत्या में आरोपित को गिरफ्तार किया गया

पयागपुर। थाने के इमलियागंज के इश्रीपुरवा में शुक्रवार को विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौतहुई थी। इस पर विवाहिता के चाचा थाना कौड़िया जिला गोंडा के परसिया निवासी रघुराज ने मृतका के पति सहित चार लोगों पर हत्या कर शव लटकाने की नामजद तहरीर दी थी। पुलिस ने केस दर्ज किया था। उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार, मुख्य आरक्षी समीर पाण्डेय व आरक्षी रूपेश कुमार ने आरोपी गुलशन कुमार पुत्र मिंतराम को सोमवार को बबया पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि आरोपी को न्यायालय रवाना किया गया है।

हिन्दुस्त

# नारे लगाने पर एफआईआर

बहराइच, संवाददाता। जरवल कस्बा में सोमवार दोपहर जलूस ए मोहम्मदी के दौरान फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे, फिलस्तीनी झंडा फहराते हुए युवकों का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसपी वृंदा शुक्ला ने इस पर संज्ञान लिया। मंगलवार शाम को इस मामले में थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। विवेचना उपनिरीक्षक राना राज सिंह को सौंपी गई है।

लखनऊ -बहराइच हाईवे जरवलरोड थाने के जरवल चौकी के निकट सोमवार दोपहर ईद ए मिलादुन्नबी पर जुलूस ए मोहम्मदी पहुंचा। तभी जुलूस में शामिल सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कुछ लोगों के नए फिलिस्तीन का झंडा फहराते हुए फिलिस्तीन जिंदाबाद का नारा लगाना शुरू कर दिया। वीडियो वायरल होते ही हिंदू संगठनों में उबाल आ गया। वीडियो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आते ही पुलिस हरकत में आ गई।

> वायरल वीडियो के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच चौकी प्रभारी राणा राज सिंह को सौंपी गई है।
>
> **बृजराज प्रसाद,** एसओ, जरवलरोड

# SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-18-09-2024

# धूमधाम से की भगवान विश्वकर्मा की पूजा

**जयंती**

**श्रावस्ती, टीम।** भगवान विश्वकर्मा की जयंती मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों व कारीगरों, पुलिस व एसएसबी के साथ ही लोगों ने घरों में विश्वकर्मा की पूजा की। वाहनों और अस्त्र शस्त्रों की पूजा की गई।



एसएसबी कार्यालय में पूजा पाठ करते एसएसबी कमांडेंट

एसएसबी कमांडेंट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी की अगुवाई में 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भिनगा में विश्वकर्मा पूजा पर्व धूमधाम से मनाया गया। विश्वकर्मा मंदिर परिसर में वाहनों और हथियारों की पारंपरिक पूजा-अर्चना की गई। वाहिनी के कमांडेंट ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वकर्मा पूजा हमारे लिए विशेष महत्व रखती है। क्योंकि यह हमें हमारे उपकरणों और संसाधनों की देखभाल और सम्मान करने की प्रेरणा देती है। यह पर्व हमारे कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को स्मरण कराने का भी एक अवसर है। इस मौके पर निरुपेश कुमार, पियूष सिन्हा, डॉ रश्मि बाजपेयी के साथ अन्य जवान और उनके परिवारजन मौजूद रहे।

इसी तरह से पुलिस लाइन परिवहन शाखा में भगवान विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना और आरती की। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी भिनगा संतोष कुमार, क्षेत्राधिकारी इकौना सतीश कुमार शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु आलोक कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

इकौना संवाद के अनुसार मां बागेश्वरी मंदिर परिसर नत्थापुरवा में भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर विधि विधान के साथ हवन पूजन भजन कीर्तन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष भास्कर नाथ विश्वकर्मा ने कहा कि मां बागेश्वरी मंदिर परिसर में विगत 16 वर्षों से भगवान विश्वकर्मा का अवतरण दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर डॉक्टर छैल बिहारी विश्वकर्मा, रामनरेश विश्वकर्मा, हीरामणि, विजेंद्र विश्वकर्मा, इंद्रजीत, बड़ेलाल, डॉक्टर अरविंद कुमार, ओमप्रकाश, तिलक राम, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा पूजा पर रही कार्यक्रमों की धूम, बांटा प्रसाद

**श्रावस्ती।** देवताओं के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती मंगलवार को मनाई गई। विश्वकर्मा समाज सहित कलपुर्जों और निर्माण कार्यों में लगे विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं और संगठनों ने पूजा कर प्रसाद वितरित किया। रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में एसपी घनश्याम चौरसिया ने हवन-पूजन किया। बिजली उपकेंद्र भिनगा में अधिशासी अभियंता अश्वनी चतुर्वेदी व एसडीओ नील मिश्रा द्वारा भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया। निरीक्षण भवन सहित गिलौला, जमुनहा व सिरसिया में लौह व लकड़ी की कारीगरी में लगे लोगों द्वारा भगवान विश्वकर्मा का पूजन कर प्रसाद वितरित किया गया। भिनगा नगर में विश्वकर्मा पूजा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्वर्णकार और विश्वकर्मा समाज के लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इकौना बस स्टेशन परिसर पर विश्वकर्मा युवा महासभा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिजली निगम की ओर से उपकेंद्र गिलौला, उल्लहवा, घोलिया, इकौना व सीताद्वार सहित कटरा में विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एसडीओ, जेई सहित कई अन्य निगम कर्मी मौजूद रहे। (संवाद)



भिनगा में संतोषी माता मंदिर के निकट पूजा करते विश्वकर्मा समाज के लोग। -संवाद

# धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती





इकौना क्षेत्र के बागेश्वरी मंदिर में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति पर अंगवस्त्र चढ़ाते श्रद्धालु व एसएसबी मुख्यालय भिनगा में भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते कमांडेंट आरके राजेश्वरी • जागरण

संसू, जागरण • श्रावस्ती: भगवान विश्वकर्मा की जयंती मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई। विधि-विधान से अक्षत, पुष्प, मिष्ठान अर्पित कर श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। कल-कारखानों, हथियारों, वाहनों व यंत्रों की भी पूजा हुई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरित किया। कई स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन हुआ।

इकौना क्षेत्र के बागेश्वरी मंदिर के परिसर में स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा विधायक रामफेरन पांडेय ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। प्रसाद वितरित किया। भास्कर नाथ विश्वकर्मा, डा. छैलबिहारी, रामनरेश, डा. अरविंद कुमार, ओम प्रकाश, तिलकराम, स्वामी नाथ, सूरज कुमार मौजूद रहे। भिनगा नगर के अशोक तिराहे के पास स्थित संतोषी माता मंदिर के पास भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनी। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष रामपदारथ विश्वकर्मा, वेंकट रमन, संतोष कुमार मौजूद रहे।

62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय भिनगा में कमांडेंट रवींद्र कुमार राजेश्वरी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। वाहिनी के विश्वकर्मा मंदिर परिसर में वाहनों और हथियारों की पारंपरिक पूजा-अर्चना की गई। भंडारे का आयोजन भी किया गया। कमांडेंट ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा हमारे लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह हमें हमारे उपकरणों और संसाधनों की देखभाल और सम्मान करने की प्रेरणा देती है। यह पर्व हमारे कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को स्मरण कराने का भी एक अवसर है। उप कमांडेंट निरुपेश कुमार, पीयूष सिन्हा, डा. रश्मि वाजपेयी मौजूद रहे। पुलिस लाइन परिवहन शाखा में विश्वकर्मा पूजा हुआ। एसपी घनश्याम चौरसिया ने विधि-विधान से पूजा की। एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ भिनगा संतोष कुमार, इकौना सतीश कुमार शर्मा, सीओ प्रशिक्षु आलोक कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार मौजूद रहे। विद्युत उपकेंद्र भिनगा, इकौना, कटरा, मल्हनगर, सीताद्वार व केवलपुर के लोहारनपुरवा व दत्तनगर गांव में भगवान विश्वकर्मा की पूजा हुई।



पुलिस लाइन परिवहन शाखा में भगवान विश्वकर्मा की आरती उतारते एसपी घनश्याम चौरसिया (दाएं) • जागरण



अस्पताल चौराहा स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर विश्वकर्मा पूजन करते अधिकारी व कर्मचारी • जागरण



बहराइच पुलिस लाइन में विश्वकर्मा पूजा करतीं एसपी वृंदा शुक्ला • जागरण

## भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

संसू, जागरण • कैसरगंज (बहराइच) : ग्राम पंचायत कड़सर बेटौरा में गिरधारी लाल विश्वकर्मा की प्रेरणा से मंदिर में भगवान विश्वकर्मा मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। हवन, पूजन के साथ साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा से हुई। इसके बाद हवन और पूजन हुआ। वरिष्ठ पुजारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कराया। वातावरण पूरी तरह से धार्मिक और भक्तिमय हो गया। भक्तों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा के बाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, भगवान दास सोनी ,पवन सिंह, राम सतीश वर्मा पूर्व प्रधान सहित भारी संख्या मे भक्त मौजूद रहे।

## उल्लास के साथ हवन-पूजन कर मनाई विश्वकर्मा जयंती

जासं • बहराइच: भगवान विश्वकर्मा की जयंती मंगलवार को उल्लास के साथ मनाया गया। औद्योगिक प्रतिष्ठानों, घरों व मंदिरों में लोगों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर प्रसाद वितरित किया। बिजली विभाग, पुलिस विभाग, रोडवेज सहित अन्य स्थानों पर भी पूजन-अर्चन किया गया। देवताओं के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा के मंदिर प्रांगण में उत्तर प्रदेश विश्वकर्मा महासभा के तत्वाधान में आगामी भगवान विश्वकर्मा के प्रकट उत्सव पर्व को वैदिक परंपरा के अनुसार मनाया गया। मंदिर के प्रबंध समिति के अध्यक्ष धर्मराज विश्वकर्मा ने अध्यक्षता एवं विपिन विश्वकर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। सृष्टिकर्ता भगवान विश्वकर्मा का पंचगांव स्नान दुग्ध स्नान वैदिक हवन एवं 1008 नाम से आहुतियां दी गई। इस मौके पर रामसमुझ विश्वकर्मा, कृपाराम विश्वकर्मा, विवेक विश्वकर्मा, रविंद विश्वकर्मा, केसरी विश्वकर्मा, सीएल विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, कैलाश विश्वकर्मा, रामसखूरे विश्वकर्मा शामिल रहे। एसके इंजीनियरिंग एंड एलाइड वर्क्स बहराइच में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर एमडी अशोक मातनहेलिया ने फैक्ट्री के निदेशक मंडल एवं कर्मचारियों संग पूजन किया। शहर के अस्पताल चौराहे पर स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर भी विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा का पूजन-अर्चन किया गया।

# बैंकों की जांची सुरक्षा

श्रावस्ती : थाना, पुलिस चौकी व हल्का प्रभारियों ने मंगलवार को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंक, एटीएम व ग्राहक सेवा केंद्रों के आसपास सघन चेकिंग की। ग्राहकों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। साइबर अपराध से बचने की जानकारी दी। (वि.)

**आस्था** | गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ.. के मनमोहक गीतों के बीच प्रतिमाओं को धूमधाम विसर्जित किया

# जयकारों संग गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

**गिरंटबाजार, रतनापुर, संवाददाता।** गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ.. के मनमोहक गीतों के बीच मंगलवार को गणपति बप्पा की प्रतिमाओं को धूमधाम विसर्जित किया गया। प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश के भक्ति भाव में भक्त सराबोर नजर आए। इस मौके पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान बप्पा के जयघोष से सड़कें गुंजायमान होती रही। हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र में टोड़ी समय माता मंदिर, गावट माता मंदिर केवटनपुरवा, गबड्डू बाबा स्थान बरगदही, समय माता मंदिर जयपत्तपुरवा, गौसपुर व सोनवा के नासिरगंज में पंडालों में स्थापित



भिठिया चिचड़ी में गणपति विसर्जन को जाते लोग

भगवान गणेश की पूजा अर्चना व आरती के बाद मंगलवार दोपहर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को यात्रा डीजे पर भजनों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान अबीर गुलाल उड़ाते नाचते-गाते भक्तों के जयकारों से पूरा इलाका भगवान गणेश की भक्ति में सरोबार हो गया। अबीर गुलाल की बौछार कर श्रद्धालु गणेश आरती करते और भजनों पर थिरकते आगे बढ़ते रहे। बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे भी शामिल हुए। विसर्जन यात्रा देर रात बाबा जंगल दास कुट्टी पहुंचा। जहां भाकला नदी में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इसी तरह सोनवा थाना क्षेत्र के चिचड़ी चौराहे पर भी पंडाल में गणेश प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही थी। मंगलवार को आयोजन समिति की ओर से प्रतिमा का शोभायात्रा निकाली गई। प्रमुख मार्गों से होते हुए विसर्जन यात्रा तुलसीपुर पहुंची जहां देर शाम को सरयू नहर में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस टीम तैनात रही।

# शांतिभंग की आशंका में सात गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने सोमवार रात अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से सात लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई की गई है। (संवाद)

# सात वाहनों का हुआ चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार को वाहन की जांच का अभियान चलाया। विभिन्न बैरियर पर जांच के दौरान पुलिस ने सात वाहनों का ई चालान किया। साथ ही पुलिस ने 22,500 रुपये जुर्माना भी किया। (संवाद)

# गणपति बप्पा मोरया की धुन पर झूमे भक्त



**तुलसीपुरर में प्रतिमा विसर्जन के लिए निकली शोभायात्रा।** -संवाद

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** श्री गणेश प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही मंगलवार को महोत्सव का समापन हुआ। भक्त भक्ति धुन पर झूमते दिखे। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना का संकल्प ले उन्हें जलाधिवास कराया। सोनवा थाना क्षेत्र के तुलसीपुर स्थिति ब्रह्मदेव स्थान पर चल रहे श्री गणेश पूजा महोत्सव के अंतिम दिन गाजे बाजे संग गौरी सुत गजानन की शोभायात्रा निकाली गई। महिला, पुरुष और बच्चे फुलवरिया शाहपुर, गौसपुर, ददौरा आदि गांवों की गणेश प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ सोनवा के अडराई गांव लाया गया। यहां पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सरयू मुख्य नहर खंड नानपारा में गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना का संकल्प ले उन्हें जलाधिवास कराया। (संवाद)